आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 09:39 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 1 अक्टूबर 2024

वर्ष 5, अंक 316, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आसमान में चमक बिखेरने लगा है धूमकेतु-ए 3 16

27,000 रन पूरे करने वाले चौथे बल्लेबाज बने विराट 15

## एक नजर

### मदुरै के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**मदुरै (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु में सोमवार को नारिमेदु स्थित केंद्रीय विद्यालय सहित कुछ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। धमकी के बाद से अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन में दहशत फैल गई और प्रबंधन को बच्चों को जल्दी घर भेजने पर मजबूर होना पड़ा। बम तलाशी एवं निरोधक दस्ते सहित पुलिस की टीमें केंद्रीय विद्यालय और तीन अन्य स्कूलों में पहुंचीं तथा गहन जांच की। जांच में बम की धमकी अफवाह प्रतीत हुई।

### झारखंड में परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अक्टूबर को झारखंड के हजारीबाग का दौरा करेंगे और इस दौरान धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत करने के अलावा 83,300 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

### महाराष्ट्र में आया 4.2 तीव्रता का भूकंप

**नागपुर।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में सोमवार की दोपहर 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने यह जानकारी दी। अमरावती के स्थानिक उपजिलाधिकारी अनिल भटकर ने कहा कि किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान की कोई खबर नहीं है। एनसीएस ने कहा कि भूकंप जिले के चिखलधारा तालुका के टेटू गांव में दोपहर बाद 1.37 बजे आया। भूकंप का केन्द्र 13 किलोमीटर की गहराई पर था।

### केरल के मंत्री ने वक्फ बिल को लेकर जताई चिंता

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के वक्फ एवं हज तीर्थयात्रा मंत्री वी अब्दुर्रहीमान ने चेन्नई में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल के साथ एक बैठक के दौरान वक्फ संशोधन विधेयक पर आपत्तियां और चिंताएं जताई हैं। केरल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन एम के साकिर भी बैठक में मौजूद थे। मंत्री ने इससे पहले केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू को चिंताओं से अवगत कराया था। केरल में लगभग 12,000 पंजीकृत वक्फ संपत्तियां हैं, तथा उतनी ही गैर पंजीकृत संपत्तियां भी हैं।

# मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी



- 8 अक्टूबर को दिया जाएगा 74 वर्षीय अभिनेता को सम्मान

हिंदी सिनेमा में डिस्को डांस को लोकप्रिय बनाने वाले तथा मृगया, सुरक्षा, डिस्को डांसर और डांस-डांस जैसी फिल्मों के मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सरकार ने सोमवार को उन्हें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार देने की घोषणा की। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'एक्स' पर यह घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चुने जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें एक सांस्कृतिक दूत बताया। चक्रवर्ती (74) ने कहा कि जब उन्हें यह खबर मिली तो उनके दिमाग में भोजन और सिर छुपाने के शुरुआती संघर्ष के दिनों सहित जीवन की अब तक की तमाम यादें ताजा हो गईं। चक्रवर्ती को यह पुरस्कार आठ अक्टूबर, 2024 को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दिया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर में अंतिम चरण का मतदान आज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को 40 विधानसभा क्षेत्रों में अंतिम चरण में मतदान होगा, जिनमें कश्मीर के 16 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। ये क्षेत्र कुपवाड़ा, बारामूला और बांदीपुरा के तीन जिलों में फैले हैं। उत्तरी कश्मीर के डीआईजी मकसूद-उल-जमान ने कहा कि मंगलवार को तीसरे और अंतिम चरण के मतदान के लिए तीन सीमावर्ती जिलों में विभिन्न सुरक्षा बलों की 400 कंपनियां तैनात की गई हैं। यह तैनाती सेना और बीएसएफ सहित उन बलों के अतिरिक्त है जो एलओसी पर निरंतर निगरानी बनाए हुए हैं।

# महाराष्ट्र में देशी गाय को राज्यमाता का दर्जा

**शिंदे सरकार ने प्राचीन परंपरा का हवाला देते हुए जारी किया आदेश**

मुंबई, एजेंसी



**राज्य में देशी नस्ल की बढ़ाई जाएगी संख्या**

राज्य के विभिन्न हिस्सों में गायों की अलग-अलग देशी नस्लें पाई जाती हैं, लेकिन दिन-ब-दिन देशी गायों की संख्या में भारी कमी आ रही है। देशी गायों के दूध में मानव आहार में अधिक पोषण मूल्य होता है। देशी गायों का दूध एक संपूर्ण आहार है, क्योंकि इसमें मानव शरीर के पोषण के लिए महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं।

**गाय पालन के लिए सब्सिडी योजना भी लागू**

रिपोर्टों के अनुसार महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने देशी गायों के पालन के लिए 50 रुपये प्रतिदिन की सब्सिडी योजना लागू करने का निर्णय लिया है क्योंकि राज्य में गोशालाएं अपनी कम आय के कारण इसका खर्च वहन नहीं कर सकती थीं इसलिए उन्हें मजबूत बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार को भारत में गायों के सांस्कृतिक महत्व और उसकी परंपराओं का हवाला देते हुए गाय को ''राज्य माता'' घोषित करने का आदेश जारी किया। आधिकारिक आदेश में महायुति सरकार ने कहा कि गाय भारतीय परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है और प्राचीन काल से ही इसका आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और सैन्य महत्व रहा है।

आधिकारिक अधिसूचना में शिंदे सरकार ने कहा कि प्राचीन काल से ही गायों का मानव जीवन में एक अनूठा महत्व रहा है। वैदिक काल से गायों के धार्मिक, वैज्ञानिक और आर्थिक महत्व को देखते हुए उन्हें कामधेनु कहा जाता है।

# भगवान को तो सियासत से दूर रखें

**तिरुपति लड्डू विवाद** सुप्रीम कोर्ट ने जांच के बिना चंद्रबाबू के बयान पर जताई नाराजगी

नई दिल्ली, एजेंसी



- अदालत ने कहा-जांच लंबित होने तक बयान देना उचित नहीं था
- लड्डू बनाने में दूषित घी के इस्तेमाल के नहीं थे ठोस सबूत

**दुनियाभर के भक्तों की भावनाएं आहत हुईं**

सुब्रमण्यम स्वामी के वकील ने कहा कि वह इससे चिंतित हैं कि मुख्यमंत्री ने किस आधार पर स्पष्ट बयान दिया है, क्योंकि इससे देवता के प्रति सम्मान कम हुआ और दुनिया भर के भक्तों की भावनाएं आहत हुई हैं। अधिवक्ता लूथरा और रोहतगी ने स्वामी पर टीटीडी के पूर्व अध्यक्ष वाई वी सुब्बा रेड्डी के पक्ष में बोलने का आरोप लगाया। रेड्डी ने घी के स्रोत और गुणवत्ता पर विस्तृत फॉरेंसिक रिपोर्ट तथा भक्तों की भावनाओं की रक्षा के लिए मुद्दे को प्रचारित करने पर अस्थायी रोक लगाने को अलग से याचिका दायर की है।

**दूषित घी का प्रयोग अस्वीकार्य, जांच होनी चाहिए कि कौन है जिम्मेदार**

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह आस्था का मामला है और यदि दूषित घी का उपयोग किया गया है तो यह अस्वीकार्य है। इसकी जांच की जानी चाहिए कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। शीर्ष अदालत ने तीन अक्टूबर को अगली सुनवाई पर सॉलिसिटर जनरल से जवाब मांगा है। नायडू ने दावा किया था कि राज्य में पिछली वाई एस जगनमोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान तिरुपति के लड्डू बनाने में पशु वसा का उपयोग किया गया था, जिससे बड़ा विवाद शुरू हो गया।

उच्चतम न्यायालय ने ''तिरुपति लड्डू'' विवाद मामले में मुकदमा दर्ज होने और विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का आदेश देने से पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की ओर से प्रसाद में कथित तौर पर दूषित घी के इस्तेमाल के बारे में बयान देने पर सोमवार को नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उसे उम्मीद है कि देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाएगा।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि 18 सितंबर को प्रेस के सामने बयान देने का औचित्य क्या था? इस बात का कोई ठोस सबूत नहीं था कि लड्डू बनाने में वास्तव में दूषित घी का इस्तेमाल किया गया था। पांच आपूर्तिकर्ता थे। जिनमें से केवल एक की आपूर्ति दूषित पाई गई। पीठ ने यह भी पूछा कि क्या सभी आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त घी को इस्तेमाल से पहले मिलाया गया था। पीठ ने कहा कि हमारा प्रथम दृष्टया मानना है कि जब जांच लंबित थी तो सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए बयान देना उचित नहीं था। शीर्ष अदालत भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी, इतिहासकार डॉ. विक्रम संपत, सुदर्शन टीवी चैनल के संपादक सुरेश चव्हाण और एक अन्य व्यक्ति के द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से यह निर्देश लेने को कहा कि क्या राज्य सरकार द्वारा गठित वर्तमान एसआईटी को ही जारी रहने दिया जाना चाहिए या कोई अन्य एसआईटी गठित की जानी चाहिए। आंध्र प्रदेश सरकार और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) बोर्ड की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और सिद्धार्थ लूथरा ने मुख्यमंत्री के 18 सितंबर को दिए गए बयान का बचाव करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि चूंकि आपूर्ति (घी की) मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई थी, इसलिए इसे परीक्षण के लिए आनंद में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की प्रयोगशाला में भेजा गया था। जांच की रिपोर्ट आने के बाद मिलावट संबंधी जानकारी सामने आई।

## केजरीवाल-आतिशी के खिलाफ कार्यवाही पर लगी रोक

**मानहानि मामला**





**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मानहानि के एक मामले को रद करने से इनकार किए जाने संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी एक याचिका पर सोमवार को दिल्ली सरकार तथा भाजपा नेता राजीव बब्बर से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने इस विषय में नोटिस जारी किया और निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी।

आतिशी और केजरीवाल की ओर से शीर्ष अदालत में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने दलील दी कि मानहानि मामला भाजपा की दिल्ली इकाई के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में बब्बर द्वारा दायर किया गया है।

# डेढ़ गुना बढ़ा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का वर्दी भत्ता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो लाख कर्मियों और एक लाख वाहन चालकों को मिली राहत
- मुख्य सचिव समिति की सिफारिश पर राज्यपाल ने दी स्वीकृति

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने सभी राजकीय विभागों समेत सचिवालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मियों और वाहन चालक संवर्ग के वर्दी भत्ता में डेढ़ गुना की बढ़ोत्तरी की है। मुख्य सचिव समिति की सिफारिश को राज्यपाल ने मंजूरी दी है। पांच साल बाद भत्ता बढ़ने से करीब दो लाख कर्मियों और एक लाख वाहन चालकों को राहत मिली है।

वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने सोमवार को सचिवालय प्रशासन समेत अलग-अलग प्रमुख सचिवों को बढ़ोत्तरी से संबंधी शासनादेश भेजा है। चतुर्थ श्रेणी में दफ्तरी, जमादार, चपरासी, चौकीदार और सफाईकर्मी शामिल हैं। सभी विभागों के चतुर्थ श्रेणी व वाहन चालक संवर्ग के लिए वर्दी, वर्दी नवीनीकरण, धुलाई भत्ता और सिली वर्दी लेने के लिए तय रकम में अलग-अलग वृद्धि की गई है। वर्दी नवीनीकरण की समय सीमा भी घटा दी गई है। वर्दी धुलाई की दरें 40 से बढ़ाकर 90 रुपये की गई है। चालकों के लिए हर दो साल में एक जोड़ी जूता-मोजा और पांच साल में एक छाता भी मिलेगा।

**चतुर्थ श्रेणी कर्मी व चालक के लिए वर्दी की दरें**

| वर्दी | भत्ता | नई संस्तुति |
|---|---|---|
| ग्रीष्मकालीन | 680 | 1020 |
| शीतकालीन | 1310 | 1965 |
| जूता | 164 | 246 |
| कंबल | 200 | 300 |
| छाता | 96 | 144 |
| रेनकोट (5 वर्ष पर) | 500 | 750 |

(नोट : सभी आंकड़े रुपये में)

**बगैर वर्दी ड्यूटी आने पर होगी कार्रवाई**

एसीएस दीपक कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिन कर्मचारियों को वर्दी अथवा वर्दी भत्ता दिया जा रहा है, उन्हें ड्यूटी पर वर्दी पहनना अनिवार्य होगा। वर्दी न पहनने पर संबंधित पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

# हिंदू बनकर शादी करने वाले को मिली उम्रकैद पिता को 2 वर्ष की जेल

विधि संवाददाता, बरेली

**लव जेहाद**

- स्पेशल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सुनाई सजा, भोजीपुरा का निवासी है मो. आलिम
- कंप्यूटर कोचिंग के दौरान हुई थी मुलाकात, बांधता था कलावा, युवती को बताया था गलत नाम

> अवैध धर्मांतरण के प्रकरण को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। अवैध धर्मांतरण देश की एकता-अखंडता एवं संप्रभुता के लिए बड़ा खतरा है। - **रवि कुमार दिवाकर** स्पेशल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट, बरेली।

**अमृत विचार :** पहचान छिपाकर हिंदू युवती से शादी और धर्मांतरण के प्रयास के आरोपी थाना भोजीपुरा के भैरपुरा जादौपुर निवासी मो. आलिम को दोषी पाते हुए स्पेशल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट रवि कुमार दिवाकर ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया है। आलिम के पिता साबिर उर्फ रफीक अहमद को पीड़िता को अपमानित करने के जुर्म में दो वर्ष की कैद दी है।

सरकारी वकील दिगम्बर पटेल ने बताया कि पीड़िता ने थाना देवरनियां में तहरीर दी थी कि वह राजेन्द्र नगर, बरेली में कंप्यूटर कोचिंग करने जाती थी। भैरपुरा जादौपुर से आनंद नाम का लड़का कोचिंग में आता था। हाथ में कलावा भी बांधता था। एक दिन उसने शादी करने की बात कही तो वह बहकावे में आ गई, आरोपी उसे 13 मार्च 2022 को बाईपास रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर में ले गया और वहां उसकी मांग में सिंदूर भर दिया। उसके बाद वह उसे रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पास दोस्त तालिम के कमरे पर ले गया और वहां शारीरिक संबंध बनाने के साथ ही अश्लील वीडियो बनाई, फोटो भी लिए। फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 100 फुटा स्थित एक होटल में कई बार शारीरिक संबंध बनाए। इसी बीच वह गर्भवती हो गई। एक दिन वह उसके घर जादौपुर गई, तब पता चला कि उसका सही नाम मो. आलिम है, उस समय उसके घर पर पिता साबिर, भाई बाजिद, नाजिम, बहन शिफा और मां मौजूद थी। इन लोगों ने कहा कि पहले इसका गर्भपात करा दो, फिर धर्म परिवर्तन करके इससे निकाह कर लो। कार्रवाई करने की बात पर उन लोगों ने गाली-गलौज और मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी और घर से निकाल दिया। 11 मई 2023 को आलिम ने हाफिजगंज स्थित नर्सिंग होम में उसका जबरन गर्भपात करा दिया। पुलिस ने आलिम और उसके परिजनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट भेजी।

# प्रदेश के 4000 क्रय केंद्रों पर आज से होगी धान की खरीद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, आगरा, अलीगढ़, झांसी और लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जिलों में धान की खरीद मंगलवार से शुरू हो जाएगी। किसानों से धान खरीद को लेकर 31 जनवरी तक चलने वाली इस प्रक्रिया के लिए राज्य सरकार ने 4000 क्रय केंद्र बनाए हैं।

धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 व धान ग्रेड ए का 2320 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। किसानों को धान की उतराई, छनाई व सफाई के मद में 20 रुपये प्रति कुंतल की दर से प्रतिपूर्ति की जाएगी। मुख्यमंत्री ने क्रय केंद्रों पर धान बेचने वाले किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान कराने का निर्देश दिया है। खाद्य-रसद विभाग की ओर से धान खरीद के लिए पहली सितंबर से पंजीकरण शुरू हो गया था। 30 दिनों में अब तक लगभग 32 हजार किसानों ने पंजीकरण कराया है। कृषि विभाग के मुताबिक, खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान से आच्छादित क्षेत्रफल 61.24 लाख हेक्टेयर है। इस वर्ष धान का उत्पादन 265.54 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है। औसत उत्पादन लगभग 43.36 कुंतल प्रति हेक्टेयर अनुमानित है।

## डीयू के 12 कॉलेजों के विशेष ऑडिट का आदेश

- वित्तीय अनियमितता का मामला

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 12 कॉलेजों की विशेष लेखापरीक्षा शुरू की है। मुख्यमंत्री आतिशी ने इसकी स्वीकृति दे दी है। डीयू के यह कॉलेज दिल्ली सरकार द्वारा पूर्ण रूप से वित्त पोषित हैं। एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद लेखापरीक्षा निदेशालय ने विशेष ऑडिट करने के लिए आठ सदस्यीय टीम का गठन किया है। पिछले सप्ताह जारी एक आदेश में ऑडिट विभाग ने उच्च शिक्षा निदेशालय के सचिव को निर्देश दिया कि वे कॉलेजों को निर्देश दें कि वे सभी आवश्यक रिकॉर्ड ऑडिट टीम को उपलब्ध कराएं। एक आधिकारिक आदेश में 27 सितंबर को कहा गया कि मुझे दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध 12 कॉलेजों से संबंधित मुद्दों की जांच पर विशेष ऑडिट आयोजित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी देने का निर्देश दिया गया है। उच्च स्तरीय समिति की स्थिति रिपोर्ट के आधार पर यह फैसला लिया गया है।

# अयोध्या गैंगरेप : पीड़िता के भ्रूण से मोईद का डीएनए मैच नहीं हुआ

विधि संवाददाता, लखनऊ

- मामले में दूसरे अभियुक्त राजू की डीएनए रिपोर्ट आई पॉजीटिव, 3 को होगी सुनवाई

**अमृत विचार :** अयोध्या दुष्कर्म मामले में पीड़िता के भ्रूण की डीएनए रिपोर्ट आ गई है। जो मुख्य अभियुक्त और सपा नेता मोईद अहमद के डीएनए से मेल नहीं खा रही है। सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में मामले की सुनवाई के दौरान उक्त डीएनए रिपोर्ट राज्य सरकार की ओर से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई। हालांकि मामले की सुनवाई नहीं हो सकी, न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए 3 अक्टूबर तिथि नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने अभियुक्त मोईद अहमद की जमानत याचिका पर पारित किया। पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला को एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। अभियुक्त के अधिवक्ता ने बताया कि आदेश के अनुपालन में प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में दूसरे अभियुक्त राजू से डीएनए मेल खाने की बात तो कही गई है लेकिन मोईद अहमद से नहीं। मोईद की ओर से दलील दी गई कि वह 71 वर्ष का वृद्ध है और मामले में उसे राजनीतिक कारणों से फंसाया गया है। वहीं राज्य सरकार का कहना है कि मामला बहुत ही गंभीर प्रकृति का है, पीड़िता नाबालिग है जिसके साथ दुराचार का आरोप अभियुक्त व उसके नौकर पर है। पीड़िता गर्भवती भी हो गई थी, गर्भपात के पश्चात डीएनए जांच के लिए सैंपल भेजा गया था।

## वायुसेना के नए प्रमुख ने संभाला कार्यभार

**नई दिल्ली।** एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी के सोमवार को सेवानिवृत होने पर एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने वायु सेना के नए प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने वायु सेना प्रमुख के रूप में तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर वायु सेना मुख्यालय में एयर चीफ मार्शल सिंह को वायु सेना की कमान सौंपी। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एयर चीफ मार्शल सिंह फरवरी 2023 से वायु सेना उप प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

**निष्क्रिय उपभोक्ता** खाद्य एवं रसद विभाग ने एनआईसी को दिए निर्देश, रद भी किये जा सकते हैं कार्ड

# पांच माह से नहीं लिया राशन, होल्ड हुए 6 .75 लाख कार्ड

राजीव शुक्ला, लखनऊ



**प्रदेश के कार्डधारकों की स्थिति**

| | |
|---|---|
| पात्र गृहस्थी कार्डधारक- | 3,18,28,499 |
| अंत्योदय श्रेणी के कार्डधारक- | 40,89,480 |
| इतने कार्ड पर नहीं उठा राशन - | 6,75,753 |

**अमृत विचार :** सरकार की ओर से पात्र गृहस्थी के राशन कार्ड धारकों को हर माह प्रति कार्ड प्रति यूनिट 5 किलोग्राम राशन मुफ्त दिया जाता है। प्रदेश में 6 लाख 75 हजार ऐसे पात्र गृहस्थी श्रेणी के राशन कार्ड धारक हैं, जो पिछले करीब पांच माह से सरकारी राशन नहीं ले रहे हैं। खाद्य एवं रसद विभाग ने लंबे समय से निष्क्रिय इन राशन कार्डों को होल्ड पर रख दिया है। आशय यह है कि इन कार्ड का उपयोग फिलहाल धारक राशन लेने में तत्काल नहीं कर सकेंगे। इसे लेकर एनआईसी को निर्देश दे दिए गए हैं। अगर किसी जरूरत के तहत होल्ड किए गए ये कार्ड धारक आते हैं तो उसे इस व्यवस्था से मुक्त भी किया जाएगा। इसके लिए डीएसओ को अधिकृत किया जा रहा है। मंशा है कि इन कार्ड का दुरुपयोग न हो सके और नए जरूरतमंदों को जोड़ा जा सके।

वर्तमान में दो श्रेणी के राशन कार्ड सरकार की ओर से मान्य हैं। पात्र गृहस्थी कार्डधारकों की संख्या प्रदेश में 3,18,28,499 है। इन्हें वर्तमान में प्रति कार्ड प्रति यूनिट 5 किलोग्राम राशन मुफ्त दिया जा रहा है। जबकि अंत्योदय श्रेणी के कार्ड धारकों की संख्या 40,89,480 है और इन्हें प्रति कार्ड 35 किलोग्राम के हिसाब से मुफ्त राशन दिया जाता है। पिछले दिनों प्रदेश के नॉन-ट्रांजेक्टेड राशन कार्डों की समीक्षा में खुलासा हुआ कि यूपी में 6,75,753 पात्र गृहस्थी श्रेणी के राशन कार्ड ऐसे हैं, जिन पर पांच महीनों से (अप्रैल 24 से अगस्त 24 तक) राशन का उठान नहीं हुआ है। कार्डधारकों ने नेशनल पोर्टेबिलिटी व्यवस्था के तहत किसी दूसरे राज्य की दुकान से भी मुफ्त राशन नहीं लिया। इससे स्पष्ट होता है कि इन कार्ड धारकों को मुफ्त राशन की जरूरत नहीं है।

**पात्र के बनाए जाएं कार्ड**

अपर आयुक्त खाद्य प्रभाष कुमार ने एनआईसी के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक राजीव रस्तोगी को पत्र लिख कर निष्क्रिय इन 6,74,753 राशन कार्डों को होल्ड करने को कहा है। साथ ही निष्क्रिय कार्डों को होल्ड पर डालने के बाद राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत उनकी जिलावार रिक्तियां सृजित करने को कहा है, ताकि उनके स्थान पर दूसरे पात्र लोगों के नए कार्ड बनाए जा सकें।

# भव्य शोभायात्रा के साथ नगर रामलीला का शंखनाद

## कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने श्रीराम दरबार का पूजन और आरती कर लिया आशीष

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


पदाधिकारियों के साथ प्रभु राम का रथ खींचते कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना।


शोभायात्रा में शामिल वनवासी राम-लखन की झांकी। ● अमृत विचार


हवन-पूजन के साथ राम लीला मेले का आरंभ करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना व मौजूद समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** श्री रामलीला समिति के तत्वावधान में सोमवार को नगर में भव्य श्री गणेश शोभायात्रा निकाली गई। इसी के साथ नगर रामलीला का शंखनाद हो गया। शोभायात्रा भोलागंज (केरूगंज) स्थित श्री नृसिंह मंदिर से पारंपरिक ढंग से शुरू हुई। समिति के संरक्षक वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने समिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ प्रभु श्रीराम, जानकी, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान जी का पूजन और आरती कर आशीष लिया। इसके बाद उन्होंने श्रीराम दरबार का रथ खींचकर शोभायात्रा को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। मंगलवार से नित्य रात आठ बजे से रामलीला का मंचन किया जाएगा।

भोलागंज से शुरू हुई शोभायात्रा चारखंभा, चौक होते हुए गुदड़ी बाजार पहुंची, जहां परंपरागत ढंग से अनुराग खन्ना के प्रतिष्ठान पर चौकी पूजन हुआ और आरती एवं प्रसाद वितरण के बाद शोभायात्रा फिर गंतव्य की ओर चल पड़ी। गुदड़ी बाजार में सुरेंद्र सिंह सेठ, राज नारायण गुप्ता, प्रमोद कपूर, नितेश मोहन टंडन आदि ने आरती की। शोभायात्रा में श्री गणेश जी, शंकर-पार्वती, मां दुर्गा, मां सरस्वती, लक्ष्मी-नारायण, वरुण देव, राधा-कृष्ण समेत तमाम देव स्वरूपों की सजीव झांकियां रथों पर सुसज्जित की गईं। देव स्वरूपों के दर्शन करने और स्वागत करने को मानों पूरा नगर ही उमड़ पड़ा हो। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा के बीच आरती कर अपने आराध्य श्रीराम-सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान जी को भोग लगाया। हाथी, घोड़े, बैंड, ढोल-नगाड़ा के साथ डीजे पर बज रहे धार्मिक गीतों की मधुर धुन पर थिरकते और नाचते-

- वित्त मंत्री ने मेला समिति के पदाधिकारियों के साथ श्री राम का रथ खींचकर रवाना की शोभायात्रा
- महानगर में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा और आरती कर देव स्वरूपों को लगाया भोग
- खिरनीबाग रामलीला मंच पर हवन पूजन के साथ की गई गणेश स्थापना, रामलीला का मंचन आज से

झूमते लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। शोभायात्रा कच्चा कटरा मोड़, मालखाना मोड़, घंटाघर, मशीनरी मार्केट, बहादुरगंज, सदर बाजार होते हुए रामलीला मैदान खिरनी बाग पहुंची। मंच पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने रामलीला समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश सिंघल, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, मेला सचिव नरेंद्र मिश्रा (गुरु), मेला प्रबंधक नीरज बाजपेई, चंद्रशेखर खन्ना उर्फ धीरु, राम मोहन वर्मा समेत अन्य सदस्यों के साथ हवन पूजन कर श्री गणेश जी की विधि-विधान से स्थापना की।

### शोभायात्रा में इन लोगों का रहा सहयोग

गणेश शोभायात्रा में महापौर अर्चना वर्मा, ब्लॉक प्रमुख राजाराम वर्मा, श्रीदत्त शुक्ला, हितेश अग्रवाल, ऋषि कपूर, कुणाल अग्रवाल, विमल कुमार सिंह, वेद प्रकाश मौर्य, सुरेंद्रनाथ वाल्मीकि, सचिन बाथम, जितेंद्र वर्मा, राज नारायण गुप्ता, अनूप गुप्ता, अंशुल गुप्ता, विजय तुली, अंशुमन अग्रवाल, कुलदीप गुप्ता, अनिल कुमार खन्ना, राजीव कपूर, जगजीत सिंह माटा, नारायण दास अग्रवाल, नितेश गुप्ता, मनीष खन्ना, अवधेश दीक्षित, दिव्यांग सिंघल, रोमी आनंद, ओपी वर्मा, विजय कुमार, दीपक शर्मा, खेमकरन लाल, श्याम बाबू दीक्षित, आशीष शुक्ला, अवधेश कुमार, राहुल खन्ना, सत्यम शर्मा, आशीष वर्मा आदि का सहयोग रहा।


शोभायात्रा में शामिल मां सरस्वती की झांकी। ● अमृत विचार


आकर्षण का केंद्र रहे गजराज। ● अमृत विचार

## एक नजर

### दुर्गा पूजा और दशहरा के उपलक्ष्य में होंगे विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नटराज कल्चरल वेलफेयर सोसाइटी की एक बैठक सोमवार को विसरात रोड स्थित एक होटल में हुई। जिसमें दुर्गा पूजा व दशहरा पर होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।


संस्था अध्यक्ष अशोक कुमार भारद्वाज ने बताया कि दुर्गा पूजा व दशहरा के उपलक्ष्य में शहर में तीसरी बार गरबा महोत्सव-3 कार्यक्रम का आयोजन 17 अक्टूबर को खां साहब की बगिया रोशनगंज में शाम छह बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में ओपन गरबा डांस, मिस एंड मिसेज गरबा ऑफ शाहजहांपुर और ब्राइडल मेकअप कंपटीशन का आयोजन भी किया जाएगा। संस्था के सचिव उद्योग व्यापार मंडल के मीडिया प्रभारी मोहम्मद रफी ने बताया कि प्राइड ऑफ यूपी सीजन 2 कार्यक्रम का आयोजन 27 अक्टूबर को गांधी भवन टाउन हॉल में कराया जाएगा। जिसमे डांसिंग, सिंगिंग, मॉडलिंग, पेंटिंग सुपर मॉम और फैंसी ड्रेस कंपटीशन का आयोजन होगा। इसमें डांसिंग जज डांस प्लस प्रो से अविरल सैनी आ रहे हैं। इसका ऑडिशन दो अक्टूबर को नटराज डांस इंस्टीट्यूट में कराया जाएगा। इस दौरान अनूप कुमार सेठ, रीना सेठ, शिप्रा अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, अजीत सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

### एसडीएम व सीओ ने किया मेलास्थल का निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट में रामलीला मंचन और मेले के आयोजन को लेकर एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ और सीओ सदर प्रियंक जैन ने सोमवार को आयोजन स्थल और कांट कस्बे से निकलने वाली राम बारात के रूट का निरीक्षण किया। आयोजन समिति को सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संबंधित रूटों पर सुविधाओं को देखते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कांट को आदेशित किया। साथ ही थाना प्रभारी निरीक्षक अश्विनी सिंह को पुलिस सुरक्षा को लेकर ड्यूटी चार्ट बनाए जाने के आदेश दिए। साथ में शोभायात्रा मार्ग में विद्युत केबिल ऊंची करने, सड़क मरम्मत, प्रकाश व यातायात आदि व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। नगर में रामलीला का मंचन 13 अक्टूबर को गणेश पूजन के साथ आरंभ होगा।

### शिव बारात का जगह जगह किया गया स्वागत

**पुवायां, अमृत विचार :** मेला श्री रामलीला से निकाली गई शिव बारात का नगर में जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। बारात में जय शिव शम्भू, हर हर महादेव के जयकारे लगाए गए। पुवायां में कई वर्षों से रामलीला मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भगवान की लीलाओं का मंचन किया जाता है। इस वर्ष इस मेला का आरंभ 15 सितंबर को जलविहार व 21 सितंबर को गणेश पूजन के बाद शोभायात्रा से किया गया है। सोमवार को शिव बारात एवं शोभायात्रा निकाली गई, जिसका नगर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। बारात मेला मैदान से तिराहा बाजार होते हुए नगर के सभी मुख्य मार्गों से होकर निकाली गई। इस दौरान मेला समिति के मंत्री राकेश मिश्रा, राम निवास मिश्रा, राजीव सिंह आदि मौजूद रहे।


तक्षशिला स्कूल में क्वीज विजेताओं को पुरस्कृत करते सचिव ललित गर्ग। ● अमृत विचार

# रोटरी क्विज में विख्यात, युवराज और खातिब विजयी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- तक्षशिला स्कूल में हुई प्रतियोगिता में पुरस्कृत किए गए मेधावी

**अमृत विचार:** रोटरी क्लब के तत्वावधान में मनाए जा रहे युवा माह के अंतर्गत सोमवार को तक्षशिला पब्लिक स्कूल में सामान्य ज्ञान परखने के लिए क्विज का आयोजन किया गया। साथ ही 10वीं से 12वीं तक के चयनित छात्र-छात्राओं के बीच लिखित परीक्षा कराई गई।

कार्यक्रम संयोजक रीना अग्रवाल ने बताया कि क्विज के लिए कॉलेज के 30 विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिनसे विज्ञान, इतिहास और वैश्विक स्तर की वर्तमान घटनाओं और गतिविधियों पर 30 प्रश्न हल करवाए गए थे। लिखित परीक्षा के बाद टॉप-10 मेधावियों का चयन कर क्विज का आयोजन किया गया। वजर और रैपिड आधारित क्विज में टॉप-30 बच्चों का चयन किया गया। सह संयोजक सुनीता गर्ग के सहयोग से हुई प्रतियोगता में विख्यात को प्रथम, युवराज को द्वितीय और खातिब को तृतीय स्थान मिला। तीनों विजेताओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक के साथ प्रशस्तिपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इससे पहले कार्यक्रम का आरंभ स्कूल प्रबंधक राजकुमार खंडेलवाल एवं निदेशक अरुण खंडेलवाल ने रोटरी क्लब के पदाधिकारियों के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अध्यक्ष रोहित गुप्ता ने बताया इस प्रकार के आयोजन दस शिक्षण संस्थाओं में कराए जाएंगे। सचिव ललित गर्ग ने आभार व्यक्त किया। अशोक खन्ना, सुनील शर्मा, अतुल मेहरोत्रा, विकास अग्रवाल, जय अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल समेत स्कूल की शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

# अशिक्षा संपूर्ण मानव समाज के लिए अभिशाप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


डॉ. आंबेडकर प्रबुद्ध नागरिक स्वाभिमान सम्मेलन को संबोधित करते डॉ. लक्ष्मण यादव।

- डॉ. आंबेडकर प्रबुद्ध नागरिक स्वाभिमान सम्मलेन में डॉ. लक्ष्मण यादव का संबोधन
- कहा: अशिक्षा संपूर्ण मानवजाति के लिए अभिशाप, शिक्षित बन स्वाभिमान से जीना सीखें

**अमृत विचार :** प्रबुद्ध चेतना समिति के तत्वावधान में 20 अगस्त से 20 अक्टूबर तक चलने वाले डॉ. आंबेडकर ज्ञान महोत्सव के अंतर्गत डॉ. आंबेडकर प्रबुद्ध नागरिक स्वाभिमान सम्मलेन का आयोजन किया गया। गांधी भवन में सोमवार को आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि आंबेडकरवादी वक्ता डॉ. लक्ष्मण यादव ने कहा कि अशिक्षा संपूर्ण मानव समाज के लिए अभिशाप है। जबकि शिक्षा मनुष्य में आत्म विश्वास जगाती है और स्वाभिमान से जीना सिखाती है।

डॉ. लक्ष्मण यादव ने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक समाज के लोग सामान्य धारा से तभी जुड़ सकेंगे, जब वह स्वयं को सशक्त कर सकेंगे। मजबूत बनने के लिए आपसी भेदभाव की मानसिकता को त्यागना पड़ेगा, सैकड़ों जातियों में बंटा समाज किसी का भला नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का कार्य सिर्फ पढ़ाई-लिखाई होना चाहिए, समाज सुधार और राजनीति बड़ों का है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वह अन्य खर्चों में कटौती करके बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दें। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी कमल किशोर कठेरिया, गन्ना किसान प्रशिक्षण संस्थान के सहायक निदेशक डॉ. पीके कपिल, अमर शहीद अशफ़ाक़ उल्लाह खां के प्रपौत्र अशफाक उल्ला खां, अधिशासी अभियंता नरेश चंद्रा आदि ने भी डॉ. अंबेडकर के संघर्षों को प्रासंगिक बताया।

सम्मेलन में बृजेश कुमार एडवोकेट, मलिखान सिंह, रामसेवक गौतम, सुरेश पाल सिंह एडवोकेट, रामसागर यादव, महबूब इदरीसी, इक़बाल हुसैन उर्फ़ फूल मियां, असगर यासिर, हमीद खिज़र, आशुतोष आनंद, विकास सोनी ऋतुराज, इंजी. मनोज कुमार, मंगरे लाल, वेदपाल सुमन, विजय महाराज, महेश गौतम समेत बड़ी संख्या में विशिष्टजन और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### अमर शहीदों और क्रांतिकारियों को अर्पित किए श्रद्धासुमन

इससे पहले डॉ. लक्ष्मण यादव ने गांधी भवन और नगर निगम परिसर में अमर शहीदों और क्रांतिकारियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। सम्मलेन की अध्यक्षता राजन सिंह और संचालन शिक्षक नेता सियाराम दिनकर ने किया। मुख्य अतिथि ने शायर हमीद खिज़र की पुस्तक भोर की लालिमा का विमोचन भी किया। कार्यक्रम संयोजक जगदीश चंद्रा, वरिष्ठ कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, डॉ. नवनीत यादव ने मुख्य अतिथि को समृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

# ख्यालगो लल्ला महाराज के गजल संग्रह फकीरी का विमोचन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- परशुरामधाम सभागार में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार:** संस्कृति केंद्र, परशुराम धाम सभागार में रविवार देर शाम जनपद रत्न से विभूषित प्रख्यात ख्यालगो स्मृतिशेष पंडित राम किशन शर्मा उर्फ़ लल्ला महाराज के गलज संग्रह फकीरी का विमोचन किया गया। युवा कवि पीयूष शर्मा द्वारा संपादित फकीरी नामक पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि वरिष्ठ शायर डॉ. कृष्ण कुमार नाज, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी चिकित्सक एवं ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विजय पाठक, संरक्षक केशव चंद्र मिश्र, संघ के विभाग संघचालक रवि मिश्रा ने किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. कृष्ण कुमार नाज़ ने कहा कि लल्ला महाराज ने ख्याल गायन के साथ ही जनपद के साहित्यिक भंडार में वृद्धि की है। उनके इस साहित्यिक अवदान को सदैव याद किया जाता रहेगा। डॉ. विजय पाठक ने कहा कि लल्ला महाराज का साहित्य युवा पीढ़ी का हमेशा मार्गदर्शन करता रहेगा। केशव चंद्र मिश्र और रवि मिश्र ने कहा पीयूष शर्मा ने पितृपक्ष में अपने दादा की पुस्तक को संपादित और विमोचन कराकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम किया है। पं. लल्ला महाराज स्मृति न्यास की ओर से मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया। रूप किशोर पांडेय ने आभार व्यक्त किया। कवि डॉ. इंदु अजनबी के संचालन में चले कार्यक्रम में आर्येंद्र मिश्र, आलोक मिश्रा, सुनील शर्मा, ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, आनंद शर्मा, चंद्रशेखर दीक्षित, दीपक कंदर्प, अमित त्यागी, ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, डॉ. नागेश पांडेय, प्रमोद प्रमिल, बलराम शर्मा, विवेक शर्मा, मनोज शर्मा गोपाल, विकास शर्मा पारस, संजीव सोनू, रितेश सिंह राहिल, हरि शंकर पाठक, अनुज मिश्रा, अंकित शर्मा, मान्य शर्मा समेत बड़ी संख्या में विशिष्टजन मौजूद रहे।

### व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला

सुशील दीक्षित विचित्र, डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री, पीयूष शर्मा आदि ने भी लल्ला महाराज के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। विकास सोनी ऋतुराज, आतिश मुरादाबादी आदि ने उनकी गजलें भी सुनाईं। अभिषेक अधीर ने वाणी वंदना से कार्यक्रम का आरंभ किया।


परशुरामधाम सभागार में ख्यालगो लल्ला महाराज के गजल संग्रह फकीरी का विमोचन करते वरिष्ठ शायर डॉ. कृष्ण कुमार नाज एवं अन्य विशिष्टजन। ● अमृत विचार

### डीएम ने किया सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम ने सोमवार को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्लांट के संचालन, जल शुद्धिकरण प्रक्रिया और सीवेज के निपटान की व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्लांट के कर्मचारियों से भी बातचीत की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि प्लांट के आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता और स्वस्थ वातावरण का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने एसटीपी में पौधरोपण के लिए विशेष प्लान तैयार करने के निर्देश दिए।

नेशनल सेमिनार | श्री लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विवि, नई दिल्ली के पूर्व शिक्षा संकायाध्यक्ष का संबोधन

# हमारे पूर्वजों ने किया ज्ञान का सृजन, हम ही पिछड़ गए


संबोधित करते मुख्य अतिथि प्रो. आरपी पाठक। ● अमृत विचार


एसएस कॉलेज के नेशनल सेमिनार में मौजूद शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- भारतीय ज्ञान परंपरा: विकसित भारत की संकल्पना-2047 विषय पर हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के शिक्षक शिक्षा विभाग में सोमवार को भारतीय ज्ञान परंपरा: विकसित भारत की संकल्पना-2047 विषयक नेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वि, नई दिल्ली के पूर्व शिक्षा संकायाध्यक्ष प्रोफेसर आरपी पाठक ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करने की महती आवश्यकता है। कहा कि ज्ञान का सृजन हमारे द्वारा ही किया गया और हम ही इस क्षेत्र में पिछड़े हुए हैं, जो कि चिंता का विषय है।

प्रो. पाठक ने कहा कि अमूल्य ज्ञान हमारे पूर्वजों, वैज्ञानिकों, ऋषियों एवं दार्शनिकों ने दिया है। दुर्भाग्यवश अमूल्य ज्ञान को योजनाबद्ध षड्यंत्र के तहत दबा दिया गया। कहा कि हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है कि हम पहले भारत को जानें। हमें अपने अतीत की अस्मिता को स्मरण करते हुए प्रत्येक विषय में भारतीय ज्ञान परंपरा को समाहित करना चाहिए। भारत अध्यात्म की भूमि रही है एवं भारतीय ज्ञान परंपरा हमें जीवन जीने का ढंग सिखाती है। हम विकसित तभी होंगे जब हमारे अंदर आध्यात्मिक संस्कार विकसित होंगे। कार्यक्रम अध्यक्ष मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि भारत की तुलना केवल भारत से ही हो सकती है। भारत ने सदियों पहले ज्ञान की जो यात्रा प्रारंभ की थी उसे क्षितिज तक पहुंचाने का दायित्व देश के विद्वानों और युवाओं का है। संगोष्ठी में विभागाध्यक्ष प्रो. मीना शर्मा, प्रो. प्रभात शुक्ल, डॉ. मधुकर श्याम शुक्ल, डॉ. विनीत श्रीवास्तव, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. आदर्श पांडे, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. शैलजा मिश्रा, डॉ. शिशिर शुक्ल, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. अरविंद शुक्ल सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री और अंत में आभार उपप्राचार्य प्रो. अनुराग अग्रवाल ने व्यक्त किया।

### बीएड और एमएड के प्रतिभाशाली पुरस्कृत

एमएड की राशि डबराल, दीक्षा सिंह, अपूर्वा त्रिपाठी तथा बीएड की सौम्या सिंह, अंशिता मिश्रा, गोल्डी सिंह एवं पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वालों में डॉ. संजय कुमार एवं डॉ. राजकमल दीक्षित को सम्मानित किया गया। इससे पहले प्राचार्य प्रो. आर के आजाद ने स्वागत भाषण दिया। प्रबंध समिति के सचिव डॉ. ए के मिश्र ने विषय स्थापना की। डॉ. प्रियंका शर्मा तथा डॉ. कविता भटनागर के निर्देशन में बीएड छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गान प्रस्तुत किया।

### ग्रामीण युवतियों ने सीखी कपड़ों पर प्रिंटिंग




**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र, नियामतपुर में ग्रामीण युवतियों के लिए वस्त्रों पर हाथ की छपाई के लिए चल रहे 10 दिवसीय प्रशिक्षण का सोमवार को समापन हो गया। केंद्र की गृह वैज्ञानिक विद्या गुप्ता ने ग्रामीण युवतियों को विभिन्न प्रकार के छपाई, ब्लॉक प्रिंटिंग, स्क्रीन प्रिंटिंग, स्टैंसिल प्रिंटिंग, बांधनी कला और स्प्रे प्रिंटिंग आदि का रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया। स्वयं करके सीखो सिद्धांत पर चलते हुए युवतियों को वस्त्रों पर हाथ की छपाई सिखाई गई। युवतियों ने सूट, दुपट्टा, चादर, कुशन कवर, तकिया का खोल, मेज पोश आदि कपड़ों पर विभिन्न प्रकार के नमूनों को छापना सीखा।




अंतिम अरदास

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी " सरदार जगजीत सिंह " (सिंह मेडिकोस) का स्वर्गवास दिनांक 24 सितम्बर 2024 दिन मंगलवार को हो गया है। उनकी आत्मिक शांति के लिए अंतिम अरदास व कीर्तन (भोग), दिनांक 2 अक्टूबर 2024, दिन बुधवार को 12:30 से 1:30 बजे तक गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा, सदर बाजार कैंट में होगा।

शोकाकुल

स.चिरंजीव सिंह (साहिल) व संजना (पुत्र, पुत्रवधू)
दिव्या व दीपक (बेटी, दामाद)

मंजीत कौर व स.इकबाल सिंह (बहन, बहनोई)
स.सत्यपाल सिंह व मीता (भाई, भाभी)

समस्त रामदेव परिवार, Singh Medicos (सदर बाजार)
मो:- 9759063171, 9319087106

## सिंधौली और खुटार की 385 विधवा पेंशन लेने वाली महिलाओं के पति की कटेगी यूनिट

# ज्यादा जमीन दिखाकर तुलवाया था धान, निरस्त होंगे राशन कार्ड

संवाददाता, पुवायां

- पूरी तहसील में 1631 लोगों के पात्र गृहस्थी राशन कार्ड निरस्त करने के लिए आया आदेश
- भेजी गई लिस्ट की जांच और गांव-गांव सत्यापन शुरू, एक महीने में होगा निरस्तीकरण



**अमृत विचार :** न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत धान और गेहूं तुलवाने के लिए दो हेक्टेयर से ज्यादा जमीन दिखाने वाले परिवारों के राशन कार्ड निरस्त करने का शासन से आदेश आया है। वहीं पूर्ति विभाग ने ऐसे कार्डों की जांच और सत्यापन करना शुरू कर दिया है। पूरी तहसील में लगभग 1631 ऐसे लोग हैं जिनके पात्र गृहस्थी कार्ड निरस्त करने की सूची आई है। खाद्य आयुक्त के कार्यालय से पूर्ति कार्यालय पुवायां में एक आदेश आया है। जिसमें कहा गया है कि जिन किसानों ने 5 एकड़ से ज्यादा जमीन दिखाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था और 5 एकड़ की उपज दिखाकर धान या गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत बिक्री किया है उन सभी लोगों के पात्र गृहस्थी राशन कार्ड निरस्त किए जाएंगे। इसके लिए पूर्ति विभाग ने आई हुई लिस्ट के नामों की जांच और सत्यापन करना शुरू कर दिया है। भेजी गई लिस्ट की जांच शुरू हो गई है और गांव-गांव सत्यापन शुरू हो गया है और एक महीने में कार्ड भी निरस्त हो जाएगा। अब लोग यह भी नहीं कह पाएंगे कि मेरे पास जमीन कम है। अगर वह जमीन कम कहेंगे तो खुद ही अपने आप फंस जाएंगे।

वहीं सिधौली और खुटार ब्लॉक की 385 महिलाएं जो की निराश्रित महिला पेंशन ले रही हैं उनके पतियों के नाम अभी भी राशन कार्ड में चल रहे हैं। ऐसे 385 लोगों का यूनिट राशन कार्ड से काटा जाएगा। पूर्ति निरीक्षक पुवायां वीरपाल ने बताया कि 5 एकड़ से ज्यादा जमीन वाले लगभग 1631 किसानों की सूची आई है, जिनका सत्यापन किया जा रहा है। ऐसे लोगों के पात्र गृहस्थी राशन कार्ड निरस्त किए जाएंगे।

### ...फर्जी जमीन दिखाकर साठगांठ कर करा लिया था सत्यापन

कुछ लोगों ने अपने धान तुलवाने के लिए फर्जी जमीन दिखाकर लेखपाल या अन्य तरीके से साठगांठ करके सत्यापन करा लिया था। जबकि उनके पास असलियत में ज़मीन कम है। अब ऐसे लोगों का डाटा खाद्य विभाग की साइट पर फीड हो गया है। खाद्य विभाग की साइट पर रजिस्ट्रेशन और गांव का नाम लिखकर पूर्ति कार्यालय भेजा गया है।

> आयकरदाता, निराश्रित विधवा पेंशन लेने वाली महिलाएं और संभावित अपत्रों की सूची की जांच चल रही है, जिसमें पांच एकड़ से ज्यादा जमीन वाले भी शामिल हैं। – **चमन शर्मा**, जिला पूर्ति अधिकारी

# दो बालिकाओं से दुष्कर्म में तीन को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वर्ष 2017 में मदनापुर क्षेत्र के एक गांव में हुई थी घटना
- आरोपियों ने पीड़िताओं को तमंचे की नाल से कर दिया था घायल

**अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट अपर्णा त्रिपाठी ने दो नाबालिग बालिकाओं को घायल कर गैंगरेप के मामले में तीन अभियुक्तों को दोष सिद्ध होने पर कठोर आजीवन कारावास की सजा और 50,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष के कथानक के अनुसार मदनापुर क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने थाना मदनापुर में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10 अक्टूबर 2017 की रात 9 बजे उसकी दो नाबालिग पुत्रियां शौच के लिए गई थीं, जहां रास्ते में तीन लोगों ने तमंचों के बल पर उन्हें अगवा कर लिया और दिनेश के खेत में खड़े बाजरा में ले गए। जहां बेटियों को मारापीटा व तमंचा की नाल सिर पर मार दी, जिससे वह बेहोश हो गई। आरोपियों ने बारी बारी से दोनों के साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित पिता ने बताया कि गांव के रतिपाल सिंह के यहां तीनों आरोपियों का आना जाना था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की और आरोप पत्र न्यायालय भेजा। न्यायालय में पीड़िताओं और उनके पिता के बयानों व विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट व शासकीय अधिवक्ता दीप कुमार गुप्ता के तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने जितेंद्र, शिवम व बंटू को दोषी पाया।

### दुष्कर्म का आरोपी मेडिकल संचालक गिरफ्तार



**खुटार, अमृत विचार।** चार दिन पहले घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म करने व पति को तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के आरोपी मेडिकल स्टोर स्वामी गांव नरौठा देवीदास निवासी परवेज को पुलिस ने सोमवार को मैलानी मार्ग पर स्थित बाबा चौराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# बारदाना नहीं पहुंचा तो कहीं सेंटर इंचार्जों का ही पता नहीं

## अधूरी तैयारियों के साथ 171 केंद्रों पर धान खरीद आज से, ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक नहीं लग पाए केंद्र

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में आज से अधूरी तैयारियों के साथ धान खरीद जाएगा। सरकार भले ही आज मंगलवार से धान खरीदने का दावा करे, लेकिन हकीकत इससे उलट है। जिले के तमाम सेंटरों पर सोमवार शाम तक तैयारियां अधूरी ही रहीं। तमाम सेंटरों का अस्तित्व सिर्फ खाद्य एवं विपणन विभाग के कागजों तक ही सीमित रहा। देहात क्षेत्र के आधे से ज्यादा केंद्रों पर बारदाना ही नहीं पहुंच सका। तमाम सेंटर हकीकत में अस्तित्व में नहीं आ सके। कहीं बारदाना नहीं पहुंच सका तो कहीं सेंटर इंचार्जों का ही पता नहीं था।

ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए धान खरीद केंद्रों की स्थिति सबसे ज्यादा बुरी रही। जहां सेंटर इंचार्ज पहुंचे और न ही ठेकेदार के दर्शन हुए। आज से 171 केंद्रों पर धान खरीदने की तैयारी है, लेकिन आज खरीदे गए धान की स्थिति बता देगी कि तैयारियां कितनी सही थीं। इन हालातों में धान खरीद का हश्र बीते वर्ष की तरह ही होने की आशंका है। प्रशासन ने मंगलवार से धान की खरीद की तैयारी कर ली है। इसके लिए 171 क्रय केंद्र भी स्वीकृत कर दिए गए है। पिछले वर्ष 220 केंद्र स्वीकृत हुए थे। इनमें आठ केंद्रों को बंद कर दिया गया था। शासन से जिले को इस बार 31 लाख 10 हजार क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य मिला है। जबकि पिछले वर्ष 43 लाख क्विंटल के लगभग धान खरीद की गई थी। हालांकि बीते वर्ष फर्जी खरीद के खूब आरोप लगे क्योंकि सरकारी क्रय केंद्रों पर धान की खरीद तब भी जारी थी, जब खेतों में धान का एक दाना तक नहीं बचा था। किसान अपना धान निजी आढ़तों पर बेच चुके थे। इसके बाद सवाल उठे कि सिर्फ कागजों में ही धान की खरीद की जा रही है। कहीं से धान लाकर कहीं सरकारी खरीद दिखाई जा रही है। इस फर्जीवाड़े में धान खरीद माफिया शामिल हैं। जो निजी खरीद को सरकारी दिखाकर वारे न्यारे कर रहे हैं।



तिलहर मंडी में सोमवार दोपहर बाद तक नहीं लगे थे बैनर। ● अमृत विचार



रोजा मंडी में धान खरीद के लिए लगे बैनर व खड़ी डस्टर मशीन। ● अमृत विचार

> 37 केंद्र पीसीएफ, 56 पीसीयू और 42 केंद्र यूपीएसएस के खोले गए है। एफसीआई के सात केंद्रों को स्वीकृति प्रदान की गई है। धान खरीद की सारी तैयारियां पूरी हैं। अगर किसान केंद्रों पर धान लेकर पहुंचेंगे तो उन्हें परेशानी नहीं होगी। धान की खरीद की जाएगी। – **राकेश मोहन पांडे**, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी

- जिले में तमाम सेंटरों का अस्तित्व कागजों तक सिमटा

### जिला प्रशासन ने उपलब्ध नहीं कराई केंद्र प्रभारियों की सूची

**तिलहर/रोजा।** तिलहर मंडी में 18 क्रय केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं, लेकिन अभी तक जिला प्रशासन ने केंद्र प्रभारियों की सूची उपलब्ध नहीं कराई है।मंडी समिति के सचिव राम निवास कठेरिया ने बताया कि धान खरीद के लिए तिलहर मंडी समिति परिसर में आरएफसी के छह, पीसीएफ के पांच, यूपीएसएस के दो तथा पीसीयू के पांच के केंद्र प्रस्तावित हैं, लेकिन अभी केंद्र प्रभारियों की सूची प्राप्त नहीं हुई है। केंद्र प्रभारी के आते ही धान खरीद से संबंधित सारा सामान उन्हें उपलब्ध करवा दिया जाएगा। उधर, रोजा मंडी में केंद्र प्रभारी मौजूद मिले। बैनर भी टंगे हुए दिखे। धान खरीद के लिए यहां कुल 21 केंद्र हैं।

### ईमानदारी से होनी चाहिए धान खरीद: डीएम

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को धान क्रय कार्यशाला आयोजित की गई। डीएम ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि व उन्हें उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाए जाने के उद्देश्य से सरकार की ओर से कृषकों से सीधे धान खरीद किए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने क्रय केंद्रों पर किसानों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था व बैनर व फ्लैक्स आदि लगाने के लिए कहा। ग्रामों के सार्वजनिक स्थानों पर धान खरीद का प्रचार प्रसार करने किया जाए। किसानों का भुगतान 48 घंटे के अंदर हो। डिप्टी आरएमओ ने बताया कि खरीद के लिए 171 क्रय केंद्र बनाए हैं। धान खरीद 1 अक्टूबर से 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। क्रय केंद्र सुबह 9 से 5 बजे तक खुले रहेंगे। डीएम ने केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि धान खरीद पूरी ईमानदारी से होनी चाहिए। शिकायत मिलने पर कार्रवाई होगी। किसानों को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

### राज्य महिला आयोग की सदस्य ने जाना महिलाओं का हाल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे सोमवार को एक दिवसीय भ्रमण पर जनपद में रहीं। उन्होंने जेल का निरीक्षण कर रसोई में साफ सफाई, राशन की गुणवत्ता तथा महिला बैरक में निरुद्ध महिलाओं से बातचीत कर हालचाल जाना। जेल में तीन बच्चे अध्ययनरत मिले। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। बालिकाओं के क्लास रूम में जाकर व्यवस्थाएं परखी। पत्रावलियों का भी अवलोकन करते हुए प्रधानाचार्य को निर्देश भी दिए। तत्पश्चात सदस्य महिला आयोग पुष्पा पांडे व सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह की ओर से संयुक्त रूप से राजकीय बाल गृह बालक व शिशु गृह का निरीक्षण किया गया। उन्होंने राजकीय बाल ग्रह बालक की रसोई व राशन की गुणवत्ता को भी परखा। बालकों को ड्रेस, मिष्ठान एवं फल वितरण किया। साथ ही बाल गृह में चिलौआ ग्राम पंचायत अंशुल मिश्रा द्वारा लाए गए ड्रैगन फूड के पौधे का पौधरोपण भी किया। इस जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता, अकाउंटेंट अतुल अग्रवाल, प्रभारी अधीक्षक राम विनय यादव आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने दिए झोलाछापों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में एक से 31 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 से 31 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले दस्तक अभियान के सफल आयोजन के लिए जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। बैठक में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान में मदनापुर, जैतीपुर, तिलहर की खराब प्रगति होने पर खंड विकास अधिकारी व एमओआईसी को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी कलान की खराब प्रगति पर खंड शिक्षा अधिकारी का स्पष्टीकरण मांगा। एमओआईसी को निर्देश दिए कि एएनएम के कार्यों का निरीक्षण करें। टीकाकरण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने झोलाछापों पर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

### झोलाछाप के इलाज से महिला की हालत बिगड़ी

**कलान,अमृत विचार :** गांव ढका लालपुर निवासी अभय सिंह ने थाने पर दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी मां रामशीला की तबीयत 27 सितंबर को खराब हुई, तो उसने अपनी मां को झोलाछाप के यहां दवा दिलवाई। झोलाछाप ने बोतल चढ़ाई और इंजेक्शन लगाए, जिससे तबीयत में सुधार होने की जगह हालत और बिगड़ गई। उसकी मां का पूरा शरीर सूजने लगा, तो उसने हाथ खड़े कर दिए। इसके बाद वह मां को इलाज के लिए उसावा ले गया। जहां सुधार नहीं होने पर बरेली में भर्ती कराया। जहां अभी भी उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित ने झोलाछाप के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# आरोप: धमकी के सदमे में महिला की मौत

संवाददाता, जलालाबाद

- मारपीट मामले में राजीनामा न करने पर पुलिस ने बंद करने की दी धमकी
- परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया मना, पुलिस बोली- बीमारी से हुई मौत

**अमृत विचार:** गांव बझेड़ा महुआ में आरोपियों ने एक व्यक्ति को पीटकर घायल कर दिया था। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस राजीनामा के लिए दबाव बना रही थी। पुलिस ने घर पर आकर धमकी दी कि राजीनामा नहीं करोगे तो बंद कर देंगे। इसी सदमे में महिला की मौत हो गई। इधर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस उनके घर पर नहीं गई थी बल्कि प्रधान के घर पर उसके पुत्र को समझाया था। जो आरोप लगाया है, वह निराधार है ओर महिला की बीमारी से मौत हुई है।

जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव बझेड़ा महुआ डाडी निवासी ओमकार ने बताया कि 14 सितंबर को उसके पिता साधुराम को गांव के ही अनमोल आदि ने लाठी से पीटकर घायल कर दिया था। उसके पिता का लखनऊ से इलाज चल रहा है। साधुराम ने आरोपी के खिलाफ मारपीट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी अनमोल, रामनरेश, अतुल, सुमित पर कार्रवाई नहीं की थी। आरोपियों ने उसके परिवार वालों पर समझौते के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। इस संबंध में आरोपी रामनरेश ने हरिजन एक्ट में झूठे मुकदमे फंसाने में के लिए थाने पर एक शिकायती प्रार्थना पत्र भी दिया था। आरोपी पुलिस पर राजनीतिक दबाव बना समझौते का प्रयास कर रहे है। ओमकार का आरोप है कि रविवार को दिन में तीन बजे दो सिपाही उसके दरवाजे पर आए और परिवार वालों को धमकी दी कि समझौता नहीं करोगे तो सभी को जेल भेज देंगे। आरोप लगाया कि उसकी मां सदावती सदमे को बर्दाश्त नहीं कर पाई और सोमवार सुबह उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय उसके घर पर गए और प्रधान आदि से जानकारी की। परिजनों ने पोस्टमार्टम से मना कर दिया।

> सदावती की बीमारी से मौत हुई। पुलिस प्रधान के घर पर गई थी और मृतका के बेटे ओमकार को वहीं पर बुलाकर समझाया था। पुलिस समझा कर चली आई थी कि रोज-रोज झगड़ा करते हो। पुलिस उनके घर पर नहीं गई थी और न ही परिवार वालों को धमकाया था। – **अजय कुमार राय**, सीओ, जलालाबाद

## सार-संक्षेप

### आरोपी को नहीं पकड़ रही पुलिस, आत्मदाह की धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** महिला के साथ छेड़छाड़ करने व उसके पति को पीटने वाले आरोपियों को कटरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार न किए जाने पर महिला ने विधान सभा के सामने आत्मदाह करने की धमकी दी है। इधर एसपी ने कटरा थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करें। कटरा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि गांव का उवैशन नामक व्यक्ति उसे कई बार बुरी नीयत से पकड़ चुका है। कई बार छेड़छाड़ की गई। आरोपी उसके मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजता है। छह सितंबर को पीड़िता के पति ने आरोपी के घर पर जाकर शिकायत की तो आरोपी ने उसके पति को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने उवैश समेत तीन के खिलाफ मारपीट की धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी। उसने पति को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उसे बराबर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस राजनीतिक दबाव में आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। उसने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो किसी दिन विधान सभा के सामने आत्मदाह कर लेगी। एसपी राजेश एस ने कटरा पुलिस को निर्देश दिए कि आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाए।

### फोटो खींचकर वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर में छात्रा का फोटो मोबाइल पर खींचकर अश्लील शब्द का प्रयोग करके सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोपी को सदर बाजार पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 14 वर्षीया पुत्री शहर के एक इंटर कॉलेज में पढ़ती है। आरोपी की नानी छात्रा के मोहल्ले में रहती है। जिससे आरोपी का अपनी नानी के यहां आना-जाना था। आरोपी उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करता है। उसने बेटी का फोटो मोबाइल से खींच इंस्टाग्राम पर आई लव यू लिखकर वायरल कर दिया था। इससे उसकी बेटी और परिवार की बदनामी हुई। उसने आरोपी के घर जाकर शिकायत की तो आरोपी के परिवार वालों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। 26 सितंबर को आरोपी ने उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी थी। उसकी बेटी को आरोपी से जानमाल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने आरोपी दीपक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

### घायल महिला की अस्पताल में मौत

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** ढाई रोड पर बाइक सवार ने एक महिला को टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल महिला को फर्रुखाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मिर्जापुर क्षेत्र के गांव गुलड़िया निवासी मुन्नी देवी(35) पत्नी महेश शुक्रवार की रात आठ बजे ढाई रोड पर परचूनी की दुकान पर सामान खरीदने के लिए जा रही थी। रास्ते में बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई।

## हादसे में घायल युवक की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हादसे में घायल एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। कोलाघाट पुल बंद होने के कारण अमृतपुर से 12 किलोमीटर की जगह 100 किमी का सफर करना पड़ा। यदि पुल ठीक होता तो परिजन एक घंटे में पहुंच जाते।

मिर्जापुर क्षेत्र के गांव उमरापुर निवासी मुरली(22) 9 सितंबर को बाजार से ई-रिक्शे से लौट रहा था। इस्माइलपुर गांव के सामने गाय से अचानक ई-रिक्शा टकराकर पलट गया था, जिससे मुरली घायल हो गया था। उसका फर्रुखाबाद में इलाज चल रहा था। हालत में सुधार न होने पर परिवार वाले कुछ दिन पहले उसे घर ले आए थे। शनिवार की शाम उसकी मौत हो गई थी। परिजनों ने रविवार की सुबह मिर्जापुर थाना पर सूचना दी थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। परिवार वालों ने बताया कि कोलाघाट पुल बंद होने के कारण राजेपुर, अमृतपुर, अल्हागंज, जलालाबाद होते हुए शाम तक पोस्टमार्टम हाउस पहुंच पाए। देर शाम होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो पाया था। यदि कोलाघाट पुल होता तो मात्र एक घंटे में पहुंच जाते है। परिवार वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा।





पेरिस 2024 ओलम्पिक एवं पैरालम्पिक गेम्स में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों से देश को गौरवान्वित करने वाले
खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों का सम्मान
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा
गरिमामयी उपस्थिति
केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
सुरेश कुमार खन्ना, मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य उत्तर प्रदेश | गिरीश चन्द्र यादव, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण, उत्तर प्रदेश | भूपेन्द्र सिंह चौधरी, सदस्य विधान परिषद
एवं अन्य गणमान्य महानुभाव
दिनांक : 1 अक्टूबर, 2024 | समय : पूर्वाह्न 11:00 बजे | स्थान : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर, लखनऊ

खेलों को प्रोत्साहन, खिलाड़ियों को पुरस्कार

| | ओलम्पिक एवं पैरालम्पिक गेम्स (एकल वर्ग) | ओलम्पिक एवं पैरालम्पिक गेम्स (टीम गेम्स) | एशियन गेम्स | कॉमनवेल्थ गेम्स | विश्वकप |
|---|---|---|---|---|---|
| स्वर्ण पदक | ₹06 करोड़ | ₹03 करोड़ | ₹03 करोड़ | ₹1.50 करोड़ | ₹1.50 करोड़ |
| रजत पदक | ₹04 करोड़ | ₹02 करोड़ | ₹1.50 करोड़ | ₹75 लाख | ₹75 लाख |
| कांस्य पदक | ₹02 करोड़ | ₹01 करोड़ | ₹75 लाख | ₹50 लाख | ₹50 लाख |

ओलम्पिक गेम्स के प्रतिभागी खिलाड़ियों को ₹10-10 लाख तथा कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स एवं विश्वकप के प्रतिभागी खिलाड़ियों को ₹05-05 लाख की प्रोत्साहन राशि

- अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता 10 खिलाड़ियों की सीधे राजपत्रित पदों पर नियुक्ति • 05 खिलाड़ी पुलिस उपाधीक्षक, 02 खिलाड़ी नायब तहसीलदार, 01 खिलाड़ी यात्री/माल कर अधिकारी एवं 02 खिलाड़ी जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी के पद पर नियुक्त • 479 कुशल खिलाड़ियों की आरक्षी पद पर नियुक्ति

शासकीय सेवाओं में खिलाड़ियों के लिए 2% क्षैतिज आरक्षण

- मेरठ में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय की स्थापना • प्रत्येक जनपद में स्टेडियम, ब्लॉक में मिनी स्टेडियम, ग्राम पंचायत में खेल मैदान और ओपेन जिम का निर्माण
- ग्रामीण स्तर पर कुल 81 स्टेडियम स्थापित • 140 खिलाड़ियों की एकलव्य क्रीड़ा कोष से आर्थिक सहायता

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

शिखर नर्सिंग होम
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma M.D., P.D.C.C. Critical Care Fellowship in Diabetes (General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya M.S. (Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta M.S. (General Surgeon)
Dr. T. Singh M.S. (Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगो की कम्प्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. नि:शुल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम. (A.N.M.) For Females only Course Code- 13 Recognized by Indian Nursing Council Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow College Code - 092
बी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow) College Code - 969
डी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to B.T.E. (Lucknow) College Code - 2065
कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com, shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

## रोजगार मेले में 106 युवाओं को मिली नौकरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से राजकीय आईटीआई रोजा में सोमवार को रोजगार मेला लगाया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की चार कंपनियों ने सहभागिता की। जिला सेवायोजन अधिकारी विजय सुधाकर सिंह ने बताया कि रोजगार मेला में 144 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें साक्षात्कार के आधार पर 106 युवाओं का चयन किया गया। इस मौके पर अभ्यर्थियों की करियर काउंसलिंग भी की गई। आयोजन में राकेश चंद्र अशोक कुमार विश्वमोहन नवनीत शुक्ला गोपाल सिंह आदि का सहयोग रहा।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. आदित्य त्यागी
8077344353
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग • मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग • न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटर) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नासूर के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा.
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुशरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

# मांगों को लेकर भड़के किसान, प्रदर्शन

## जिला मुख्यालय पर चढ़ूनी और तिलहर में भानु गुट ने की पंचायत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/तिलहर

**अमृत विचार:** जमीनों को कब्जा मुक्त कराए जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर किसानों ने जमकर प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट ने जिला मुख्यालय पर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पंचायत कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर डीएम को संबोधित ज्ञापन एडीएम एफआर डॉ. सुरेश कुमार को सौंपा। वहीं तिलहर में भाकियू भानु गुट ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। एसडीएम के आश्वासन के बाद भी किसानों का गुस्सा शांत नहीं हुआ और जिला मुख्यालय के लिए कूच कर दिया।

भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के किसान जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में सोमवार सुबह से ही इकट्ठा होने लगे थे। दोपहर करीब दो बजे भारी संख्या में जुटे किसानों की पंचायत हुई। जिसमें विभिन्न मांगों को रखा गया और प्रशासन को चेताया गया कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। बाद में एडीएम एफआर को विभिन्न समस्याओं को लेकर 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि बंडा ब्लॉक के ग्राम पंचायत तिंदुआ नगरिया के दिउहना गांव के लोगों के मकान के आगे बन रही नाली निर्माण को दबंगों ने रोक दिया है, जिससे ग्रामीणों के दरवाजे पर पानी भरा हुआ है। ब्लॉक कांट के गांव मथुरापुर में अल्पसंख्यक बंजारा समुदाय के लोगों के दफनाने की जगह पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है, जिसे कब्जा मुक्त कराया जाए। गांव दिउहना के भारत सिंह व उनके परिवार व रिश्तेदारों पर दर्ज मुकदमा समाप्त कराया जाए। इसके अलावा और भी समस्याओं को ज्ञापन में रखा गया है। इस दौरान किसान नेता तरविंदर सिंह मोमी ने कहा कि किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उधर, तिलहर में किसानों की समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर भारतीय किसान यूनियन भानु के कार्यकर्ताओं ने तहसील मार्ग की एक साइड की सड़क को बंद कर धरनें पर बैठ गए और नारेबाजी कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। भाकियू जिलाध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कार्यकर्ता हाईवे जाम न कर दे, इसलिए कोतवाल विशाल प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर और उन्होंने हाईवे के निकट कई जगह पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया। किसान नेता महेंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि निगोही क्षेत्र में तैनात लेखपाल राजीव कुमार लगभग आठ वर्षों से एक ही क्षेत्र में हैं, जो भूमाफियाओं को खुला संरक्षण दे रहे हैं, जिससे किसान परेशान हैं, लेखपाल को क्षेत्र से हटाया जाए। लेखपाल के द्वारा कई जमीनों पर विवाद उत्पन्न करा दिया गया है। इस पर एसडीएम जीत सिंह ने लेखपाल राजीव कुमार को तत्काल हटाने तथा नायब तहसीलदार की नेतृत्व में राजस्व टीम गठित कर जमीन के विवाद निपटाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर अधिकारियों से किसान नेताओं की सहमति नहीं बन पाई। जिस कारण किसान नेताओं ने धरना समाप्त नहीं किया और जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में जिला मुख्यालय कूच कर दिया। इस दौरान आदेश सिंह, संतोष कुमार, राज पाल सिंह, सुरेश मौर्य, जसवीर सिंह, मधुरेश शर्मा, फिरोज खान, अनिरुद्ध राज, राशिराम वर्मा, अवधेश सिंह आदि मौजूद रहे।


तिलहर में हाईवे से सटे तहसील रोड पर धरना देकर बैठे भाकियू भानु गुट के कार्यकर्ताओं को समझाने पहुंचे एसडीएम जीत सिंह राय।


पैदल जिला मुख्यालय जाते भाकियू भानु गुट के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### आनन-फानन में गठित हुई जांच टीम

भाकियू के धरना प्रदर्शन को देखते हुए निगोही के पतराजपुर में जमीनी विवाद के मामले की जांच को एसडीएम जीत सिंह राय ने नायब तहसीलदार, कानून गो और दो लेखपालों को शामिल कर चार सदस्यीय जांच टीम का गठन किया और वहां टीम को जांच के लिए भेजा। एसडीएम खुद जांच करने पहुंचे।

### बोले, बात नहीं बनी तो डीएम आवास पर देंगे धरना

समस्या का समाधान नहीं होने पर तिलहर से पैदल जिला मुख्यालय के लिए निकले भाकियू कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पर रात आठ बजे सुदामा चौराहा के पास पहुंच गए। भाकियू जिलाध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि अभी वह लोग डीएम आवास के लिए पैदल कूच करेंगे, यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो और डीएम आवास के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे।


पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में एडीएम एफआर डॉ. सुरेश कुमार को ज्ञापन सौंपते भाकियू चढ़ूनी गुट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## मानक के अनुसार हो रेस्टोरेशन का काम: सीडीओ

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में जल-जीवन मिशन योजना को लेकर मासिक समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण, सहायक अभियंता, कार्यदायी संस्था एनसीसी के अधिकारी-कर्मचारी व योजना संबंधी अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी की ओर से रोड रेस्टोरेशन के कार्य में प्रगति लाने, हर घर नल योजना के तहत लाभार्थियों को प्रेरित कर मासिक शुल्क जमा कराए जाने में तेजी लाने के निर्देश दिए। निर्देशित किया गया कि रोड रेस्टोरेशन का कार्य मानक के अनुसार गुणवत्तायुक्त कराया जाए। कार्य गुणवत्ता विहीन मिलने की दशा में संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# बिजली कटौती पर भड़के व्यापारी, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- खराब पोल और जर्जर लाइनें दुरुस्त कराने की उठाई मांग
- स्मार्ट मीटर लगाने वाले कर्मियों पर अवैध वसूली का आरोप

**अमृत विचार:** विद्युत विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का एक शिष्टमंडल बहादुरगंज स्थित विद्युत उपकेंद्र पर अधिशासी अभियंता मनीष सिंह से मिला। जिलाध्यक्ष सौमित्र गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर समस्या समाधान कराए जाने की मांग की।

सोमवार को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि बहादुरगंज उपकेंद्र से मेंटीनेंस के नाम पर बिना किसी पूर्व सूचना के अघोषित कटौती की जा रही है, जबकि बहादुरगंज जिले का मुख्य बाजार है। सबसे ज्यादा विद्युत कटौती बहादुरगंज में हो रही है। बाजार में हर वर्ग का व्यापारी है, जिसमें कपड़े के शोरूम, मशीनरी का सामान, आटा चक्की, तेल निकालने की मशीन एवं खाने का सामान भी बिकता है। आने वाला समय त्योहारी सीजन का है, अगर ऐसे में मेंटेनेंस के नाम पर कटौती की जाएगी तो व्यापार मंडल व्यापारी हित में हर संघर्ष को तैयार हैं।

ज्ञापन देने वालों में जिला महामंत्री प्रदीप गुप्ता, महानगर महामंत्री अनूप गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, श्याम मोहन मिश्रा, सचिन सक्सेना, आबिद हसन खान, गुलजार अहमद, इफ्तेखार हुसैन मौजूद रहे।


अधिशासी अभियंता मनीष सिंह को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

### आर्थिक नुकसान उठा रहे व्यापारी

अघोषित विद्युत कटौती से व्यापारी के कच्चे माल के खराब होने की संभावना रहती है, साथ ही मशीनरी का सामान बिना चेक किए नहीं दे सकते, ऐसे में व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। जबकि व्यापारी का विद्युत कनेक्शन कमर्शियल में आता है। कमर्शियल का यूनिट सामान्य यूनिट से महंगा है, बावजूद उसके विद्युत आपूर्ति पूरी नहीं दी जा रही है।

# ओसीएफ, खिरनीबाग दशहरा मेले में डायवर्ट रहेगा रूट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- दो बजे से रात 12 बजे तक वाहनों पर प्रतिबंध, 8 से 13 अक्टूबर तक रहेगी व्यवस्था

**अमृत विचार:** ओसीएफ और खिरनीबाग रामलीला को लेकर पुलिस प्रशासन 8 सितंबर से 13 सितंबर तक वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंधित रहेगा। यातायात को सुचारू रखने के लिए वाहनों का डायवर्जन किया जाएगा। जो दिन में दो बजे से रात 12 बजे तक मेला समाप्ति तक रहेगा। कुछ स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाए गए है।

सीओ ट्रैफिक ज्योति यादव ने सोमवार को बताया कि खिरनीबाग और ओसीएफ रामलीला को लेकर आठ सितंबर से 13 सितंबर तक इन स्थानों पर वाहनों का दिन में चार बजे से रात 12 तक वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। अंटा चौराहे की तरफ से आने वाले दो, तीन पहिया, चार पहिया खिरनीबाग चौराहा की तरफ पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेंगे। जीआईसी तिराहे की तरफ से आने वाले समस्त वाहन खिरनीबाग चौराहे की तरफ प्रतिबंध रहेंगे। पीडब्ल्यूडी तिराहे की तरफ से खिरनीबाग की तरफ आने वाले सभी वाहन पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेंगे।

रामप्रसाद बिस्मिल पार्क की तरफ से खिरनीबाग चौराहे की तरफ आने वाले वाहन प्रतिबंध रहेंगे। हथौड़ा चौराहा की तरफ से शहर में आने वाले भारी वाहन हथौड़ा चौराहे से दियूरिया मोड़ से होते हुए रिंग रोड की तरफ अपने गंतव्य स्थान की ओर जा सकेंगे। मछली मार्केट की तरफ से आने वाले भारी वाहन मेला समाप्ति तक पूर्ण रुप से प्रतिबंध रहेंगे। पीडब्ल्यूडी तिराहे से डिपो की तरफ आने वाले भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

ग्वालटोली चौराहा व डिपो तिराहा के मध्य सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। रोडवेज, रैन बसेरा तिराहे, दुर्गा तिराहे से डिपो तिराहे की तरफ से सभी प्रकार के भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। रेलवे स्टेशन के लिए शहर से आने वाले वाहन घंटाघर की तरफ से लाल इमली चौराहा से मालगोदाम रोड होते हुए रेलवे स्टेशन के लिए जाएंगे। राजघाट, कनौजिया तिराहा की तरफ से आने वाले वाहन हद्दफ चौकी रोड की तरफ सुभाष तिराहा, मालगोदाम रोड होते रेलवे स्टेशन की ओर जाएंगे। सीओ ट्रैफिक ने ट्रैफिक कर्मचारियों को निर्देश दिए कि नियमों पालन किया जाए।

### मेले में वाहनों के लिए बने पार्किंग स्थल

निगोही, बंडा, पुवायां, सिंधौली की तरफ से मेला देखने आने वाले वाहन ओसीएफ मंदिर के पीछे टूटे मकान के पास खाली मैदान में खड़े होंगे। मऊ खालसा की तरफ से आने वाले मेला देखने वाले वाहनों के लिए एनसीसी ग्राउंड तिराहा पार्किंग स्थल बनाया गया है। रोजा, हथौड़ की तरफ से आने वाले वाहनों के लिए राममूर्ति वर्मा की कोठी के सामने खाली पड़े मैदान में खड़े होंगे। इसी प्रकार अंटा चौराहा की तरफ से आने वाले जेल रोड के पीछे पार्किंग स्थल पर खड़े होंगे।

## विज्ञापन क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रीय संवाददाता सम्मानित

# पूरनपुर तहसील प्रभारी अनुज सिंह को मिला प्रथम पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विज्ञापन के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रीय संवाददाताओं के लिए अमृत विचार के प्रधान कार्यालय पर सोमवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

विज्ञापन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पूरनपुर तहसील प्रभारी अनुज सिंह व विज्ञापन सहयोगी संजीव सिंह को संपादक शंभू दयाल वाजपेयी और सीनियर मार्केटिंग मैनेजर मयंक तिवारी ने प्रथम पुरस्कार दिया।



वेदपाल तिवारी, बरखेड़ा।

द्वितीय पुरस्कार कासगंज के प्रभारी गजेंद्र चौहान को मिला, लेकिन वह किसी कारणवश पुरस्कार लेने नहीं आ सके। उन्हें बाद में सम्मानित किया जाएगा। वहीं, तृतीय पुरस्कार बिलसंडा



सुरेश जायसवाल, बिलसंडा।

- **अमृत विचार कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन**

ब्लॉक प्रभारी सुरेश जायसवाल व चतुर्थ पुरस्कार बरखेड़ा ब्लॉक प्रभारी वेदपाल तिवारी को दिया गया।



पूरनपुर तहसील प्रभारी अनुज सिंह को सम्मानित करते संपादक शंभू दयाल वाजपेयी व सीनियर मार्केटिंग मैनेजर मयंक तिवारी।

सम्मान स्वरूप सभी सहयोगियों को स्मृति चिन्ह और 1100-1100 रुपये की राशि भेंट की गई। कार्यक्रम में डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग आशुतोष शर्मा, सीनियर एकाउंटेंट वानिया इरशाद भी मौजूद रहीं।

## एसडीएम ने दिए सड़कें ठीक कराने के निर्देश

**तिलहर, अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी जीत सिंह राय ने सोमवार को नगर के वार्ड संख्या आठ में मोहल्ला उम्मरपुर का औचक निरीक्षण किया। जल कल विभाग की ओर से पानी की लाइन डालने के बाद सड़कों को ठीक नहीं करने और लाइन लीकेज को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। एसडीएम ने जल निगम के जेई रोहित कुमार को तत्काल सड़कों को ठीक कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा को निर्देश दिए कि जल निगम के जेई रोहित कुमार को नोटिस दें और नगर की सभी सड़कों को सही कराया जाए। इस दौरान चेयरमैन हाजरा बेगम, ईओ कल्पना शर्मा, सफाई निरीक्षक राजीव कुमार, इस्लाम अली आदि मौजूद रहे

## सार-संक्षेप

### भारोत्तोलक रोली का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सिंधौली क्षेत्र के गांव महाऊ दुर्गा निवासी अजय पाल वर्मा की पुत्री रोली वर्मा ने मोदी नगर में हुई राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में शानदान प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है। जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया ने बताया कि 16 वर्षीया रोली वर्मा ने अंडर-16 वर्ग में सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग में प्रतिभाग करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है। इस उपलब्धि पर रोली का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में चयन किया गया है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 6 से 13 अक्टूबर तक रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा हिमाचल प्रदेश में होगी। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को कार्यालय में रोली से परिचय प्राप्त कर उसका उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भारोत्तोलन संघ समेत साथी खिलाड़ियों ने भी रोली वर्मा की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

### दबंगों ने की मारपीट, तमंचे से चलाई गोली



**जलालाबाद, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव फरीदपुर निवासी भोगवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र विवेक रविवार की रात 10 बजे अपने खेत की रखवाली करने गया था। अचानक गांव रघुनाथपुर व खण्डहर के बदमाशों ने उसके पुत्र को घेर लिया और गाली-गलौज करने लगे और कहा कि तेरी हिम्मत कैसे हुई खेत खरीदने की, तभी उसके पुत्र ने जब गाली गलौज का विरोध किया, तब आरोपियों ने उसके पुत्र को बुरी तरह लात घूसों से मारा। जिससे वह चोटिल हो गया। विवेक किसी तरह छूट कर भागा, तब पीछे से मनोज ने तमंचे से उसके पुत्र पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। जिससे पुत्र बाल-बाल बच गया। पीड़िता ने बताया कि छह सितंबर को भी आरोपियों ने उसके के घर पर हमला किया था और मारपीट की थी। तब पुलिस ने समझौता कर दिया था। उसके बाद भी यह लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और उसके बेटे की जान के पीछे पड़े हैं। वहीं कोतवाल प्रदीप राय ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


### चायनीज लहसुन की धरपकड़ को सब्जी मंडियों में छापा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन पर सहायक आयुक्त खाद्य चंद्रशेखर मिश्र के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने सोमवार को रोजा मंडी में चाइनीज लहसुन की रोकथाम के लिए छापेमारी की। हालांकि चाइनीज लहसुन नहीं मिला। सहायक आयुक्त खाद्य ने बताया कि चाइनीज लहसुन पर प्रतिबंध लग चुका है, अगर किसी व्यापारी के यहां चाइनीज लहसुन पाया जाएगा तो खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। बताया कि इससे पूर्व केरूगंज सब्जी मंडी, चिनौर सब्जी मंडी, पुवायां सब्जी मंडी में भी निरीक्षण कर कार्रवाई की गई। आढ़तियों को निर्देशित किया कि वह प्रतिष्ठान का खाद्य लाइसेंस बनवाना सुनिश्चित करें।

### स्कूल समय पूर्ववत रखने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने एक अक्टूबर से होने वाला स्कूलों का समय परिवर्तन न किए जाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष मुनीश मिश्रा और जिला मंत्री देवेश वाजपेयी ने डीएम को प्रेषित पत्र में कहा है कि वर्तमान में उमस और गर्मी के कारण परिषदीय विद्यालय का होने वाला समय परिवर्तन अभी न किया जाए। बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए 15 अक्टूबर तक स्कूल संचालन का समय पूर्ववत सुबह आठ से दो बजे तक ही रखा जाए। गर्मी में सुबह 9 बजे से 3 बजे तक समय किया जाना छात्रहित में नहीं होगा।

### सीएचसी से बाइक चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद




**बंडा, अमृत विचार :** बंडा के मोहल्ला बाबा चरनदास कालोनी निवासी प्रेम नारायण अग्निहोत्री कई वर्षों से बंडा सीएचसी में एएनएम के साथ बतौर सहायक का कार्य कर रहे हैं। सोमवार को वह घर से अपनी बाइक से सीएचसी पहुंचे और बाइक खड़ी कर मीटिंग हाल में चले गए। वापस आने पर देखा कि बाइक गायब है। जिसके बाद अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, जहां एक चोर उनकी बाइक के लॉक को तोड़कर ले जाता हुआ दिखाई दे रहा है। सीसीटीवी के जरिए युवक की पहचान की जा रही है। पीड़ित जब मामले की शिकायत थाने लेकर गया तो थाना प्रभारी ने उसे टरका दिया। बता दें यह पहला मामला नहीं है जब बंडा के सरकारी अस्पताल से चोरी की घटनाएं हो रही हैं।

### फंदा लगाकर आत्महत्या की कोशिश, हालत गंभीर

**खुटार, अमृत विचार :** घरेलू विवाद के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालांकि परिजनों ने उसे फंदे से उतार लिया। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का कुछ दिन पूर्व से अपनी पत्नी के साथ विवाद हो गया था। जिससे युवक परेशान रहने लगा। रविवार को भी युवक की अपनी पत्नी से कुछ कहासुनी हो गई थी। रविवार रात करीब दो बजे घर में टीन शेड में पड़ी लकड़ी की बल्ली में रस्सी फंदा लगाकर युवक ने फांसी लगा ली। इससे पूर्व युवक ने पत्नी को एक कमरे में बंद कर दिया था। पत्नी के शोर मचाने पर अन्य परिजन उठ गए और उसे फंदे से उतारा। रात को ही परिजन खुटार के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां युवक का इलाज चल रहा है। युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### फंदा लगाकर युवक ने दी जान



**निगोही, अमृत विचार :** गांव बझेडा बझेडी निवासी महेश ऊर्फ बब्बी (45) सोमवार शाम सात बजे ओमप्रकाश सिंह के बाग में आम के पेड़ में गमछे से फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने निगोही पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। निगोही थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि बझेडा-बझेडी में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

# सड़क पर संदिग्ध अवस्था में बेहोश मिली छात्रा

## थोड़ी देर को होश आने पर बोली-नकाबपोश दो लोगों ने पकड़ा, नशीला पदार्थ सुंघा कर भागे

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार:** स्कूल से घर लौटते समय रास्ते में छात्रा संदिग्ध अवस्था में बेहोश हो गई। परेशान परिजनों को वह गांव से डेढ़ किलोमीटर दूर सड़क पर बेसुध मिली। कुछ देर के लिए होश में आने पर बोली नकाबपोश दो लोगों ने उसे पकड़ा और छेड़खानी करते हुए गन्ने के खेत में खींच कर ले जाने का प्रयास करने लगे। इतना बताने के बाद वह वह फिर से बेसुध हो गई। परिजन उसे लेकर निगोही सरकारी अस्पताल पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मौका मुआयना किया।

क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीया किशोरी गांव से लगभग दो किलोमीटर दूर स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा है। उसी स्कूल में उसका छोटा भाई कक्षा सात में पढ़ता है। स्कूल में इन दिनों गृह परीक्षा चल रहीं हैं। सोमवार को प्रतिदिन की तरह दोनों भाई-बहन स्कूल गए थे। भाई की परीक्षा पहले समाप्त हो गई, इसलिए वह परीक्षा देने के बाद अकेले घर चला गया। छात्रा का पेपर देर से छूटा था। परिजनों के मुताबिक उसे दोपहर 12 बजे तक घर पहुंचना होता है। सोमवार को जब वह 12 बजे तक घर नहीं पहुंची, तब चिंता हुई। फोन के जरिये स्कूल से जानकारी हुई कि वह स्कूल से निकल गई है, तो चिंता और बढ़ गई। अनहोनी की आशंका से घबराए पिता बेटी की तलाश में घर से निकल गए। स्कूल से लौट रहे एक बच्चे ने बेटी के बेहोश होने के बारे में उसे जानकारी दी। वह स्कूल के रास्ते में गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूरी पर पहुंचा तो वहां बेटी खेत के पास बेहोश अवस्था में पड़ी थी और पास में ही उसकी साइकिल भी पड़ी हुई थीं। बेटी को बेसुध देख वह घबरा गया। उसने परिजनों को सूचना देने के साथ ही डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को भी जानकारी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह चौहान भी पुलिस टीम के साथ पहुंच गए। इस दौरान होश में आने पर छात्रा ने बताया कि दो नकाबपोश लोगों ने पकड़ लिया और गन्ने में खींच कर ले गए। इतना कहने के साथ ही वह फिर से बेसुध हो गई। उसे परिजन निगोही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां उसका उपचार किया जा रहा है।



बेसुध छात्रा को सीएचसी ले जाते स्वास्थ्यकर्मी। • अमृत विचार

> स्कूल से घर लौटते समय रास्ते में छात्रा बेसुध मिली थी, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छात्रा के पिता की ओर से तहरीर के आधार पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **- अरविंद सिंह चौहान,** प्रभारी निरीक्षक, निगोही

- **स्कूल से घर लौटते हुई घटना छेड़खानी करते हुए गन्ने के खेत में ले जाने का किया प्रयास**

### ...बाइक सवारों के आ जाने पर भागे आरोपी

पीड़ित पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि स्कूल से घर लौटते समय रास्ते में उसकी बेटी की साइकिल की चेन उतर गई थी। वह चेन चढ़ाकर साइकिल से घर के लिए चली, तभी रास्ते में मिले दो युवकों ने उसे रोका और छेड़खानी करते हुए उसे गन्ने के खेत में खींच कर ले जाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान पीछे से बाइक सवार दो लोग आ गए, जिन्हें देखकर दोनों युवक भाग गए। आरोपियों ने बेटी को कोई नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिससे वह बेहोश हो गई।

# एकतरफा कार्रवाई का विरोध, कोतवाली में हंगामा

संवाददाता, पुवायां

- **दरोगा पर लगाया पक्षपात करने का आरोप, इंस्पेक्टर के मनाने पर माने**
- **पुड़िया थूकने को लेकर दो समुदाय के दुकानदारों के बीच हो गया था विवाद**

**अमृत विचार :** दुकान के सामने पुड़िया थूकने को लेकर दो दुकानदारों में विवाद हो गया। मामला दो समुदायों के बीच का होने की वजह से कई लोग इकट्ठा हो गए और उनमें मारपीट होने लगी। जिसमें एक पक्ष के दो लोग घायल भी हो गए। पुलिस ने एक पक्ष के लोगों को थाने में बंद कर दिया। घटना की जानकारी होने पर भारी संख्या में युवा कोतवाली पहुंच गए और नारेबाजी शुरू कर दी। इंस्पेक्टर ने किसी तरह समझा कर लोगों को शांत किया।

नगर के जेवां रोड पर मोहल्ला तकिया में रहने वाले रामअवतार की दुकान है। उनके पड़ोस में ही मोहल्ले के ही दिलशाद का खोखा रखा हुआ है। रामअवतार का आरोप है कि दिलशाद आए दिन पान पुड़िया खाकर दुकान के सामने थूक देता है। सोमवार सुबह आठ बजे के करीब दिलशाद ने उनकी दुकान के सामने थूक दिया। राम अवतार के बेटे मोहित ने जब थूकने से मना किया, तो वह गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। इसी बीच दिलशाद ने भाइयों को बुला लिया और मोहित की पिटाई कर दी। मोहित का भाई जब बीच बचाव करने आया, तो उक्त लोगों ने उसके चेहरे पर ईंट से प्रहार कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। मोहित के परिवार के लोग भी पहुंच गए। इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। पुलिस ने आरोपी दिलशाद के साथ ही पीड़ित रामअवतार को भी थाने में लाकर बंद कर दिया और राम अवतार के परिवार के लोगों के घर में दबिश डालनी शुरू कर दी। बस यहीं से मामला तूल पकड़ गया। कुछ ही देर में हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के ब्लॉक अध्यक्ष राघव श्रीवास्तव टीम के साथ पहुंचे और घटना की जानकारी प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र, संगठन मंत्री कमल दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित शुक्ला, सह मंत्री अजय कुमार को दी। खबर लगते ही संगठन के सभी पदाधिकारी दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली पहुंच गए। दरोगा पर पक्षपात पूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली का घेराव कर लिया। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर हरपाल सिंह बालियान पहुंचे और उन्होंने संगठनों के पदाधिकारी से वार्ता की। इंस्पेक्टर ने दूसरे पक्ष पर भी कार्रवाई का आश्वासन दिया और रामअवतार पक्ष के घायलों का मेडिकल परीक्षण भी कराया। जिस पर सभी लोग शांत हो गए।



कोतवाली में इंस्पेक्टर हरपाल सिंह बालियान से वार्ता करते संगठन के पदाधिकारी।

> तहरीर के आधार पर मामले की दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, घायलों का मेडिकल कराया गया है। जांच कर पूरी निष्पक्षता के साथ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-हरपाल सिंह बालियान,** प्रभारी निरीक्षक, पुवायां कोतवाली

# परिश्रम और तकनीक का ज्ञान ही सफलता का मूल मंत्र

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **कैबिनेट मंत्री ने जीएफ कॉलेज में परास्नातक विद्यार्थियों को बांटे टैबलेट**
- **कहा: तकनीक में आगे बढ़ देश को सशक्त बनाएं**

**अमृत विचार:** जी एफ कॉलेज में सोमवार को वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजनांतर्गत परास्नातक छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को भी पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री खन्ना ने कहा कि परिश्रम और तकनीक का ज्ञान ही सफलता का मूल मंत्र है। दुनिया में वही देश प्रगति कर रहे हैं, जो देश प्रेम, परिश्रम और तकनीक के साथ आगे बढ़ रहे हैं। कहा कि विगत दस वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने इंग्लैंड और फ्रांस जैसे देशों को पीछे करके विश्व में पांचवां स्थान हासिल किया है, लेकिन तकनीकी स्तर पर अभी बहुत काम करना बाकी है। प्रदेश सरकार ने छात्र-छात्राओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है, जिसका लाभ उठाते युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में गुणवत्तापरक कार्य करते हुए देश को मजबूत बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता को हमें अपनी दिनचर्या का अंग बनाना चाहिए। हमें शर्म को छोड़ते हुए अपने घर, प्रतिष्ठान, स्कूल-कॉलेज को स्वच्छ वातावरण देना होगा, जिससे सभी निरोगी रह सकें।इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक मलक अब्दुल वाहिद ख़ां, कोषाध्यक्ष सैयद जुल्फिक़ार अहमद, बरकत अली ख़ां, सैयद इफ्तिख़ार अहमद, मोहम्मद शाहनवाज खां समेत बड़ी संख्या में स्टाफ के सदस्य और विद्यार्थी मौजूद रहे।



जीएफ कॉलेज में कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना के साथ टैबलेट प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं। • अमृत विचार

### पुरस्कृत किए गए प्रतियागिता के विजेता

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत कैबिनेट मंत्री ने कोमल पांडे को प्रथम, साक्षी शुक्ला को द्वितीय व काजल को तृतीय तथा पोस्टर प्रतियोगिता में आएशा को प्रथम, अफीफा अली को द्वितीय और उरूज फातिमा को तृतीय स्थान पाने की बधाई देते हुए पुरस्कृत किया। डॉ. मंसूर सिद्दीक़ी के संचालन में चले कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सैयद मोइनुद्दीन ने वित्त मंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन ख़ां ने स्वागत भाषण दिया।

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY
STAFF REQUIRED
Accountant
Qualification :- M.Com, B.com with good knowledge of MS Excel & Tally, Exp. 1 Year
Sr. Lab Technician (Blood Bank)
Qualification:- BMLT /DML,T Exp. 3 Years
Lab Technician
Qualification:- BMLT /DMLT
Computer Operators
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Hindi & English) (Exp. Min. one year)
Salesman (For Medical Stores)
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)
PRO
Qualification: Graduation
Salary No Bar for Deserving Candidates
How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

# जंगली सुअर के शिकार की झूठी सूचना दे वन विभाग को छकाया

संवाददाता, खुटार

- **टीम ने गांव पहुंचकर घटनास्थल पर की जांच, नहीं मिला कोई साक्ष्य**
- **ग्रामीणों ने जानकारी से किया इंकार युवक को साथ ले गई टीम**
- **आरोपी युवक ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई थी झूठी शिकायत**

**अमृत विचार :** गांव हिटौटा में तीन जंगली सुअर को मारने की झूठी सूचना देकर एक युवक ने वन विभाग की टीम को खूब छकाया। मामला झूठा पाए जाने पर गांव मोहनपुर के युवक को वन विभाग की टीम पूछताछ के लिए लखीमपुर खीरी के कस्बा मैलानी वन रेंज लेकर चली गई। उस युवक ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर झूठी शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि, वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की। जांच में पाया गया कि ऐसी घटना घटित नहीं हुई।

क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी पिंटू सक्सेना ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर बताया था कि वह गांव हिटौटा स्थित अपने खेत पर गया था। जहां गांव का एक व्यक्ति अपने चार-पांच साथियों के साथ जंगली सुअर को मारने का प्रयास कर रहा था। दो जंगली सुअर का पहले से शिकार कर चुके थे। जबकि तीसरे को घेरकर मारने का प्रयास कर रहे थे। इसके बाद उसने इस बात का विरोध किया। तो उक्त सभी लोग सूजा से डराने व धमकाने लगे। इसके बाद वह ला आया और वन विभाग के साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की। शिकायत के बाद अधिकारियों के सामने मामला पहुंचा। सोमवार को रेंजर मनोज श्रीवास्तव टीम के साथ पहुंचे और जांच की। इसके बाद गाव के लोगों से भी पूछताछ की। शिकायतकर्ता पिंटू सक्सेना के साथ खेत पर पहुंचे, जहां ऐसा कोई भी साक्ष्य नहीं दिखा सका। जहां पर सुअर का शिकार किया गया हो। रेंजर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने ग्रामीणों से अलग-अलग पूछताछ की। लेकिन शिकार होने की पुष्टि नहीं हो पाई और लोगों ने इस घटना से साफ इंकार कर दिया। वन विभाग की टीम के जांच करने पर शिकायत झूठी निकली, तो वन विभाग की टीम ने राहत की सांस ली। इसके बाद टीम शिकायतकर्ता को पूछताछ के लिए अपने साथ मैलानी वन रेंज कार्यालय लेकर चली गई। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है।



मोहनपुर गांव में ग्रामीणों से जानकारी लेते रेंजर मनोज श्रीवास्तव।

### .... इसलिए रचा षड़यंत्र

झूठी शिकायत करने वाले पिंटू सक्सेना ने पूछताछ में बताया कि गांव मोहनपुर प्रधान के साथी को फसाने के लिए यह षड़यंत्र रचा था। पिंटू का गांव के प्रधान से पुराना विवाद चल रहा था। उस विवाद में प्रधान का साथी भी शामिल था। जगह को चिन्हित करने के बाद इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई थी और वन विभाग के अधिकारियों को भी सूचना दी थी। शिकायत में तीन जंगली सुअर को मारने का जिक्र किया गया था। साथ ही प्रधान के साथी और अन्य चार-पांच अज्ञात लोगों को शामिल किया गया था। लेकिन वन विभाग टीम के जांच करने पर मामला फर्जी निकला। रेंजर की पूछताछ में पिंटू ने यह बात स्वीकार की है।

> जंगली सुअर के शिकार की सूचना शिकायतकर्ता द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर झूठी दर्ज कराई गई है। गांव पहुंचकर जांच की गई, तो पता चला की गांव में कोई जंगली सुअर का शिकार नही हुआ है। शिकायतकर्ता ने झूठी सूचना मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई है। पूछताछ की जा रही है।
>
> **-मनोज श्रीवास्तव,** रेंजर खुटार

### तस्कर गिरफ्तार, 340 ग्राम डोडा बरामद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कलान पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पांच किलो 340 ग्राम डोडा बरामद किया है। परौर थाना के उप निरीक्षक रामकुमार शर्मा ने रविवार की रात साढ़े नौ बजे चौराबगरखेत मार्ग पर एक व्यक्ति को बाइक समेत रोक लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से डोडा का पोस्ता बरामद किया है। पकड़ा गया अभियुक्त सुनील तिवारी निवासी अमृतापुर थाना परौर है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक विजय कुमार आदि थे।

### चोरी के सामान समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अल्हागंज के उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने रविवार की शाम आठ बजे बारा पत्थर रास्ते से दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोर अमन निवासी शिवपुरी थाना अल्हागंज व दूसरा बाल अपचारी है। अभियुक्त के कब्जे से दो चोरी की साइकिल व एक पंखा बरामद किया है। पूछताछ के दौरान चोरों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व मोहल्ला शिवपुरी में गोविंद सिंह के घर से पंखा व दोनों साइकिल चोरी की थी। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया।

## सही परामर्श सही इलाज



डा. कक्कड़ (बी.एच.एम.एस.)
09897052236

नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरुष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।

यदि आप
- मर्दाना कमजोरी
- शुक्राणु की कमी
- शीघ्रपतन

का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें

- जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
- क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।

डा. आर. पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drrpkakkarclinic.com
मिलने का समय प्रातः 10 से 5 बजे तक

## भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग [COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरु /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश


## बुखार के 333, मलेरिया के निकले नौ मरीज

**बदायूं,अमृत विचार** : संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य शिविरों में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सोमवार को लगाए गए स्वास्थ्य शिविरों में 790 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, इनमें 333 मरीज बुखार के सामने आए और 275 लोगों का मलेरिया टेस्ट किया गया जिसमें मलेरिया पीवी के 6 और मलेरिया पीएफ के तीन मरीज निकले। सभी को गांव में दवा दी गयी। उधर ब्लाक म्याऊ के गांव रिठिया में जलभराव वाले स्थानों पर लार्वा नाशक दवा का छिड़काव किया गया। कई दर्जन घरों में फॉगिंग कराई गयी। ब्लॉक के ग्राम मिश्रीनगला में लार्वा नाशक दवा का छिड़काव किया गया।

## बिल्सी में लेखपाल आज कार्य से रहेंगे विरत

**बिल्सी,अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील इकाई की एक बैठक तहसील सभागार में आयोजित की गई। जिसमें तहसीलदार द्वारा उत्पीड़नात्मक कार्यवाही एवं विगत दो माह से लेखपालों का वेतन निर्गत नहीं किए जाने के फलस्वरूप आर्थिक तंगी के कारण कुछ लेखपालो में आत्महत्या किए जाने की बढ़ती गंभीर प्रवृत्ति को लेकर चर्चा की गई। तहसील बिल्सी के सभी लेखपाल तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक सरकारी कार्यों से विरत रहने का निर्णय लिया गया।

# सीसीटीवी कैमरे बंद, वार्डो की नहीं मिल रही लोकेशन


### मुख्यालय भी नहीं देख पा रहा स्थिति, कंट्रोल रूम का स्थान बदला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : जिला अस्पताल में लगाए गए कैमरों का कंट्रोल रूम बदल दिया गया है। अधिकांश कैमरे बंद हैं जिससे लखनऊ मुख्यालय भी वार्ड की स्थिति नहीं देख पा रहा है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार मात्र दो कैमरे बंद हैं।

जिला अस्पताल में पिछले साल शासन के निर्देश पर विभिन्न स्थानों पर 56 कैमरे लगाए गए थे। इनका कंट्रोल रूम सीएमएस के कार्यालय में बनाया गया था। कुछ समय तक सभी कैमरे चालू रहे उसके बाद कैमरे बंद होने लगे तो कंट्रोल रूम का स्थान भी बदल दिया गया। सीसीटीवी कैमरों का कंट्रोल रूम दूसरे स्थान पर बनाया गया है जहां पर कैमरे की लोकेशन देखी जा सकती है लेकिन यह लोकेशन आम लोगों से छिपा कर रखी गयी है। उधर लखनऊ मुख्यालय भी कुछ स्थानों की लोकेशन नहीं देख पा रहा है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार बारिश में आई वार्ड और रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लगे कैमरों पर पानी गिर जाने से कैमरे बंद हो गये थे। जो अभी भी बंद हैं। जबकि अस्पताल में कई अन्य स्थानों पर लगे कैमरे काफी समय से बंद हैं। इमरजेंसी वार्ड के बाहर लगा कैमरा बंद है, ओपीडी के बाहर लगा कैमरा भी बंद है।

अस्पताल के मैनेजर खालिद हुसैन ने बताया कि कुछ स्थानों पर कैमरे बंद हैं जो जल्द ही ठीक कर चालू कर दिए जाएंगे। कैमरों को हर रोज चेक किया जाता है। सभी स्थानों पर लगे कैमरे ठीक काम कर रहे हैं।



ओपीडी के बाहर बंद पड़ा कैमरा

- जिला अस्पताल में एक साल पूर्व लगाए गए थे 56 कैमरे

### घटनाओं पर पर्दा डालना हो गया आसान

करीब पन्द्रह दिन पूर्व जिला अस्पताल में दवा लेने आयी एक महिला के पर्स से तीस हजार रुपए उचक्के ने चुरा लिए। महिला ने जब शोर मचाया तो हंगामा हो गया। ओपीडी के बाहर कैमरा बंद था जिससे चोर को पकड़ा नही जा सका। इस तरह की तमाम घटनाओं पर पर्दा डालने को कैमरे खराब होने की बात कही जाती है।

"जिला अस्पताल में सीसीटीवी कैमरे का कंट्रोल रूम बदला गया है। लगभग सभी कैमरे काम कर रहे हैं। कुछ स्थानों पर दिक्कत आ रही है। बारिश में पानी गिरने से कैमरे खराब हो गए। उन्हे जल्द चालू कराएंगे।
**-डा. कप्तान सिंह** - सीएमएस

## डीएम ने जागरूकता वाहन को किया रवाना

**बदायूं अमृत विचार** : प्रमोशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन फॉर इन-सीटू क्रॉप मैनेजमैण्ट रेजड्यू योजनान्तर्गत कृषकों को पराली जलाने से होने वाले दुष्परिणामों एवं फसल अवशेष प्रबंधन के विषय में जागरूक करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव द्वारा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया गया। प्रचार वाहन जनपद की समस्त तहसीलों, समस्त विकास खण्डों मार्ग में पड़ने वाले समस्त ग्रामों के कृषकों को फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूक करेगा। कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, उप कृषि निदेशक मनोज कुमार उपस्थित रहे।

## रायपुर खुर्द में आज लगेगा किसान शिविर

**बिल्सी,अमृत विचार** : प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा एक सितंबर को तहसील क्षेत्र के गांव रायपुर खुर्द में सुबह आठ बजे से जूनियर हाईस्कूल रायपुर खुर्द में एक किसान शिविर लगाया जाएगा। जिसमें गांव के पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्रता की श्रेणी में आने वाले समस्त कृषक वांछित अभिलेख आधार कार्ड, बैंक पासबुक, उद्धरण खतौनी, घोषणा पत्र सहित उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है। ताकि किसानों की इस समस्या को प्राथमिकता से निस्तारण किया जा सके। यह जानकारी एसडीएम रिपुदमन सिंह ने दी है।

# नई लैब में होगी सौ से अधिक बीमारियों की जांच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : जिला अस्पताल में तैयार हो रही लैब में सौ से अधिक बीमारियों की जांच की जाएगी। साथ ही नौ ब्लाकों पर तैयार हो रही बीएचपीयू में करीब 63 बीमारियों की जांच की जाएगी।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने निर्देशित किया कि जो भी निर्माण कार्य स्वास्थ्य विभाग के कराए जा रहे हैं वह समय से पूर्ण हों। तथा समय से ही धन का व्यय किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता को सुनिश्चित कराएं। उन्होंने जिला पुरुष चिकित्सालय में 88 लाख रुपए की लागत से बन रही इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी व 9 ब्लॉकों में बन रहे ब्लॉक हेल्थ पब्लिक यूनिट के कार्यों को भी जल्द से जल्द कराने के लिए कहा।

उन्होंने बताया कि 9 ब्लॉकों में ब्लॉक हेल्थ पब्लिक यूनिट (बीएचपीयू) का निर्माण किया जा रहा है। जिनमें से 2 का कार्य पूर्ण होकर स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर हो चुके हैं। शेष पर कार्य जारी है। प्रत्येक बीएचपीयू की लागत 48 लाख है। प्रत्येक बीएचपीयू में करीब 63 ब्लड आदि की जांच मरीज की हो सकेगी, और मरीज के मोबाइल पर सभी जांच रिपोर्ट उपलब्ध हो जाएगी। जिला पुरुष चिकित्सालय में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी (आईपीएचएल) का निर्माण कराया जा रहा है जिसकी लागत करीब 88 लाख रूपए है। जिसमें करीब 100 से अधिक जांच होगी और रिपोर्ट मरीज के मोबाइल पर भेजी जाएगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामेश्वर मिश्रा ने बताया कि जनपद में एक जिला पुरुष चिकित्सालय, एक जिला महिला चिकित्सालय, 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 45 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 408 उपकेंद्र हैं। उन्होंने बताया कि हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर को आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए जाने पर कार्य चल रहा है, जिनमें एएनएम व सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) बैठेंगे। 234 आयुष्मान आरोग्य मंदिर का कार्य पूर्ण हो चुका है। 71 पर कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि बैठक में टीबी कार्यक्रम, विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति व अन्य कार्यों की समीक्षा की गई, तथा कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर डा. सनोज मिश्रा, डा.केके शर्मा, अरविंद राना सहित अन्य चिकित्सक, अधिकारी आदि मौजूद रहे।



समीक्षा बैठक में डीएम को विभाग की जानकारी देते डीपीएम डा. कमलेश कुमार।

- जिला अस्पताल में तैयार हो रही नई पैथोलॉजी लैब
- 9 ब्लाकों में हो रहा बीएचपीयू का निर्माण, 63 जांच की होगी सुविधा

# जैविक खेती की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : यूपी डास्प द्वारा संचालित नमामि गंगे जैविक खेती (ईओएफसी) योजनान्तर्गत द्वितीय चरण में गठित समूहों के सदस्यों का प्रथम वर्ष का एक दिवसीय जैविक किसान मेला गोष्ठी का आयोजन सोमवार को ब्लाक परिसर उसावां में किया गया। मेले का उदघाटन ब्लाक प्रमुख दिनेश कुमार सिंह ने किया।

मेले में कृषकों को जैविक खेती में आ रही समस्याओं के समाधान के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।किसान मेला गोष्ठी में कृषकों के जैविक उत्पादों के विक्रय हेतु जैविक उत्पाद प्रदर्शनी स्टॉल लगाकर प्रचार-प्रसार किया गया। जिससे किसानों के जैविक उत्पादों की बिक्री स्थानीय मार्केटिंग के माध्यम से करायी जा सके। सहायक विकास अधिकारी कृषि उसावाँ डॉ. अनुराग दुबे, महिला मोर्चा संगठन से राममूर्ति सिंह, मंडल अध्यक्ष ओमप्रताप सिहं, बीटीएम उसावाँ, सहायक कृषि रक्षा अधिकारी उसावा, जिला परियोजना समन्वयक डॉ विवेक कुमार गौरव एवं वरिष्ठ कृषि विशेषज्ञ डॉ. आरएस सिंह, जिला प्रभारी लवकुश मिश्रा, कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि विशेषज्ञ एवं गठित समूहों के सदस्य कृषक व सहयोगी संस्था के सभी कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।



किसान मेला गोष्ठी का निरीक्षण करते ब्लॉक प्रमुख दिनेश कुमार सिंह।

# सफाई कर्मियों ने किया धरना-प्रदर्शन



नगर पंचायत कार्यालय पर प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी।

संवाददाता, कुंवर गांव

**अमृत विचार** : नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों को दो माह से वेतन न मिलने से उनके सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। आर्थिक समस्या से जूझ रहे सफाई कर्मचारियों ने सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया।

चेयरमैन ज्योति रानी को ज्ञापन सौपा। हरिलाल पटेल अधिशासी अधिकारी का 27 अगस्त को स्थानान्तरण हो गया। तभी से नगर पंचायत कुंवर गांव में अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त है। जिस कारण कर्मचारियों को 2 माह से वेतन नहीं मिला है। एवं नगर पंचायत के समस्त कार्य ठप पड़े हैं। प्रशासन द्वारा अभी तक किसी ईओ की व्यवस्था नहीं की गई है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही किसी ई ओ की तैनाती नहीं की गई तो काम बंद हड़ताल की जायेगी। प्रदर्शन में लिपिक सुरेश पाल सिंह, नितिन कुमार सक्सेना, पोथीराम संतोष व अन्य सफाई कर्मचारी व उपस्थित मौजूद रहे।

## महोत्सव समिति ने कराई परीक्षा

**बदायूं,अमृत विचार** : लोकमाता अहिल्याबाई होलकर महोत्सव समिति के तत्वाधान में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रश्नोत्तरी परीक्षा, निबन्ध, भाषण प्रतियोगिता 16 महाविद्यालय और 36 इंटर कॉलेज में सम्पन्न हुई।

महिला समन्वय की विभाग संयोजिका सीमा रानी ने कहा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जीवन शैली पर आधारित प्रश्नोत्तरी, निबंध और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन पारदर्शिता से किया गया। कक्षा 6 से 10 तक की 3450 छात्राओं ने प्रश्नोत्तरी परीक्षा में भाग लिया। कक्षा 11 से 12 तक की 380 छात्राओं ने लोकमाता अहिल्याबाई पर निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। 310 महाविद्यालय की छात्राओ ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्होंने कहा दो सप्ताह बाद परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाएगाइस मौके पर पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल, अंजू चौहान, सोनी गुप्ता, मयंक प्रताप सिंह, आराधना चौहान, सीमा चौहानआदि रहीं।

## सार-संक्षेप

### माहेश्वरी सभा की बैठक में तीसरी संतान पर चर्चा



**बदायूं,अमृत विचार** : भगवान परशुराम पब्लिक इंटर कॉलेज में जिला माहेश्वरी सभा की बैठक हुई। समाज में व्याप्त वैवाहिक कुरीतियों, महासभा के आर्थिक ट्रस्टों द्वारा गरीब असहाय, विधवा महिलाओं को दी जाने वाली आर्थिक सहायता, तीसरी संतान पैदा होने पर महासभा की ओर से 51 हजार रुपये की एफडी कराने आदि को लेकर चर्चा हुई। माहेश्वरी विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल में संगठन का जिला कार्यालय बनवाने का निर्णय लिया। संगठन के जिलाध्यक्ष कृष्ण देव चांडक ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्री वेडिंग शूट पर प्रतिबंध के बारे में जानकारी दी। राधेश्याम माहेश्वरी, राकेश माहेश्वरी, महेश चंद्र माहेश्वरी, मुकेश चंद्र माहेश्वरी, जय प्रकाश लड्डा, राजीव माहेश्वरी, मोहित माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

### पदमांचल जैन मंदिर परिसर में किया पौधरोपण



**बिल्सी अमृत विचार** : बिसौली रोड स्थित जैन मंदिर पदमांचल द्वारा संचालित अरिहन्त वृक्षारोपण समिति के तत्वावधान में सोमवार को समिति के सदस्य निखिल सक्सेना ने अपने 25 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में अशोक के वृक्षों का रोपण किया। उन्होंने अभिभावकों से अपील भी की कि वह भी अपने बच्चो के जन्मदिन पर पौधारोपण करें, ताकि बच्चों के भविष्य में प्रदूषण ग्लोबल वार्मिंग जैसे भयावह संकट से निजात मिल सके। इस मौके पर समिति के संस्थापक प्रशान्त जैन, प्रदेशाध्यक्ष विष्णु असावा, पीयूष वार्ष्णेय, अनुज शर्मा, देव ठाकुर, डॉ नीरज अग्निहोत्री, साबिर मलिक आदि मौजूद रहे।

### रामेश्वर दयाल अध्यक्ष, रामसिह बने उपाध्यक्ष



**उसहैत अमृत विचार** : केसरी सिंह मेमोरियल पी जी महाविद्यालय की प्रबन्धक समिति का चुनाव पर्यवेक्षक की निगरानी में हुआ सम्पन्न हुआ। केसरी सिंह मेमोरियल पीजी महाविद्यालय, टिकरी में महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा नामित पर्यवेक्षक प्रोफेसर यतेंद्र कुमार द्वारा संपन्न कराया गया। महाविद्यालय की साधारण सभा के 21 सम्मानित सदस्यों में से 20 सदस्य उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से रामेश्वर दयाल को अध्यक्ष, राम सिंह को उपाध्यक्ष, ऋषिपाल सिंह को प्रबंधक सचिव, सत्य प्रकाश को उप प्रबंधक, रोशन लाल को कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुना गया, एवं कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों में भीमसेन सागर, डॉ. मनवीर सिंह, छत्रपाल सिंह, लालजीत सिंह, प्रवेंद्र कुमार सिंह, सत्यभान सिंह, भगवान श्री देवी एवं डॉ. कुशल पाल सिंह प्राचार्य नामित सदस्य, डॉ. मुकेश चंद्र आचार्य नामित सदस्य को सर्वसम्मति से कार्यकारिणी सदस्यों की श्रेणी में चुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लालजीत सिंह ने एवं संचालन प्रबंधक ऋषिपाल ने किया। रहे।

# बुखार पीड़ितों से भर गया जिला अस्पताल

## भीड़ ने तोड़े सारे रिकार्ड बुखार के आए चार सौ मरीज, मलेरिया भी हो रहा हावी, सभी वार्ड फुल

कार्यालय जिला संवाददाता, बदायूं



लाइन में लगी मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बुखार की भयाभयता को देख कर हर कोई घबराया हुआ है। जिला अस्पताल में हर दिन सैकड़ों मरीज आ रहे हैं। मलेरिया के मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। सोमवार को सात सौ से अधिक मरीज जिला अस्पताल में देखे गए इनमें चार सौ मरीज बुखार और मलेरिया के थे। अन्य मरीजों की संख्या भी तीन सौ से अधिक रही।

इन दिनों बुखार का प्रकोप हर दिन बढ़ रहा है। जिससे स्थिति डरावनी होती जा रही है। सोमवार को सुबह से मरीजों की लाइन लगनी शुरू हो गयी। दोपहर एक बजे तक सभी ओपीडी मरीजों से फुल हो गयी। मरीजों ने लाइन में लगकर दवा ली। लाइन में लगने वाले मरीजों को एक घंटे तक भीड़ में पसीना बहाना पड़ा तब वह डॉक्टर के पास तक पहुंचे।

आज 366 मरीज बुखार के आए जबकि 44 मलेरिया के मरीजों को दवा दी गयी। इनके अतिरिक्त तीन सौ से अधिक मरीज देखे गए। मरीजों की लाइन दोपहर एक बजे तक लगी रही। तेज धूप के कारण गर्मी ने भी आज पसीना बहाने को मजबूर कर दिया। भीड़ को नियंत्रित कर रहे सुरक्षाकर्मियों ने शोर शराबा नहीं होने दिया फिर भी गर्मी ने सभी को बेहाल कर दिया।

फिजीशियन डा. एसएम कमल ने बताया कि सुबह नौ बजे से मरीजों की लाइन लगी हुई है जो एक बजे तक खत्म नहीं हुई। आज तीन उनकी ओपीडी में तीन डॉक्टरों ने मरीजों को देखा फिर भी भीड़ के आगे बेबस हो गए। उन्होंने कहा कि बुखार अभी कम नहीं हो रहा है। बल्कि आज बुखार के मरीज अधिक रहे। गर्मी तेज होने के बाद स्थिति और बिगड़ सकती है। उन्होंने बताया कि हर सोमवार को मरीजों की भीड़ अन्य दिनों की अपेक्षा सबसे अधिक होती है। भीड़ को नियंत्रित करना भी मुश्किल हो जाता है। सीएमएस डा. कप्तान सिंह का कहना है कि हर साल इन्हीं दिनों में बुखार का प्रकोप बढ़ता है। इसलिए जिला अस्पताल के इम्तिहान का समय होता है। जब तक मौसम में बदलाव नहीं होता तब तक इसी तरह दिक्कत रहेगी।

### बुखार के मरीजों को अब यूनानी दवाओं पर अधिक भरोसा

यूनानी दवा खाना में भी करीब 116 मरीज बुखार के देखे गए। बुखार के मरीज अब यूनानी दवाओं पर अधिक भरोसा कर रहे हैं इसलिए हर रोज सौ से अधिक मरीज यूनानी दवा ले रहे हैं। सोमवार को भी करीब 116 से अधिक मरीजों ने यूनानी की दवा ली। यूनानी चिकित्सक डा. मोहम्मद अफजल ने बताया कि बुखार का सीजन चल रहा है इसलिए बुखार और मलेरिया के मरीजों की संख्या भी अधिक रहती है। हर दिन बुखार के मरीज आते हैं।

## एक नजर

### जनपद न्यायाधीश व डीएम ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण



निरीक्षण के बाद कारागार से बाहर आते डीएम व जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार अग्रवाल।

**बदायूं, अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार अग्रवाल व जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने सोमवार को जिला कारागार का त्रैमासिक औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने पाकशाला, अस्पताल आदि का निरीक्षण किया। वहां विभिन्न बैरकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। इस अवसर पर अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### सरकारी स्कूल में सात महीने में तीसरी बार चोरी

**बिल्सी, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र अंबियापुर क्षेत्र के गांव पिंडोल के प्राथमिक विद्यालय में पिछले सात महीने में तीसरी बार चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार जैन ने बताया कि चोरों ने रसोइघर का ताला तोड़कर भंडार गृह से कई चीजें चोरी कर लीं। चोरी के बाद पुलिस को जानकारी दी जा रही है लेकिन पुलिस खुलासा नहीं कर पा रही। पुलिस की इसी निष्क्रियता का लाभ चोर उठा रहे हैं उन्होंने आइजीआरएस पर भी शिकायत की है। सीओ बिल्सी उमेश चंद्र ने जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

### शहर में सात घंटे विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी

**बदायूं, अमृत विचार :** उपखंड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखंड नगरी प्रथम सुमित कुमार साहू ने बताया कि नगर एक अक्टूबर को 33केवी लाइन के नीचे गार्डिंग की जानी है। जो पनवड़िया व कचहरी उपकेंद्र से पोषित है। जिसके चलते मोहल्ला जवाहरपुरी, ब्राह्मपुर, जोगीपुरा, सिविल लाइन, पटियाली सराय, नई सराय, प्रभात नगर, गोपी चौक, छह सड़का, मधुवन कॉलोनी, कचहरी आदि की बिजली सप्लाई सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी।

# 15 साल बाद नहीं मिला मुआवजा आईजी का बैंक खाता सीज

विधि संवाददाता, बरेली

- 2009 में तत्कालीन डीआईजी के काफिले में शामिल जिप्सी की टक्कर से हुई थी मौत
- दुर्घटना में मृतक की पत्नी को 3.22 लाख रुपये ब्याज के साथ देने के आदेश का पालन नहीं

**अमृत विचार :** मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी क्षितिज कुमार श्रीवास्तव ने चीफ ट्रेजरी ऑफिसर को आईजी बरेली का खाता सीज करने का आदेश दिया है।

वर्ष 2009 में तत्कालीन डीआईजी के काफिले से सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के मामले में वर्ष 2013 में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने डीआईजी को मृतक को तीन लाख 22 हजार रुपये अदा करने का आदेश दिया था। आदेश के अनुपालन को न्यायालय ने डीएम को भी कई बार पत्र भेजे लेकिन कोई वसूली नहीं हो सकी। मृतक की पत्नी पिछले 15 साल से न्याय की बाट जो रही है।

गांव पिपरिया निवासी नन्दराम 24 अगस्त 2009 को फतेहगंज पश्चिमी से घर बाइक पर पीछे बैठकर आ रहे थे। रास्ते में फोकस कॉलेज के सामने जिप्सी के चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में नंदराम की मौके पर मौत हो गयी। उनकी पत्नी विमला देवी ने डीआईजी को विपक्षी बनाकर अधिकरण के समक्ष दुर्घटना दावा कर मुआवजा दिलाने की मांग की थी। 2 अप्रैल 2013 को डीआईजी के विरुद्ध तीन लाख 22 हजार रुपये याचिका दायर करने की तिथि 24 अक्टूबर 2009 से भुगतान की तिथि तक सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ देने का आदेश दिया गया था लेकिन डीआईजी की ओर से रकम जमा न किए जाने पर वादिनी ने वसूली के लिए कोर्ट में दोबारा अर्जी दी थी। इस वर्ष जुलाई में अधिकरण ने डीएम को पत्र भेजकर ब्याज समेत 6,48,830 रुपये वसूल करवाने का आदेश दिया था।

# अतिरिक्त दहेज के लिए महिला को जान से मारने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शहर के माल गोदाम निवासी महिला ने सीओ सिटी से की थी शिकायत

**अमृत विचार :** ससुरालीजनों ने एक महिला से अतिरिक्त दहेज में 15 लाख रुपये की मांग की। मांग पूरी न होने पर जान से मारने की नीयत से रसोइघर में गैस खोली और महिला को चाय बनाने के लिए भेज दिया। गनीमत रही कि महिला को दुर्गंध आ गई और उसने गैस बंद कर दी। परिजनों ने महिला को घर से निकाल दिया। महिला ने सीओ से शिकायत की। सीओ के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ जान से मारने का प्रयास, दहेज उत्पीड़न, धमकाने, मारपीट आदि की रिपोर्ट दर्ज की है।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के माल गोदाम निवासी राशिका सक्सेना ने सीओ सिटी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी शादी 28 नवंबर 2017 को ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 16बी निवासी अंकित सक्सेना पुत्र मुकेश सक्सेना के साथ हुई थी। शादी में उनके पिता सुनील सक्सेना ने 5 लाख रुपये, 3 लाख रुपये के जेवर और 2 लाख रुपये का अन्य खर्च किया था। जिसके बाद पति, ससुर, जेठ गौरव सक्सेना, जिठानी ममता सक्सेना ने 15 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी थी। मांग पूरी न होने पर उन लोगों ने शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न शुरू कर दिया। खाने-पीने को नहीं देते थे। राशिका ने मायका पक्ष को सूचना दी। मायका पक्ष ने ससुरालीजनों को समझाया लेकिन वह लोग नहीं माने और अपनी मांग पर अड़े रहे। 4 जनवरी 2022 को राशिका सक्सेना ने बच्चे को जन्म दिया। जिसका नाम क्यान सक्सेना रखा। बेटे को जन्म होने के बाद भी ससुरालीजन अपनी मांग पर अड़े रहे। मार्च 2024 को उन्होंने मायका पक्ष को धमकाया कि अगर 15 लाख रुपये नहीं दिए तो राशिका को जान से मार देंगे। सुनील सक्सेना ने दो लाख रुपये कर्ज लेकर ससुरालीजनों को दे दिए। जिसके बाद भी उनके व्यवहार में परिवर्तन नहीं आया। 25 अप्रैल 2024 को पंचायत हुई। ससुरालीजनों ने कहा कि नया घर लिया है। जिसके लिए रुपये की जरूरत है। आरोप है कि 26 अप्रैल 2024 को जान से मारने की नीयत से ससुरालीजनों ने गैस खुल दी और राशिका से रसोइघर में जाकर चाय बनाने को बोला। राशिका को दुर्गंध आ गई और उन्होंने गैस बंद कर दी।

# रंजिश में चाकू से किया हमला

**बदायूं अमृत विचार :** फर्जी आय प्रमाण पत्र बनवाने की शिकायत करने पर आरोपी ने पीडित पर चाकू से हमला करने के साथ ही लाठी मारकर कंधे की हड़डी भी तोड़ दी। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सम्राट अशोक नगर निवासी प्रशांत कांत ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि पटेल नगर निवासी हरीश चंद्र, पंकज और गांव कटिन्ना बरचऊ निवासी ओमकार आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। हरीश ने फर्जी आय प्रमाण पत्र बनवाया था। उनके शिकायत करने पर सिविल लाइन कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। आरोप है कि हरीश चंद्र उनसे रंजिश मानने लगे। देख लेने और जान से मारने की धमकी दी। 18 जुलाई सुबह साढ़े चार बजे वह अपने घर के सामने टहल रहे थे। आरोप है कि हरीश चंद्र चाकू और पंकज व ओमकार लाठी-डंडे लेकर आए। उन्होंने प्रशांत कांत को गाली दी विरोध करने पर उन्होंने प्रशांत से मारपीट की। जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किया। जो प्रशांत के हाथ में लगा। लाठी से पीटने से उनके कंधे की हड्डी टूट गई। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो वह कोर्ट में गए।

# बाइक चोरी करने और खरीदने वाले चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जगह-जगह से दो लोगों ने चोरी की थी बाइकें, रिपेयरिंग करने वाले मैकेनिकों को बेचीं
- पुलिस ने रिपेयरिंग की दुकान से तीन बाइकें, पुर्जे और नगदी भी बरामद की



सहसवान पुलिस की गिरफ्त में बाइकें चोरी और खरीदारी करने के आरोपी।

**अमृत विचार :** वाहन चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई दूसरी दिन भी जारी रही। रविवार को सिविल लाइन क्षेत्र के बाद सोमवार को सहसवान पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। बाइकें चोरी करने वाले दो और चोरी की बाइक खरीदने वाले दो मैकेनिक को गिरफ्तार किया। जिनके पास से चोरी की तीन बाइकें और एक आधी कटी हुई बाइक के पुर्जे और 2907 रुपये बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया। उनके साथियों के बारे में जानकारी की जा रही है।

सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव चंदनपुर निवासी विशेष यादव पुत्र अवधेश कुमार ने 26 सितंबर को पुलिस को फोन पर सूचना दी थी कि किसी ने उनकी बाइक यूपी 24 एजेड 3707 चोरी कर ली है। पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज करके बाइक की खोज शुरू की थी। टीमों का गठन किया गया। टीम ने जांच के आधार पर पुलिस सोमवार सुबह लगभग साढ़े छह बजे गांव अमनपुर निवासी शादाब की बाइक रिपेयरिंग की दुकान पर पहुंची। जहां से कस्बा सहसवान के मोहल्ला काजी निवासी जैद पुत्र शफी अहमद, मोहल्ला मुहीउद्दीनपुर निवासी हिलाल उर्फ भोला पुत्र अकील, गांव वाजिदपुर निवासी दानिश पुत्र रफीउद्दीन और अमनपुर निवासी शादाब पुत्र छुन्नन को हिरासत में लिया। जिनके पास से चोरी की तीन बाइकों के अलावा एक कटी हुई बाइक के पुर्जे बरामद किए। पुलिस तीनों को कोतवाली ले आई और पूछताछ की। आरोपी जैद और हिलाल ने बताया कि उन दोनों मिलकर उझानी क्षेत्र से दो बाइक चोरी की थी और तीसरी बाइक सहसवान में नवादा मोहल्ले की मस्जिद के पास से चोरी की थी। उन्होंने बाइकें दानिश और शादाब को बेच दी थीं।

उन्होंने बाइक के पुर्जे अलग-अलग करके बेचे। वह कई बाइकें चोरी कर चुके हैं। वहीं पूछताछ में दानिश और शादाब ने बताया कि वह बाइक रिपेयरिंग का काम करते हैं। वह जैद और हिलाल से चोरी की बाइकें खरीदकर काट देते हैं। पुर्जे ग्राहकों को बेचते हैं। पुलिस ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुनील कुमार, हेड कांस्टेबिल राजेश प्रताप सिंह, सुमित जादौन, अजीत कुमार, अभिषेक शर्मा, देवेंद्र कुमार, गौरव कुमार, नितिन कुमार रहे।

### यह बाइकें हुईं बरामद

सहसवान के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस को यूपी 24 एएच 8411, यूपी 14 बीआर 7343, डीएल 3 एसडीएल 5864 बाइकें मिली हैं। इसके अलावा जो बाइक आधी काटी गई है उसका चेसिस नंबर MBLHAW15XK4L01089 है। वह बाइक गाजियाबाद की थी। चौथी बाइक का इंजन नंबर HA11EDNHM82781 है।

# रात को शहर में पैदल घूमे आईजी और एसएसपी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- त्यौहार के चलते आइजी ने की पैदल गश्त, सतर्क रहने का निर्देश
- सोमवार को एसएसपी और राजपत्रित अधिकारियों के साथ की गोष्ठी



शहर में पैदल गश्त करते आइजी डॉ. राकेश सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** त्योहार आने वाले हैं और असामाजिक तत्व अशांति न फैलाने पाएं इसके लिए पुलिस हर समय सतर्क है। अशांति फैलाने वालों के मंसबे सफल नहीं होने दिये जाएंगे। यह बात बरेली परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक डा. राकेश सिंह ने कही। अपराध नियंत्रण की गोष्ठी में उन्होंने कहा कि मुख्य चौराहे, बाजार, महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी अनिवार्य रूप से लगवाएं। अराजक तत्वों को चिंह्नित करके प्रभावी कार्रवाई करें। दोपहर में गोष्ठी के बाद रात में उन्होंने शहर में पैदल गश्त की। उनके साथ एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह भी रहे।

आइजी ने गोष्ठी में कहा कि त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी सतर्कता बरतें। अपराध और अपराधियों पर सख्ती बरतें। छोटी से छोटी घटनाओं को गंभीरता से लें। मादक पदार्थों, अवैध व अपमिश्रित शराब, नशीले पदार्थों के रखने व बेचने वालों के साथ गो तस्करों के खिलाफ चल रहे अभियान में तेजी लाएं। टॉप टेन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि पुलिस बल महत्वपूर्ण स्थानों पर गश्त करता रहेगा। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मी, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों टीम व शक्ति दीदी, महिला बीट आरक्षियों द्वारा गांवों, मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर जनजागरूकता फैलाने को कहा गया। इस दौरान रात में गश्त के दौरान उन्होंने दुकानदारों और राहगीरों से बातचीत भी की। एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव, एसपी देहात केके सरोज, सीओ सिटी संजय सिंह उपस्थित रहे।

### उसहैत में घास खाकर दो बकरियों की मौत

**उसहैत अमृत विचार :** कीटनाशक के छिड़काव वाली घास खाकर दो बकरियों की मौत हो गई। सोमवार को उसहैत क्षेत्र में पक्का पुल के पास दो सगे भाई वार्ड 9 निवासी अच्छन और शहंशाह के बेटे बकरियां चराने के लिए गए थे। जहां घास खाते ही छह बकरियां जमीन पर गिर गईं। सूचना मिलने पर अच्छन और शहंशाह पहुंचे लेकिन तब तक दो बकरियों की मौत हो चुकी थी। वह बाकी बकरियों को उठाकर घर ले गए। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। डीएम से जांच की मांग की है।।

### पार्ट टाइम जॉब का ऑफर देकर युवक से ठगे 71.22 हजार रुपये

**बदायूं, अमृत विचार :** पार्ट टाइम जॉब लगवाने का ऑफर देकर साइबर ठगों ने एक युवक को निशाना बनाया। उससे 71 हजार 227 रुपये ठग लिए। उसने युवक को ऑनलाइन कुछ टास्क दिए। युवक टास्क पूरे करता रहा। जिसके बाद ठग ने युवक के खाते से रूपये ऑनलाइन निकाल लिए। कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र की मधुवन कॉलोनी निवासी अंकित सक्सेना ने एसएसपी से शिकायत करके बताया कि 25 सितंबर को उनके पास पार्टटाइम जॉब के लिए एक फोन आया था। कहा कि हूट स्वीट कंपनी में गूगल पर रिव्यू देना है। यह पार्ट टाइम काम से रुपये मिलेंगे। जिसके बाद अंकित के पास शाम को व्हाट्सएप मैसेज आया। अगले दिन अंकित को कुछ टास्क दिए गए। पांच बार रिव्यू देने के बाद उनके गूगल पे पर 200 रुपये आ गए थे। अगली टास्क पूरी की तो 1300 रुपये आ गये। इसके बाद ठगों ने तीन हजार रुपये मांगते हुए कहा कि अब सभी रिव्यू पूरे करने पर 4300 रुपये मिलेंगे। धीरे-धीरे करके युवक को अपने झांसे में लिया और ठगी कर ली। एसएसपी साइबर थाना प्रभारी को रिपोर्ट दर्ज करने को कहा है।

# बालिकाओं को वीरांगनाओं की जानकारी दें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



अहिल्याबाई होलकर के जन्मोत्सव के मौके पर मौजूद मातृशक्ति। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :**
बालिकाओं को अपने पूर्वजों योद्धाओं वीरांगनाओं के बारे में जानकारी दें, जिससे उनमें वीरता और सशक्तिकरण का संचार हो, जिससे वह किसी भी मुसीबत का सामना करने में सक्षम हों यह बात किरन सिंह ने कही। वह सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद मातृ शक्ति प्रखंड द्वारा माता अहिल्याबाई होल्कर जन्मोत्सव समारोह को सम्बोधित कर रही थी।

उझानी में आदर्श शिक्षा निकेतर इंटर कालेज के सभागार में हुए कार्यक्रम में शहर और आसपास के के गांव की महिलाओं व लड़कियों ने भारी संख्या में भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष आरती यादव, प्रधानाध्यापिका आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज उझानी रहीं ,मुख्य वक्ता प्रियदर्शिनी भारद्वाज, प्रख्यात लेखिका ने माता अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डाला, और उनके जीवन संघर्ष के विषय में जानकारी दी, साथ ही महिला सशक्तिकरण के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि वीरू अग्रवाल एवं साध्वी समाज सेविका कुमारी मृदुल सक्सेना ने वीरांगनाओं का उदाहरण देते हुए नारियों को समाज एवं धर्म के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित किया, संस्कार भारती की नगर संयोजक सुनीती अग्रवाल ने नारी सशक्तिकरण पर कविता का पाठ किया। जिसके माध्यम से उन्होंने लड़कियों को समाज में धर्म के लिए कार्य करने हेतु अपने आप को मजबूत बनाने का आह्वान किया । महेशा सिंह उपाध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद ने बालिकाओं की शिक्षा एवं उनके सशक्तिकरण को प्रेरित किया। लव जिहाद पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की संयोजक किरण सिंह विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति विभाग सह संयोजक बरेली विभाग बरेली ने लव जिहाद पर बालिकाओं को सचेत करते हुए धर्म तथा अपने संस्कारों के प्रति समर्पित रहने को प्रेरित किया। । माता अहिल्या बाई का उदाहरण देते हुए उनके बारे में बताया गया ।विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति की नगर संयोजक रजनीश कुमारी ने अहिल्या बाई के जीवन पर संक्षिप्त परिचय दिया।

### दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में होमगार्ड की मौत, दो घायल

**बदायूं अमृत विचार :** उघैती थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदगंज गोबरा निवासी वीरेश होमगार्ड थे। वह थाना जरीफनगर में तैनात थे। सोमवार शाम पांच बजे ड्यूटी खत्म करने के बाद पास के गांव मोहम्मद नगर कूढ़ई में श्राद्ध की दावत खाने बाइक से गए थे। होमगार्ड हरवेश भी साथ थे। वापसी में थाना जरीफनगर के सामने सामने से तेज रफ्तार से आए बाइक सवार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वीरेश व हरवेश और दूसरी बाइक सवार गांव रसूलपुर कलां निवासी प्रमोद घायल हो गए। पुलिस तीनों घायलों को सीएचसी पर लेकर गई। जहां चिकित्सक ने वीरेश को मृत घोषित कर दिया। हरवेश और प्रमोद को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन ए पहुंचे। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने पुत्र अभिषेक गुप्ता, पुत्रवधू अनन्या गुप्ता के खराब व्यवहार के कारण संबंध विच्छेद कर संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मनीष कुमार गुप्ता पुत्र खेमकरण लाल गुप्ता निवासी मोहल्ला मिर्धान, बीसलपुर रोड फरीदपुर बरेली।**

सूचना
मैं अयोध्या प्रसाद पुत्र स्वर्गीय श्री मोतीलाल निवासी ग्राम रानीनगर कालोनी, थाना सम्पूर्णानगर (खीरी), सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अविनाश , उम्र लगभग 26 वर्ष का चालचलन ठीक नहीं है परिवार में मारपीट करता है जिस कारण मैं उसे दिनांक 27.09.2024 को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। मैंने उससे व उसके परिवार से अपना वास्ता खत्म कर लिया है। भविष्य में उनके द्वारा किसी भी कृत्य के लिए मैं जिम्मेदार नहीं हूँ।

सूचना
मेरा हाईस्कूल सन् 2017 का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र रोल नं. 0907214 वास्तव में कहीं खो गया है। काफी तलाशने पर अभी तक नहीं मिला। **स्मृति शर्मा पुत्री सर्वेश कुमार ग्राम तिन्दुआ नगरिया तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

डायरेक्ट एडमिशन
VARUN ARJUN UNIVERSITY V.A.U
वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी
वरूण अर्जुन कालेज ऑफ फार्मेसी
बैचलर इन फार्मेसी (B.Pharm)
कोर्स अवधि : 4 वर्ष
योग्यता : 10+2 PCB/PCM
सीमित सीटें शेष
सत्र 2024
शीघ्र सम्पर्क करें
24/7 7521001993
website: www.vau.edu.in
कैंपस वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल
एन एच -24, बंथरा, शाहजहांपुर उ0 प्र0 242307

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006



कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ी को उसके पाले में जाने से रोकती टीम। ● अमृत विचार



लंबी कूद प्रतियोगिता में भी छात्राओं ने दिखाई क्षमता।



पिछले साल की धावक मंजू को मशाल देतीं डीएम निधि श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

# सौ मीटर दौड़ में प्रीति प्रथम और काजल को मिला दूसरा स्थान

## स्टेडियम में शुरू हुई कस्तूरबा विद्यालयों की प्रतियोगिताएं, डीएम निधि श्रीवास्तव ने की शुरुआत छात्राओं ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्टेडियम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद सह वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डीएम निधि श्रीवास्तव और बीएसए वीरेंद्र सिंह ने गुब्बारे उड़ाकर उद्घाटन किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। म्याऊं बा विद्यालय की छात्राओं ने बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ कार्यक्रम करके सभी की आंखें नम कर दीं। पहले दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। सीनियर वर्ग की सौ मीटर दौड़ में कादरचौक बा विद्यालय की प्रीति को पहला, जगत की काजल को दूसरा, म्याऊं की मीना को तीसरा स्थान मिला।

● हॉकी, बॉक्सिंग के कोच को छात्राओं को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षकों का रोस्टर बनाएं : डीएम

मुख्य अतिथि ने कहा कि कार्यक्रम से छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा को नए आयाम दिए जा सकते हैं। आगे बढ़ाने के लिए सभी को प्रयास करते रहने चाहिए। कहा कि हॉकी, बॉक्सिंग व वेटलिफ्टिंग के कोच को छात्राओं को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षकों का रोस्टर बनाएं। प्रशिक्षण के बाद छात्राओं को प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। वह राज्य, राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकेंगी। डीएम ने पिछले साल की विजयी धावक म्याऊं बा विद्यालय की मंजू को मशाल दी। लंबी कूद प्रतियोगिता सीनियर में जगत की वर्षा पहले, म्याऊं की मोनी दूसरे और म्याऊं की अन्नू तीसरे स्थान पर रहीं। जूनियर वर्ग की 400 मीटर दौड़ में म्याऊं की मंजू को पहला, म्याऊं की उपासना को दूसरा, बिसौली की शीला को तीसरा और सीनियर वर्ग में म्याऊं की मोनी को पहला, कादरचौक की प्रीति को दूसरा व उसावां की शीला को तीसरा स्थान मिला। बालिका शिक्षा के जिला समन्वयक प्रशांत गंगवार ने बताया कि प्रतियोगिताएं दो दिन चलेंगी। एक अक्टूबर की दोपहर प्रतियोगिताओं का समापन होगा। आयोजन में जिला व्यायाम शिक्षक रामदास यादव, ज्योति सक्सेना, जिला स्काउट मास्टर सुदेश चंद्र, आदेश, निवेदिता मिश्रा, शैलेंद्र, सुशांत, मुदिता का सहयोग रहा। कामेंद्र शर्मा, वैशाली सूर्यवंशी ने संयुक्त रूप से संचालन किया।



दौड़ प्रतियोगिता में शिरकत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं विद्यालय की छात्राएं। ● अमृत विचार

# मोहम्मद तल्हा मिस्टर फ्रेशर व इफरा को मिस फ्रेशर चुना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** आसिम सिद्दीकी मेमोरियल (पी.जी.) डिग्री कॉलेज में सोमवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें मोहम्मद तल्हा को मिस्टर फ्रेशर व इफरा को मिस फ्रेशर चुना गया।

फ्रेशर पार्टी का आयोजन गोथिक थीम के आधार पर किया गया । जिसके शुरुआत में नए प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। फ्रेशर पार्टी में के प्रारंभ में मोहम्मद शाहबाज ने कव्वाली गाकर माहौल सूफियाना बना दिया, सुधा व इफरा ने नृत्य कर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। छात्र मीरान ने कविता पढ़कर माहौल शायराना बना दिया। मोहम्मद हारिश ने गीत गायन कर सभी का मन मोह लिया, अजीम अंसारी मोहम्मद शोएब एन्ड ग्रुप ने द व्हील ऑफ फॉर्च्यून शीर्षक पर नाटक मंचन कर सभी छात्र-छात्राओं को अपने गुरुजनों का आदर व सम्मान करने का संदेश दिया। छात्र तल्हा ने मरहूम आसिम सिद्दीकी को समर्पित नज्म पढ़कर सभी को अभिभूत कर दिया। नए प्रवेशित छात्राओं ने रैंप वॉक व कैट वॉक कर जलवा विखेर वाहवाही लूटी । मिस्टर फ्रेशर व मिस फ्रेशर एवं अन्य विजेता छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह एवं उपहार देकर उत्साह वर्धित किया । इस मौके पर कॉलेज के मैनेजर जोहेब अली सय्यद, निर्देशक जोया अली सय्यद, मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य मोहम्मद सालिम फरशोरी, सलमान अहमद, सय्यद रोमान रसूल हाशमी व प्राचार्य डॉ. नजीबुल हसन खान ने सभी छात्र छत्राओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कॉलेज प्रत्येक छात्र-छात्रा को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ रोजगार प्राप्त करने में पूर्ण सहायता प्रदान करता है।

# महिलाओं को करें जागरूक, अपराधों पर अकुंश लगाएं



महिला पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह। साथ में मौजूद एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव व एसपी देहात केके सरोज। ● अमृत विचार



समीक्षा के दौरान मौजूद महिला पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव, एसपी देहात केके सरोज और सीओ लाइन के साथ रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार में महिला बीट प्रणाली, महिला सुरक्षा विशेष दल प्रभारी, बीट भ्रमण आदि की समीक्षा की। सुरक्षा और कार्य के संबंध में जानकारी दी। कहा कि सभी पुलिसकर्मी रजिस्टर में अपने क्रियाकलाप अंकित करके हस्ताक्षर करेंगी।

● रिजर्व पुलिस लाइन में समीक्षा बैठक करके एसएसपी ने किया निर्देशित

एसएसपी ने महिला पुलिसकर्मियों से अपने-अपने थाना क्षेत्र की महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक करने का निर्देश दिया। कहा कि महिलाओं संबंधी अपराधों को लेकर ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें। शासन द्वारा महिलाओं, बालिकाओं और किशोरियों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देती रहें। अपराध के रोकथाम के लिए महिला अपराध, मिशन शक्ति व अन्य विषयों से संबंधित बीटबुक पूरी करने को कहा सभी थानों की बीट क्षेत्र में महिला अपराध से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्यों का वितरण रजिस्टर में अंकित किया जाएगा। थानों पर आने वाली पीड़िताओं से मुलाकात का विवरण भी रजिस्टर में उल्लेखित किया जाना जरूरी है। शिकायत लिखने के बाद संबंधित महिला पुलिसकर्मी उसपर अपने हस्ताक्षर करेंगी।

# मोहित राठौड़ जैसे जवानों की बदौलत सुरक्षित हैं देश की सीमाएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** संसद में समाजवादी पार्टी के मुख्य सचेतक व आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव ने जिले के कई कार्यक्रमों में शिरकत की। विधानसभा बिसौली क्षेत्र के गांव नगला बारह में अपने निजी सचिव रहे डीके यादव के छोटे भाई के निधन पर उनके घर पर पहुंचे और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। इस्लामनगर क्षेत्र के गांव सभानगर में शहीद मोहित राठौड़ के आवास पर जाकर परिजनों को सांत्वना दी। शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

सांसद ने कहा कि शहीद मोहित राठौड़ जैसे जवानों की बदौलत ही हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। ऐसी महान हस्तियों की वजह से ही दुनिया का कोई देश भारत पर टेढ़ी निगाह से नहीं देख पाता है। जिसके बाद वह अन्य कार्यक्रमों में गए। कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार और महंगाई चरम पर है। इससे लोगों में भाजपा के प्रति आक्रोश है। जनता प्रदेश नेताओं के झूठ को अच्छी तरह से समझ चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर आशा भरी नजर से देख रही है। पूर्व सपा जिलाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह, बिलारी से विधायक फहीम खां, विपिन यादव, अवधेश यादव, सुनील यादव, ब्रजेंद्र यादव, चंद्रकेश गुरुजी, सर्वेश यादव, गयासुद्दीन गुड्डू, राहुल यादव, भीष्म, विनोद यादव आदि उपस्थित रहे।



इस्लामनगर क्षेत्र के गांव सभानगर में शहीद मोहित राठौड़ के चित्र पर माल्यार्पण करके नमन करते सपा के मुख्य सचेतक धर्मेंद्र यादव। ● अमृत विचार

● सपा के मुख्य सचेतक व आजमगढ़ के सांसद धर्मेंद्र यादव ने कार्यक्रमों में की शिरकत

# पुरानी ईंट से बनायी जा रही नाली, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

**म्याऊं, अमृत विचार :** उसावां ब्लॉक क्षेत्र ग्राम बबई भटपुरा में प्रधान द्वारा बनाई जा रही नाली व इंटरलॉकिंग का कार्य मानकों के विपरीत होने पर ग्रामीण ने विरोध किया। उच्चाधिकारियों से शिकायत कर जांच की मांग कर रहे ग्रामीणों ने प्रधान पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं

सोमवार को ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि विकासखंड उसावां के गांव बबई भटपुरा में डेढ़ सौ मीटर इंटरलॉकिंग व नाली का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसकी नाली में पुराने खड़ंजे की बची हुई ईंट और सफेद बालू लगाया जा रहा है। ग्रामीण नेमीचंद जाटव ने बताया कि प्रधान ने खड़ंजा की बची हुई पुरानी ईंटों को नाली निर्माण में लिया है। पत्र में पिछले सालों में हुए कार्यो की जांच कराए जाने की मांग की है।

# तैयारियां : 14 से होगा हजरत मजाक मियां का तीन दिन का सालाना उर्स

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर के सागरताल-नवादा रोड स्थित विश्व प्रसिद्ध एतिहासिक दरगाह ख्वाजगाने चिश्त हजरत मजाक मियां साहब रहमतुल्लाह अलैहि कुत्बे औलिया बदायूंनी का तीन दिन का सालाना उर्स 14 से 16 अक्टूबर तक शानोशौकत से मनाया जाएगा। तैयारियां तेजी से चल रही हैं। वक्फ विकास निगम के निदेशक मुख्य अतिथि हो सकते हैं। उन्हें आमंत्रण पत्र भेजा गया है। दरगाह पर सजावट और पुताई का काम चल रहा है।

दरगाह हजरात मजाक मियां साहब के सज्जादानशीन हजरत मौलाना सैय्यद मोहम्मद इख्तियार अली शाह के भतीजे साहिबे सज्जादा सैय्यद मोहम्मद इजहार अली शाह ने बताया कि हजरत मजाक मियां साहब के 134वें तीन दिवसीय सालाना उर्स की महफिल का आगाज 14 अक्टूबर की सुबह महफिले कुरआन के साथ किया जाएगा। जिसके बाद उर्स में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महफिले सजती रहेंगी। इस साल उर्स की महफिल में मुख्य अतिथि के रूप में वक्फ विकास निगम के निदेशक गुलाम मुहम्मद शिरकत कर सकते हैं। उर्स के मद्देनजर पिछले एक सप्ताह से दरगाह परिसर में उर्स की तैयारियां तेजी से कराई जा रहीं हैं।



उर्स के चलते दरगाह की पुताई करते लोग।

# बीडीवी कॉलेज में हुई निबंध-जीके प्रतियोगिता

**बिल्सी, अमृत विचार :** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सोमवार को नगर के भूदेवी इंटर कॉलेज में एक निबंध एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजित की गई। जिसमें सौ से अधिक छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें राष्ट्रीय स्वयं सेविका समिति की मुख्य भूमिका रही। नगर में परीक्षा को संपन्न कराने में भूदेवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रदीप शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह अखिल मालपानी एवं नगर संपर्क प्रमुख जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

उद्योग बंधु | सीडीओ की अध्यक्षता में हुई बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों को शीघ्र हल कराएं

# प्राथमिकता पर किया जाए उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने अधिकारियों से उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर करने के लिए कहा। उन्होंने योजनाओं में अपेक्षित प्रगति के लिए कहा । निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

सोमवार को आयोजित जिला उद्योग बंधु की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने स्वरोजगार परक योजनाओं की समीक्षा की, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की समीक्षा करते हुए पाया कि जनपद का भौतिक लक्ष्य 134 है। जिसके लिए 240 आवेदन पत्र रुपए 295.47 लाख मार्जिन मनी के दिए गए। बैंकों द्वारा 50 ऋण आवेदन पत्र 121.38 लाख मार्जिन मनी के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई। बैंकों में 170 आवेदन पत्र लंबित हैं। एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना में जनपद का भौतिक लक्ष्य 27 है। 46 आवेदन पत्र रुपए 83.39 लाख मार्जिन मनी के किए गए। बैंकों द्वारा 12 आवेदन पत्र 23.94 लाख मार्जिन मनी के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गई। बैंकों में 16 आवेदन पत्र लंबित हैं।

उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर समयान्तर्गत लंबित 59 प्रकरणों व समय सीमा उपरांत लंबित 4 प्रकरणों का प्राथमिकता पर निस्तारण कर आवेदकों को सूचित करने के लिए कहा।



जिला उद्योग बन्धु की बैठक की अध्यक्षता करते सीडीओ केशव कुमार। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### बच्चों को नियमित भेजें स्कूल, साफ सफाई पर दें ध्यान



**बिल्सी, अमृत विचार :** सोमवार को स्कूल में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की बात कही गयी। वन बेहटा के प्राथमिक विद्यालय के प्राचार्य राजकिशोर तिवारी की अध्यक्षता में अभिभावकों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षकों और अभिभावकों के बीच अपने बच्चों की कमियों और खूबियों के बारे में चर्चा की गई। हरपाल सिंह ने बताया कि बच्चे को नियमित विद्यालय भेजना, साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना, आसपास के लोगों को भी स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करने की जानकारी दी गई। इस मौके पर राज किशोर तिवारी प्रधानाध्यापक, स्वेता राठौर, अजय पाल सिंह, रंजना देवी व प्रबंध समिति के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह , रसोइया व अभिभावक आदि उपस्थितरहे।

### भाकियू चढ़ूनी की भू माफिया पर कार्यवाही की मांग



**बदायूं, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ने जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपकर कुंवर गांव में अवैध कब्जा कर रहे भू माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। सोमवार को सौपे मांग पत्र में भाकियू चढ़ूनी ने कहा है कि कुंवरगांव में संगठन के नगर अध्यक्ष इरफान अहमद के प्लाट पर कई दिन से भू माफिया द्वारा कब्ज़ा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसकी शिकायत एसओ, सीओ सिटी व उपजिलाधिकारी से कर चुकी है, लेकिन न तो निर्माण रुका न ही भूमाफियाओं पर मुकदमा लिखा गया। एडीएम प्रशासन द्वारा कमेटी गठित कर 24 घण्टे में कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है। इस दौरान आसिम उमर, विनोद बाबू सक्सेना,अजब सिंह राजपूत, सुरेश चंद्र गुप्ता आदि रहे।

### छात्राओं ने बनायी रंगोली, लोगों ने की सराहना



**सहसवान, अमृत विचार :** नगर के आरके एम जूनियर हाईस्कूल, में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें जूनियर वर्ग की कक्षा 6, 7, 8 की छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और बहुत सुंदर रंगोली प्रस्तुत की जिसकी लोगों ने खूब सराहना की। प्रबंधक आदर्श सक्सेना, प्रधानाचार्य अनिल सैनी व भाजपा . नगर अध्यक्ष पीयूष माहेश्वरी के आव्हान पर कार्यक्रम पूर्ण हुआ। इस मौके पर अनीस उर रहमान, मोहम्मद बिलाल, शुभम चांडक, भुवन प्रताप, बृजेश यादव, सुभाष गौड़, अवदर शर्मा, देवेंद्र प्रजापति, हिमांशु माहेश्वरी, जयंत शर्मा, बॉबी कोली, मदन जी आदि मौजूद रहे।

### ब्लॉक में हुआ भंडारा, डीपी यादव ने लिया प्रसाद



**सहसवान, अमृत विचार :** सहसवान ब्लॉक प्रांगण में चल रहे भंडारे में पूर्व मंत्री डीपी यादव ने पहुंचकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। ब्लॉक प्रमुख पति विक्रांत यादव ने रविवार को ब्लॉक प्रांगण में एक विशाल भंडारे का आयोजन कराया, जिसमें सैकड़ों की तादाद में पहुंचकर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया, ब्लॉक प्रमुख पति विक्रांत यादव ने बताया इस विशाल भंडारे का आयोजन माता स्वर्गीय शांति देवी की याद में कराया जाता है, वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रांत यादव द्वारा भंडारा प्रत्येक माह कराया जाता है। जिसमें सैकड़ों की तादाद में लोग पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस विशाल भंडारे में एसडीएम प्रेमपाल सिंह, कछला चेयरमैन जगदीश सिंह, पंकज चौधरी, पीयूष महेश्वरी, सचिन शर्मा, अंकित सक्सेना, हर्ष यादव, तूफान सिंह, सौरभ गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### स्कूल में मनाया गया स्वच्छता ही पखवाड़ा कार्यक्रम



**बिल्सी, अमृत विचार :** स्वच्छता ही पखवाड़ा के अंतर्गत जिला गंगा समिति के तत्वावधान में सोमवार कोएसकेएलएम पब्लिक स्कूल में निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता व गंगा क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया, ।सफल बच्चों को मुख्य अतिथि अनुज प्रताप सिंह जिला परियोजना अधिकारी व सचिन कुमार उपाध्याय इको क्लब मास्टर ट्रेनर व विद्यालय के डायरेक्टर पीडी सिंह प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने सभी प्रतिभागी बच्चों को शर्ट व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय के डायरेक्टर पीडी सिंह ने बच्चों को बताया कि स्वच्छता ही जीवन है। यदि हम साफ सफाई रखेंगे तो बीमारियों से बचे रहेंगे, व गंदगी से दूर रहेंगे। उन्होंने शिक्षकों और बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई कहा हम अपने आसपास किसी भी तरह की कोई गंदगी नहीं करेंगे और न ही करने देंगे, इस मौके पर कोऑर्डिनेटर उपदेश कुमार व अंजली सिंहकर्मेंद्र सिंह, कंचन सिंह, रंजीत सिंह, बीना सिंह, कमलेश कुमारी, वीना सिंह,प्रिया सिंह, वीना कुमारी, दीक्षा सिंह, सपना माहौर, अनामिका शर्मा, शशांक यादव, सृष्टि तोमर ,पल्लवी कुमारी आदि मौजूद रहे।

### लहरा में हुई अभिभावक- शिक्षक बैठक



**उघैती, अमृत विचार :** सोमवार को प्राथमिक विद्यालय लहरा में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी मनोज राम एवं ब्लॉक अध्यक्ष अशोक यादव ने अभिभावकों को शिक्षा का महत्व समझाया एवं अभिभावकों के विचारों को सुना।अभिभावक मुजीब अहमद ने बच्चों के शिक्षा के लिए अपने विचार रखते हुए कहा कि स्कूल में बच्चों को अच्छे संस्कार सिखाए जाएं। जिससे बच्चे घर और बाहर जाकर उसी तरह बात व्यवहार करें। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अजीम बख्श एवं प्रधानाध्यापक देवकीनंदन एवं सहायक अध्यापक सुनील गौतम एवं रमेश चंद्र शिक्षामित्र अरुण कुमार एवं मीरा देवी उपस्थित रहे। अभिभावक मुजीब अहमद ने बच्चों के शिक्षा के लिए अपने विचार रखें।

### मिलावटी सरसों का तेल खाने से बिगड़ी हालत, शिकायत

**करियामई,अमृत विचार :** उघैती थाना क्षेत्र के गांव करियामई में जुगेंद्र पुत्र नत्थू ने सोमवार को पुलिस को बताया कि उसने गांव के ही कोल्हू संचालक से 28 सितंबर को सरसों का तेल खरीदा था,जिससे बना खाना खाने के बाद उसकी और उसकी मां की तबीयत खराब हो गई। जब उसने शिकायत संबंधित दुकानदार से की तो दुकानदार गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया और आगे देख लेने की धमकी देते हुए धक्का मार कर भगा दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

खबरें पेज 11 पर भी पढ़ें

# ट्रेनों के शॉर्ट ओरिजिनेड से हजारों यात्री परेशान

## दो जोड़ी सवारी गाड़ियों में लागू है अस्थाई निरस्तीकरण, बधारी कलां और कासगंज के मध्य संचालन बाधित

संवाददाता, मोहनपुरा

**अमृत विचार : कासगंज-**कानपुर के बीच सितंबर माह की 20 तारीख से 4 अक्टूबर तक कानपुर कासगंज ट्रैक पर दो जोड़ी ट्रेनों को शॉर्ट ओरिजिनेट एवं टर्मिनेट किया गया है। इन गाड़ियों का बधारी कलां और कासगंज जंक्शन स्टेशन के मध्य संचालन निरस्त है। जिससे ई रिक्शा चालकों की चांदी है। बधारी स्टेशन से शहर आने के लिए ई रिक्शा का उपयोग करना पड़ रहा है। हजारों यात्री रोजाना परेशान हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

कासगंज जंक्शन रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल किया गया है। जिससे तहत स्टेशन को कायाकल्पित किया जा रहा है। आगामी दिनों में कायाकल्प के पश्चात यात्रियों को ढेर सारी सुविधाएं मिल सकेंगी। इन दिनों कासगंज स्टेशन पर एफओबी एवं एस्केलेटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है जिस कारण ट्रेन संख्या 05350, 05389, 15037, 15040 का संचालन बधारी कलां एवं कासगंज जंक्शन के मध्य निरस्त किया गया है। इन गाड़ियों से जाने वाले यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए बधारी कलां से कासगंज तक का सफर ऑटो अथवा ई-रिक्शा के माध्यम से करना पड़ रहा है। आलम ये है कि बधारी कलां सटेशन पर ऑटो चालकों का मेला लगता है और यात्रियों से मनमाना किराया लिया जाता है।


बधारी कलां स्टेशन पर शाम को आने वाली ट्रेन संख्या 15037 के यात्रियों का रेला। ● अमृत विचार

- बधारी कलां से कासगंज आने के लिए ई-रिक्शा और ऑटो चालकों की चांदी
- यात्रियों से वसूल रहे हैं मनमाना किराया, पुलिस प्रशासन कर रहा है अनदेखी

### इन ट्रेनों के संचालन में नहीं है कोई बाधा

कासगंज कानपुर रेल खंड पर दो जोड़ी गाड़ियों को छोड़कर कासगंज जंक्शन से चलने वाली अन्य दैनिक, साप्ताहिक ट्रेनों एवं मालगाड़ियों के संचालन में कोई बाधा नहीं है। सुबह 04 .50 पर कासगंज जंक्शन से शिकोहाबाद जाने वाली गाड़ी संख्या 05420, दोपहर 12 .55 पर कानपुर जाने वाली गाड़ी संख्या 15038, दोपहर 02 .45 पर लखनऊ को जाने वाली गाड़ी संख्या 05380 एवं शाम 05 .30 पर फर्रुखाबाद को जाने वाली गाड़ी संख्या 05349 अपने निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ही संचालित हैं। इसी प्रकार सुबह 07 .55 पर कासगंज जंक्शन पहुंचने वाली गाड़ी संख्या 05350, सुबह 09 .30 पर आने वाली गाड़ी संख्या 05390, दोपहर 03 .20 पर आने वाली गाड़ी संख्या 05379, रात्रि 09 .00 बजे आने वाली गाड़ी संख्या 15039, और रात्रि 11 .25 पर कासगंज जंक्शन पहुंचने वाली गाड़ी संख्या 05419 का संचालन भी पूर्ववत जारी है।

# नल पर पानी पी रही किशोरी को उठा कर ले गए बाइक सवार

**कासगंज, अमृत विचार:** सदर कोतवाली के गांव निवरी में दावत खाने आई 14 वर्षीय किशोरी को नल पर पानी पीते समय बाइक सवार तीन युवक उठाकर बाग की ओर ले गए। किशोरी के चीखने चिल्लाने पर युवक किशोरी को छोड़कर भाग गए। किशोरी ने सदर कोतवाली में तीन अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

थाना सहावर के गांव भनुपुरा निवासी खजान सिंह की 14वर्षीय पुत्री हेमलता गांव के हम उम्र बच्चों के साथ सदर कोतवाली के गांव निवरी में दावत खाने आई हुई थी। आरोप है कि जब किशोरी गांव के बाहर रेलवे लाइन के निकट लगे हैंडपंप पर पानी पी रही थी, तभी एक बाइक पर सवार होकर आए तीन युवक किशोरी को उठाकर बाग की ओर ले गए। किशोरी चीखी चिल्लाई तो चीख पुकार सुन लोगों को अपनी ओर आता देख आरोपी किशोरी को बाग में ही छोड़कर भाग गए। घटना के संबंध में किशोरी ने तीन अज्ञात युवकों के विरुद्ध कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। लोकेश भाटी का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सुरक्षा को लेकर सीओ से मिले सर्राफा कारोबारी


नवागत सीओ को पुष्प गुच्छ भेंट करते कासगंज सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** कासगंज सर्राफा एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को नवागत सीओ से उनके कार्यालय में भेंट की। शहर की पुलसिंग और सुरक्षा से संबंधित चर्चा की। सर्राफा कारोबारियों ने सीओ को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। सीओ ने पुलिस संबंधी समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिया।

जिला अध्यक्ष अनुरुद्ध पल्तानी, जिला महामंत्री दीपक गुप्ता सर्राफ, जिला प्रभारी राजेन्द्र गुप्ता शहर अध्यक्ष राजकुमार जाखेटिया के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्राधिकारी आंचल चौहान को अपनी वेदना बताते हुये कहा कि शहर के एक मात्र प्रभूपार्क में रात्रि में पुरुष एवं महिलाएं टहलने जाती हैं। प्रभूपार्क में रात्रि अराजकतत्वों का जमावाड़ा रहता है। वहीं बाइक राइडर्सों द्वारा बाइकों को दौड़ाया जाता है। उस पर अविलम्ब रोक लगनी चाहिए। वहीं अराजकतत्वों का प्रभूपार्क में प्रवेश निषेध होना चाहिए। अध्यक्ष राजकुमार जाखेटिया, शहर कोषाध्यक्ष ललित बिडला, युवा अध्यक्ष विवेक वर्मा ने कहा अनावश्यक सर्राफा व्यापारी का उत्पीड़न ना किया जाये। इस मौके पर संसदीय महामंत्री विपुल गर्ग, कोषाध्यक्ष राहुल बिडला, ललित बिडला आदि मौजूद रहे।

# महाराणा प्रताप पार्क के पास बनाया पशुवाड़ा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर नंबर टू महाराणा प्रताप के निकट आरसीसी सड़क पर बंधे पशु।

**अमृत विचार:** आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर टू महाराणा प्रताप के निकट सड़को पर पशु बांधे जा रहे हैं। सड़क पर गंदगी हो रही है। लोगों का निकलना दूभर है। इसको लेकर वाशिंदों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर सरकारी संपत्ति पर बंध रहे पशुओं को खुलवाने की जाने की मांग की है। साथ ही वाशिंदों ने बताया पशु पालक से मना करने पर वह मारपीट करने को आमादा हो जाते हैं।

आवास विकास कॉलोनी एक साफ सुथरी कॉलोनी है। कॉलोनी के सेक्टर टू महाराणा प्रताप पार्क के निकट सूरत राम यादव घर है। घर के सामने सड़क पर तीन भैंसे और तीन छोटे पशुओं को बांध कर गंदगी फैला रहे हैं। पशु बंधे होने से सड़क पर निकलना दूभर हो गया। पशुओं का गोबर पड़ा रहता है। जिससे राह चलते लोगों के कपड़े खराब होते हैं। जिससे आवास विकास कॉलोनी के लोगों में आक्रोश है। उन्होंने सदर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी पूजा श्रीवास्तव को शिकायती पत्र देकर सरकारी संपत्ति पर बांधे जा रहे पशुओ को खुलवाए जाने की मांग की है। वाशिंदों ने यह भी बताया कि सड़क पर पशुओं के बांधने की मना करने पर पशुपालक सूरत राम यादव गाली गलौज मारपीट करने पर आमादा हो जाते हैं। इसलिए सड़क को पशु मुक्त कराना बेहद जरुरी है। मांग करने वालों रमेश, राजेश, बृजेश, रनवीर सिंह, राजकुमार, अमित, सोनू आदि लोग मुख्य रुप से मौजूद थे।

> सड़क पर पशुओं को बंधना गलत है। लोगों को आवा जाही करने पर काफी परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने प्रार्थना पत्र दिया है। मामले में जांच पड़ताल कर पशुओं को खुलवाया जाएगा, अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। **-पूजा श्री वास्तव**, ईओ नगर पालिका सदर।

# गेस्ट हाउस के बाहर खड़ी मजदूर की बाइक चोरी

संवाददाता, अमांपुर

- बाइक स्वामी ने थाना पुलिस को दी एफआईआर के लिए तहरीर

**अमृत विचार:** कस्बा के सहावर रोड स्थित शंकर गेस्ट हाउस के समीप खड़ी बाइक चोरी हो गई। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। मामले में बाइक स्वामी ने एफआईआर के लिए तहरीर दी है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर बाइक ले जाने वाले को तलाशने एवं बाइक की बरामद किए जाने की मांग की है।

थाना क्षेत्र के गांव जारई निवासी संजू बघेल मजदूरी करता है। वह गांव के मजदूरी करने बाइक से आया था। उसने अपनी बाइक सीटी हंड्रेड सहावर रोड स्थित शंकर गेस्ट हाउस के निकट खड़ी कर दी थी। कुछ देर बाद वह लौट कर मौके पर पहुंचा, तो उसकी बाइक नहीं थी। उसने आस पास के लोगों से बाइक के बारे में पूछताछ की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। संजू थाना अमांपुर पहुंचा और घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, तो कैमरे में बाइक चोरी की घटना की फुटेज सामने आई। जिसमें एक युवक बाइक को ले जाते हुए कैद हुआ है। मामले में बाइक स्वामी ने पुलिस को तहरीर दी है। अमांपुर के थानाध्यक्ष चंचल सिरोही का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है। बाइक ले जाने वाले की तलाश कर रही है।

# प्रभु के जन्म का वृतांत सुन श्रोता भाव भिवोर

संवाददाता, सोरों जी



तीर्थ नगरी सोरों के वराह मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करते कथावाचक।

**अमृत विचार:** तीर्थ नगरी के वराह मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन व्यास पीठ से कथा वाचक ने भगवान शिव के जन्म का वृतांत सुनाया। वृतांत सुन श्रोता भाव भिवोर हुए। मंदिर परिसर में भगवान का प्रकटोत्सव मनाया गया। धार्मिक भजनों पर श्रद्धालु झूमे।

व्यास पीठ से भागवत कथा का वाचन करते हुए कथा वाचक आचार्य गौरव कृष्ण पांडेय ने भगवान के जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण देवकी की आठवीं संतान थे। उनका जन्म कंस की जेल में भादों मास में कृष्ण पक्ष की अष्टमी को रात 12 बजे हुआ। कंस कहीं देवकी की आठवीं संतान को न मार दे, इस भय से वासूदेव उन्हें यशोदा मैया के घर छोड़ कर आए थे। भागवत कथा के दौरान धार्मिक भजन गाए गए। जिन पर श्रद्धालु झूमे भगवान का प्रकटोत्सव मनाया गया। कथा के विश्राम पर आरती उतारी गई।

प्रसाद बांटा गया। शिक्षा आयोग के सदस्य डा. राधाकृष्ण दीक्षित, नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे, नंबरदार वेदप्रकाश शर्मा, राम आसरे पचौरी, सतेंद्र सिंह, दिनेश मिश्र, दिवाकर पराशर, राजबहादुर शर्मा, राकेश कुमार, आशुतोष शर्मा, प्रेम मिश्र, रामकुमार शर्मा, रीतेश द्विवेदी, सतीश चंद्र, अमर सिंह, सत्यनारायण, बिजय कुमार भारद्वाज, हेमंत, अनीता उपाध्याय, बिपन भारद्वाज, अभय भारद्वाज मौजूद रहे।

- वराह मंदिर परिसर में मनाया गया भगवान का प्रकटोत्सव
- भगवत कथा के दौरान धार्मिक भजनों पर झूमे श्रद्धालु

# श्री रामलीला और नवरात्रों पर खुले में न करें मांस की बिक्री

संवाददाता, गंजडुंडवारा:

**अमृत विचार:** रामलीला और नवरात्रों के पर्व पर कस्बे में खुले में मांस की बिक्री न हो, इसके लिए कोतवाली पुलिस ने सोमवार को शहर में लाउडस्पीकर से मुनादी कराई। पुलिस ने मांस विक्रेताओं को चेतावनी दी यदि खुले में मांस बिक्री करने की शिकायत मिली, तो विक्रेताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।

कस्बे के सहावर रोड, बान मंडी, तिराहे, थाना रोड पर सड़कों किनारे मांस और मछली का खुलेआम विक्रय किया जा रहा था।जिसके कारण शाकाहारी व्यक्तियों और धार्मिक प्रवृत्ति के लोगों के मन को आघात लगता था। वहीं रामलीला महोत्सव शुरू हो चुका है व आगामी नवरात्र पर्व भी नजदीक है। इसको देखते हुए कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने मय पुलिस पहुंचकर उक्त सड़क किनारे लगी अस्थायी मांस की दुकानों को हटवाया और चेतावनी दी यदि दुबारा से दुकान यहां पर लगाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि कस्बे में खुलेआम मीट के विक्रय किए जाने की शिकायतें मिल रहीं थी। जिसके क्रम में कार्रवाई कर चेतावनी दी गई है।


गंजडुंडवारा कस्बे में लाउड स्पीकर से मुनादी कराती पुलिस। ● अमृत विचार

# अतिक्रमण के नाम पर उजाड़ दिए खोखा-फड़

**जलेसर,अमृत विचार:** कस्बे में निवर्तमान एसडीएम अलंकार अग्नोहोत्री के निर्देश पर सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत निधौली कलां चौराहे पर नगर पालिका की सरकारी भूमि पर लगे गरीब दुकानदारों के खोखे हटवा दिए गए थे।

दुकानदारों ने अपने खोखे वापस लगाने का प्रयास किया, लेकिन प्रशासन से अनुमति नहीं मिल सकी। नाराज दुकानदारों ने समस्या भारतीय किसान यूनियन (भानू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह को बताई। किसान नेता भानुप्रताप सिंह सड़क पर उतरे तो तहसीलदार राकेश कुमार पहुंच गए। उन्होंने कहा कि जलेसर के लोगों से उनका विशेष जुड़ाव है। प्रशासन से मांग की कि इन खोखे रखने की अनुमति दी जाए। ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन किया जाएगा।

# पूजन के साथ श्री राम की लीलाओं का मंचन शुरू

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** रविवार की देर सांय शहर के बाराहद्वारी स्थित रामलीला मंच का विधि विधान पूर्वक पूजन किया गया। पंडित राधेश्याम पाठक ने वेद मंत्रों के साथ मंच पूजन कराया। रामलीला मंचन में प्रथम दिन नारद मोह की लीला का मंचन हुआ।

मंच पूजन के दौरान भगवान गणेश, श्री विष्णू, माता लक्ष्मी, हनुमान की पूजा की गई। आरती और प्रसाद वितरण के साथ मंच पूजन भगवान राम की आरती उतारी गई। मंच पूजन एवं रामलीला मंचन के दौरान भगवान की जयजयकार से वातावरण गूंजायमान हुआ। कलाकारों द्वारा शिव पार्वती विवाह, नारद मोह लीला, मनु सतरुपा की तपस्या लीला का मंचन किया गया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष गोपाल मराठा ने अथितियों एवं राम भक्तों का आभार व्यक्त किया। रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने अथितियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। पटुका ओढाई गई। गोपाल माहेश्वरी, रूबी माहेश्वरी, संजय धूपड़, वृंदा धूपड़, संजीव माराठा, रितू पल्तानी, डीएस लोधी, महामंत्री प्रशांत शर्मा , कोषाध्यक्ष प्रखर गुप्ता, दीपक मराठा, धर्मेंद्र माहेश्वरी, पंकज मिश्रा, कुश बिरला, सत्यनारायण बिरला, दीपक गुप्ता , दुर्वेश माहेश्वरी, अजय डांगरा , गुल्लू वार्ष्णेय, संस्कार बिड़ला, ललित बिड़ला, सच्चिदानंद डांगरा जयप्रकाश गुप्ता, आकाश शर्मा, सौरभ शर्मा, दीप्ती माहेश्वरी, कृष्ण मुरारी दरगढ, प्रदीप कावरा मौजूद रहे।


शहर के बाराहद्वारी स्थित रामलीला मंच पूजन कार्यक्रम में पूजा अर्चना करते रामभक्त।

- प्रथम दिन खेली गई नारद मोह की लीला, वेद मंत्रों से गूंजा वातावरण

## सार-संक्षेप

### भाजपाइयों ने चलाया सदस्यता अभियान



**कासगंज :** अमांपुर कस्बा में क्षेत्रीय विधायक हरिओम वर्मा ने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर टोर टू टोर सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान काफी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। क्षेत्रीय विधायक हरिओम वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने देश की जटिलतम समस्याओं को हल करते हुए कश्मीर में धारा 370 खत्म की। भव्य प्रभु श्रीराम का मंदिर निर्माण कराया। तीन तलाक जैसी बुराई समाप्त की। इस दौरान 100 से अधिक लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। इस दौरान विधायक हरिओम वर्मा, प्रधानाचार्य जागन सिंह सोलंकी, रामनरायन मित्तल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मीना चौहान, भाजपा जिला महामंत्री संजय सोलंकी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा दरवेश जाटव, मंडल उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र वर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता सर्राफ, प्रखर गुप्ता, तिर्मल सिंह, भीमसेन कश्यप, संजय राजपूत, विकास दादा, सोनू गुप्ता, ऋषभ उपाध्याय, आयुष गुप्ता, कैलाश शाक्य आदि मौजूद रहे।

### ज्ञान तिवारी बने पार्वती इंटर कॉलेज के प्रबंधक



**सिढपुरा :** रविवार को कस्बा के पार्वती राष्ट्रीय कार्यकारिणी के लिए चुनाव हुआ। 35 मत पाकर ज्ञान तिवारी ने अपने प्रतिद्वंदी रघुवंशी लाल को 25 मतों से पराजत किया। रघुवंशी लाल को मात्र दस मत मिले।अध्यक्ष पद पर आलोक तिवारी को 32 एवं उनके प्रतिद्वंदी आलोक गुप्ता को 13 मत मिले। आलोक तिवारी 19 मतो से विजयी घोषित हुए। पर्यवेक्षक राजेश यादव ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया में 50 मतदाताओ में से 48 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। चुनाव प्रक्रिया में नारायण भास्कर एडवोकेट की अहम भूमिका रही। निर्वाचन अधिकारी अरुण ने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर प्रमोद उपाध्याय, मंत्री ब्रज भूषण पांडेय, संयुक्त सचिव राजेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ दिनेश वशिष्ट एवं सदस्य हेतु संतोष कुमार उपाध्याय, प्रमोद कुमार उपाध्याय, कौशल उपाध्याय, सोरन सिंह चौहान, नवनीत तिवारी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

### धोखाधडी का वांछित भेजा जेल

**कासगंज :**कोतवाली पटियाली पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में वांछित चले आ रहे आरोपी को कस्बा के मैन चौराहा से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इंस्पेक्टर गोविंद वल्लभ शर्मा ने बताया कि आरोपी धर्मेंद्र सिंह पुत्र रामसनेही निवासी नगला मोड थाना गंजडुंडवारा को पूछतांछ के बाद जेल भेजा गया है।

### दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

**कासगंज :** गंजडुंडवारा कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चले आ रहे आरोपी को ग्राम अकबर नगर पलिया से मिली सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी रविंद्र निवासी अकबर नगर पलिया कोतवाली गंजडुंडवारा को पूछतांछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसके विरुद्ध आग्रिम कार्रवाई हुई है।

### सेवानिवृति पर पुलिस कर्मियों को दी विदाई

**कासगंज :** सोमवार को पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में विदाई कार्यक्रम हुआ। जिसमें सेवानिवृत हुए पुलिस कर्मी उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक अतबल सिंह, मुख्य आरक्षी रामबीर सिंह, मुख्य आरक्षी राशिद अली सेवानिवृति पर विदाई दी गई। एसपी अर्पणा रजत कौशिक ने सेवानिवृत पुलिस कर्मियों को फूल मालाए पहनाई स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी।

### चयनित छात्रों को किया गया पुरुस्कृत



**गंजडुंडवारा :** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत बीआरसी पर हुई प्रतियोगी परीक्षा में सफल होकर जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगी परीक्षा में चुने जाने पर छात्रों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर उनके अभिवावक सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।उच्चतर प्राथमिक स्कूलों के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जागरूक करने लिए राष्ट्रीय अविष्कार अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत शनिवार को बीआरसी पर प्रतियोगी परीक्षा कराई गई । जिसमें से 25 बच्चों को चयन उनके अंकों के आधार पर किया गया। चयनित 25 बच्चों को 5-5 बच्चों के पांच ग्रुप में समायोजित कर एक परीक्षा पुन: कराकर पांच बच्चों का चयन जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता के लिए किया गया। विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय बमनपुरा में अध्यनरत दो छात्रों के चयन होने पर प्रधानाध्यापक संतोष राठौर ने स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमे चयनित छात्रों का माल्यार्पण कर सम्मानित किया। साथ ही अन्य शिक्षकों ने भी छात्रों को भी पुरस्कृत किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य संतोष कुमार राठौर, अस्लीम फात्मा, इरफान हुसैन व स्टाफ मौजूद रहा

**दिक्कत** जर्जर हाल में है श्रीराम बारात शोभायात्रा मार्ग की सड़कें, नगर पंचायत प्रशासन से सड़कें दुरुस्त कराने की मांग

# अमांपुर में गड्ढायुक्त सड़कों से गुजरेगा भगवान श्री राम का रथ

संवाददाता, अमांपुर

**अमृत विचार:** शारदीय नवरात्रि पर्व से कस्बे में 11 दिवसीय श्रीराम लीला मंचन महोत्सव का शुभारंभ हो जाएगा। कस्बे के मुख्य मार्गों से राम बरात और शोभायात्रा निकलेगी। शोभायात्रा मार्ग जर्जर और खस्ता हाल है। रामभक्तों ने नगर पंचायत प्रशासन से मार्गों को रामलीला मंचन से पूर्व दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

कस्बे के कॉलेज रोड, गुड़मड़ी और पुराना थाना मार्ग की बदहाल सडकों पर रथ में सवार होकर गुजरने वाले स्वरूप हिचकोले खाएंगे। इन मार्गों पर राम भक्तों की डगर आसान नहीं है। इन शोभायात्रा मार्गों पर जगह-जगह ऊबड़-खाबड़ व उखड़ी हुई सड़कों पर गहरे गड्ढे हो चुके हैं। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। नगर पंचायत में शिकायतें भी की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। लोगों ने नगर पंचायत से सड़क को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। कस्बा के गुडमड़ी, कॉलेज रोड, पुराना थाना एटा रोड की सड़क सालों से जर्जर है। जगह-जगह इंटरलाकिंग धंस गई है। और कई जगह गड्ढे व उखड़ी हुई सड़क से होकर कांवड़ियों को निकलने में खासी परेशानी होगी। नवरात्र पर्व पर देवी भक्तों और प्रभु श्रीराम की बरात को इसी मार्ग से होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ेगा। देवी भक्तों और राम भक्तों को राम बरात में कठिन मार्ग पर चलकर अपनी भक्ति की परीक्षा देनी पड़ेगी। उनके मार्ग को आसान बनाने के लिए नगर पंचायत और जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं है। इन मार्गों से होकर प्रचीन देवी मंदिर, मक्खन लाल इंटर कॉलेज, बैकुंठी देवी राष्ट्रीय शिशु सदन, प्राथमिक विद्यालय, बीआरसी, हनुमान मंदिर, सहावर रोड, कासगंज रोड, एटा रोड आदि मार्गों पर लोगों का आना जाना रहता है। यह पूरा मार्ग जर्जर हो चुका है। और जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं। इंटरलाकिंग भी जगह-जगह से उखड़ गई है, जो नगर वासियों और राहगीरों के लिए बाधा बन रहे हैं। कस्बा के मीना चौहान, नाथूराम गुप्ता, राकेश पाराशर, रामनरायन मित्तल, विजयप्रकाश गुप्ता, डा.भगवान सिंह राजपूत, केशवदेव गुप्ता, शीलेन्द सोलंकी, पुष्पेंद्र वर्मा, बन्टू यादव, बसन्त गुप्ता, आकाश गुप्ता सर्राफ, गौरव यादव, कैलाश शाक्य, हुकुम सिंह शाक्य, अंशुल वर्मा, संजीव गुप्ता, बबलू यादव आदि ने जिलाधिकारी महोदय से समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।


रामलीला महोत्सव के दौरान निकलने वाली राम बारात शोभायात्रा मार्ग जर्जर खस्ता हाल में है।


रामलीला महोत्सव धार्मिक आयोजन है। नगर पंचायत सड़कें दुरुस्त कराए। जिससे धार्मिक आयोजन के आयोजकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। **-रोहित पाल**


नगर पंचायत प्रशासन लापरवाह है। रामलीला का आयोजन शुरु होने में मात्र दो दिन रह गए हैं। शोभायात्रा मार्ग दुरुस्त नहीं कराए गए हैं। -सुधीर सर्राफ।


नगर पंचायत प्रशासन को जब पहले से ही जानकारी थी। पहले नवरात्र से रामलीला मंचन होगा। शोभायात्रा निकलेगी। फिर भी मार्ग दुरुस्त नहीं कराए गए। **-बसंत गुप्ता।**


नगर पंचायत प्रशासन को चाहिए रामभक्तों की भावनाओं का सम्मान करते हुए रात दिन काम करा कर राम बारात से पूर्व शोभायात्रा मार्ग को दुरुस्त कराए। **-केशव देव गुप्ता।**

अज्ञः सुखमाराध्यः सुखतरमाराध्यते विशेषज्ञः।
ज्ञानलवदुर्विदग्धं ब्रह्मापि नरं न रञ्जयति।।

अज्ञानी व्यक्ति सरलता से प्रसन्न हो जाता है, विद्वान व्यक्ति और भी सरलता से प्रसन्न हो जाता है, किंतु अल्प ज्ञान से उन्मत बने हुए व्यक्ति को ब्रह्मा भी प्रसन्न नहीं कर सकते।

## संपादकीय

# रक्षा निर्यात में बढ़त की ओर

भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही सात ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ता बनने के लक्ष्य के चलते भारत के रक्षा निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और यह वैश्विक स्तर पर बढ़त की ओर है। भारत अब शीर्ष 25 आयुध निर्यातक देशों में शामिल है, जो लगभग 85 देशों को रक्षा उत्पाद आपूर्ति करता है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के मुकाबले 32.5 प्रतिशत ज्यादा है। भारत का रक्षा निर्यात बढ़ने के कारणों में वैश्विक संघर्ष जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष भी शामिल है। भारत की एक अग्रणी रक्षा आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरने की महत्वाकांक्षा निर्णायक कार्रवाई और रणनीतिक फोकस की मांग करती है। इसलिए भारत ने रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। देश में उन्नत स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का विकास हो रहा है, जो वैश्विक बाजार में आकर्षक है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन इस प्रयास में सबसे आगे रहा है। विश्व स्तरीय रक्षा उत्पादक के रूप में स्थिति को मज़बूत करने के लिए, भारत को सैन्य-श्रेणी के यूएवी, उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणाली और अत्याधुनिक साइबर रक्षा तकनीकों जैसे क्षेत्रों में अपनी उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करना चाहिए। इसके अलावा अपने उत्पादन पोर्टफोलियो में उन्नत समुद्री टोही विमान, पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली और व्यापक निगरानी बुनियादी ढांचे को एकीकृत करना आवश्यक है। भारत ने 53 से अधिक देशों के साथ रक्षा सहयोग समझौते किए हैं, जिससे भारतीय रक्षा उत्पादों के लिए नए बाजार खुल रहे हैं। इस बीच भारत ने अमेरिका, रूस, फ्रांस और इजराइल सहित प्रमुख वैश्विक शक्तियों के साथ अपनी रक्षा साझेदारी को मजबूत किया है।


इन रणनीतिक गठबंधनों से न केवल भारत की वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थिति मजबूत होगी, बल्कि वैश्विक रक्षा बाजार में उसे एक स्थायी प्रतिस्पर्धी बढ़त भी मिलेगी। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए भारत को अपनी निर्यात क्षमताओं को बढ़ाना होगा, प्रमुख बाजारों को लक्षित करना होगा और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल बिठाना होगा। वैश्विक आयुध बाजार में प्रभावी रूप से प्रतिस्पर्द्धा करने के लिए भारत को विशेष रूप से रक्षा निर्यात के लिए एक व्यापक निर्यात वित्तपोषण प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है। भारत के रक्षा निर्यात में निजी क्षेत्र का 60 प्रतिशत और डीपीएसयू का 40 प्रतिशत योगदान है। इसलिए सफलता एक स्थायी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर निर्भर करेगी जो ठोस परिणाम उत्पन्न करे। भारत-इजरायल के सफल समयोजन कार्यक्रम से प्रेरणा ले सकता है, जिसने इसके रक्षा औद्योगिक आधार और निर्यात क्षमताओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# रेवड़ी- संस्कृतिः जरा संभल के



प्रमोद कुमार गुप्ता
ग्रुप कैप्टन, भारतीय वायु सेना (वेटरन)

यदि हम शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य मूलभूत सुविधाओं को छोड़ भी दें, क्योंकि यह उपलब्ध कराना सरकारों का नैतिक दायित्व है तो भी इन चुनावी रेवड़ियों का वित्तीय बोझ देश की आर्थिक रीढ़ को कमजोर करने के लिए पर्याप्त है।




राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में विरोधियों को पीछे छोड़ने की होड़ में हम लोक-लुभावन घोषणाएं तो कर देते हैं,परंतु यह भूल जाते हैं कि यह आर्थिक तुष्टीकरण हमें कहीं आर्थिक इमरजेंसी या दिवालियापन की ओर तो नहीं ले जा रहा है। हमें वेनेजुएला, अर्जेंटीना, ब्राजील या श्रीलंका की स्थितियों को नहीं भूलना चाहिए और न ही देश के अंदर हिमाचल प्रदेश के हालातों को नजरअंदाज करना चाहिए, जहां विकास कार्य तो छोड़िए,रोजमर्रा के सरकारी खर्च के लिए, कर्मचारियों को वेतन देने तक के पैसे नहीं हैं।

भारत की दलगत राजनीतिक व्यवस्था में धर्म, जाति व पंथ की भूमिका हमेशा से रही है और संभवतः भविष्य में भी रहेगी। संख्याबल, धनबल, बाहुबल का अपना अलग ही स्थान है। विशुद्ध वैचारिक, आस्थावादी राजनीति अब दूर की कौड़ी है, जिसका प्रमाण आए दिन होने वाला दलबदल है। पिछले कुछ वर्षों से ऐसा लग रहा है कि राजनीतिक पार्टियों को अपने "सरवाइवल" के लिए अब किसी अन्य हथियार की आवश्यकता है और आम भाषा में इस हथियार को हम चुनावी रेवड़ियां कह सकते हैं।

समय के साथ-साथ जनता भी इन रेवड़ियों (कुछ लोग इसे मुफ्तखोरी की संज्ञा भी देते हैं) की इतनी आदी हो गई है कि सभी राजनीतिक दल इस 'विधा' को 'संकल्प-पत्र' की तरह अपनाते जा रहे हैं और यह किसी एक राज्य में नहीं, बल्कि पूरे देश में कारगर भी सिद्ध हो रहा है। मजे की बात यह है कि इन रेवड़ियों की मिठास भी चुनाव दर चुनाव बढ़ती जा रही है। अब सिर्फ साड़ी, सैंडल, मंगलसूत्र या श्रृंगार के सामान से काम नहीं चलता और न ही स्कूटी, साइकिल, टीवी या लैपटॉप से। अब तो जनता को मुफ्त बिजली-पानी, मुफ्त यातायात, अलग-अलग तरह की पेंशन, अनुदान, ब्याज-मुक्त लोन, सब्सिडी, मुफ्त आवास इत्यादि की आदत सी पड़ गई है। हाल में एक प्रदेश में बात मुफ्त आवासीय प्लॉटों तक पहुंच गई। इन मुफ्त की रेवड़ियों का आकर्षण अब जनता के लिए अधिकार समान है और राजनीतिक दलों के लिए चुनावी रेस जीतने का जरिया। शब्द कठोर है पर कहना गलत न होगा कि जनता के मुंह मुफ्तखोरी का खून लग चुका है और अब "वर्क एंड अर्न" वाली संस्कृति जनता के उस वर्ग में खत्म होती जा रही है,जो इन मुफ्त रेवड़ियों के असली लाभार्थी हैं।

यदि हम शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य मूलभूत सुविधाओं को छोड़ भी दें, क्योंकि यह उपलब्ध कराना सरकारों का नैतिक दायित्व है तो भी इन चुनावी रेवड़ियों का वित्तीय बोझ देश की आर्थिक रीढ़ को कमजोर करने के लिए पर्याप्त है। इस बात से किसी भी दल को सरोकार नहीं कि देश के टैक्स पेयर का पैसा देश के संस्थागत ढांचे के लिए ही उपयोग होना चाहिए, न कि किसी राजनैतिक दल या कुनबे की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए। बिना भेदभाव के जनता की वाजिब आकांक्षाओं व अपेक्षाओं को पूरा करना सरकार की जिम्मेदारी तो है, परंतु मनमाने ढंग से टैक्स पेयर के पैसे का असंवैधानिक या असंस्थागत तरीके से व्यय तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता। ऐसे तौर तरीकों से न सिर्फ अकर्मण्यता को बढ़ावा मिलता है, बल्कि संस्थागत आर्थिक ढांचा कमजोर भी होता है,जिसके दुष्परिणाम हमें या हमारी आने वाली पीढ़ी को भुगतने ही होंगे। वोट की राजनीति के चलते "अतिशय कल्याणवाद" को आधार बनाना वास्तविकता में वंचितों की भावनाओं से खिलवाड़ करने जैसा है।

राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में विरोधियों को पीछे छोड़ने की होड़ में हम लोक-लुभावन घोषणाएं तो कर देते हैं,परंतु यह भूल जाते हैं कि यह आर्थिक तुष्टीकरण हमें कहीं आर्थिक इमरजेंसी या दिवालियापन की ओर तो नहीं ले जा रहा है। हमें वेनेजुएला, अर्जेंटीना, ब्राजील या श्रीलंका की स्थितियों को नहीं भूलना चाहिए और न ही देश के अंदर हिमाचल प्रदेश के हालातों को नजरअंदाज करना चाहिए, जहां विकास कार्य तो छोड़िए,रोजमर्रा के सरकारी खर्च के लिए, कर्मचारियों को वेतन देने तक के पैसे नहीं हैं। अब हरियाणा भी हिमाचल की राह पर चलता दिख रहा है। पूरे राजनीतिक तंत्र को स्मरण रखना होगा कि सामाजिक न्याय या उत्थान मुफ्त की रेवड़ियों से न होकर संस्थागत-बुनियादी ढांचे, दूरगामी परियोजनाओं, उच्च तकनीकी शिक्षा, रिसर्च एंड स्किल डेवलपमेंट व व्यावहारिक आर्थिक प्रबंधन से होता है। यदि हम इस वास्तविकता को नजरअंदाज करते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब मूलभूत विकास के कार्य सुस्त पड़ जाएंगे, सरकारी खजाना खाली होगा, योजनाएं समय से पूरी न हो सकेंगी और फिर जनता का आक्रोश बढ़ेगा। उस स्थिति में चुनावी रेवड़ियों बांटने का उद्देश्य भी अधूरा रह जाएगा। अतः यह आवश्यक है कि वंचितों के नाम पर टैक्सपेयर का शोषण बंद हो। शुक्र है कि मुफ्त चुनावी रेवड़ियों के विरोध में कुछ प्रशासनिक और विधिक संस्थाओं के स्वर उभरने लगे हैं।

कुछ बुनियादी संस्थागत सुविधाओं को छोड़कर भारत का टैक्स पेयर अब किसी भी अनर्गल चुनावी घोषणा का व्यय उठाने के मूड में नहीं है,क्योंकि इस प्रकार की घोषणाओं से कोई भी स्थाई रूप से सक्षम नहीं हो सकता। अब थोड़ी सी बात शुद्ध आर्थिक परिप्रेक्ष्य में भी कर लेते हैं। हमारा सपना 2030 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (पांच ट्रिलियन डॉलर) बनने का है,जिसके लिए हम प्रयत्नशील भी हैं। युवा आबादी,आर्थिक और राजनैतिक स्थायित्व, जीवंत लोकतंत्र, भारत की वैश्विक छवि, हमारी तकनीकी क्षमताएं और निवेश का सही वातावरण हमारे पक्ष में हैं। यदि कुछ पक्ष में नहीं है तो वह समग्रता में भारत का आर्थिक प्रबंधन। विदेशी कर्ज का बोझ, (670 बिलिन डॉलर), आयात-निर्यात का अंतर / राजकोषीय घाटा, अपेक्षा से कम जीडीपी ग्रोथ (6.8 प्रतिशत) व ऊर्जा क्षेत्र में अस्थिरता आदि हमारी कमजोरियां हैं। यदि पूरे देश में सभी दलों द्वारा किए गए चुनावी वादों का आर्थिक संकलन किया जाए तो इसका गहरा असर न सिर्फ सरकारी खजाने पर होगा, बल्कि अन्य वित्तीय संस्थानों को भी भारी घाटा झेलना होगा।

हम आवश्यक नियोजित व्यय जैसे कि वेतन आदि को तो कम नहीं कर सकते, परंतु धन की कमी स्वाभाविक रूप से विकास कार्यों की गति को धीमा कर सकती है। ऐसी स्थिति में सरकारें अधिक कर्ज लेंगी, हर वस्तु के दाम बढ़ेंगे, सुविधाएं महंगी होंगी, प्रोजेक्ट्स अधूरे रहेंगे, योजनाएं समय से पूरी नहीं होंगी,जिससे जनता में असंतोष बढ़ेगा। आज जो धन हमारी राजनीतिक पार्टियां और सरकारें चुनावों में जीत के लिए बांट रही हैं। यदि यही धन देश की दूरगामी प्रगतिशील योजनाओं में लगा दिया जाए तो यह एक वरदान सिद्ध हो सकता है। 'मेक इन इंडिया' ऐसी ही एक योजना है। इसके अतिरिक्त उच्च तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य, स्पेस व एड्वान्स टेक्नॉलजी आदि के क्षेत्र में कई ऐसे प्रोजेक्ट है, जिनमें धन की अधिक आवश्यकता है और यदि "फ्री-वीज" के रूप में बांटे जाने वाला यह पैसा डाइवर्ट कर दिया जाए तो संबंधित योजनाएं अधिक गतिशील होकर हमारी वर्तमान आर्थिक कमजोरियां को दूर कर सकती हैं। वर्तमान सरकार की एक साथ चुनाव कराने की मंशा भी स्वागत योग्य है, जिससे न सिर्फ सरकारी खर्च बचेगा, बल्कि किसी हद तक चुनावी वायदों पर रोक लगेगी। समय है कि हम अपनी राजनीतिक सोच व आर्थिक व्यवस्थाओं में परिवर्तन लाएं और मुफ्तखोरी के व्यसन से बाहर निकलें,यह आदत आर्थिक दुर्बलता के साथ-साथ नकारात्मक प्रवृत्ति को भी जन्म दे रही है।

## प्रसंगवश

# लोकतंत्र का मंगलाचरण

यह बात ध्यान देने की है कि संसार में फोकलोर और लोकतंत्र के विचार का जन्म एक साथ ही हुआ था और उसकी पृष्ठभूमि में थी फ्रांस की राज्यक्रांति (1789 से 1799)। यही वह समय था, जब रोटी मांग रही भीड़ के प्रति फ्रांस की साम्राज्ञी, 'मेरी आन्तोन' ने कहा था कि - रोटी नहीं है तो ये लोग केक क्यों नहीं खा लेते?



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

फ्रांस के अयोग्य शासक, सामंतों और कुलीन वर्ग को प्राप्त विशेषाधिकारों के प्रति लोगों में आक्रोश था और मध्यम वर्ग में मॉन्टेस्क्यू, वाल्टेयर और रूसो के विचारों से बौद्धिक जागरण हो रहा था। मॉन्टेस्क्यू फ्रांस का एक राजनैतिक विचारक और न्यायविद था। 1748 ई. में उसने कानून की आत्मा नामक पुस्तक का प्रकाशन किया। इसमें उसने फ्रांस के राजाओं के दैवी अधिकार के सिद्धांत की कटु आलोचना की। उसने वैधानिक शासन, शक्ति-पार्थक्य के सिद्धांत तथा व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रतिपादन किया। उसका विचार था कि निरंकुश शासन को समाप्त करने के लिए शासन के तीनों अंगों कार्यपालिका, व्यवस्थापिका और न्यायपालिका के क्षेत्रों को पृथक-पृथक करना आवश्यक है। वॉल्टेयर की रचनाओं से फ्रांस में राज्य क्रांति का जन्म हुआ माना जाता है। उस समय देश में धर्म के नाम पर पादरियों की मनमानी चल रही थी। वॉल्टेयर ने इन लोगों के खिलाफ खुलकर कलम चलाई। वॉल्टेयर को जेल जाना पड़ा। जब उसे शासक के सामने लाया गया,तब उसने शासन को उसकी जिम्मेदारी का अहसास दिलाया। तब शासक ने कहा कि सच्चा लेखक वही है,जो शासक के मुंह पर भी सच बोलने से न डरे।'

रूसो महान दार्शनिक था। उसने बतलाया कि गरीबी पूर्वजन्म के कर्मों का फल नहीं है। रूसो के अनुसार राज्य की सामूहिक चेतना ही व्यक्ति की नैतिकता और स्वतंत्रता का स्रोत है। रूसो के विचारों ने फ्रांस की राज्यक्रांति की पृष्ठभूमि तैयार किया। उसका विश्वास था कि सर्वोपरि सत्ता जनता के हाथ में होनी चाहिए फ्रांसीसी क्रांति ने लोकतंत्र के विचार को बढ़ावा दिया। यह सिद्धांत प्रतिष्ठित हुआ कि राष्ट्र सामंत से नहीं बनता,जन साधारण या लोक से बनता है।

# श्रीलंका में राजनीतिक बदलाव से चिंताएं



प्रियंका सौरभ
स्तंभकार, हिसार

भारत को श्रीलंका के प्रति अपने कूटनीतिक दृष्टिकोण में सक्रिय कदम उठाने चाहिए। साथ ही श्रीलंका की अर्थव्यवस्था का समर्थन जारी रखना चाहिए।

श्रीलंका में हालिया राजनीतिक बदलावों का भारत पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता एवं सुरक्षा पर असर पड़ेगा। चूंकि भारत एक प्रमुख क्षेत्रीय शक्ति है, इसलिए उसे इन उभरती गतिशीलता के अनुकूल होने एवं अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अपनी राजनयिक रणनीति का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए।

इससे पहले, कोलंबो में दक्षिणपंथी सरकारों ने बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश के बदले में चीन की ओर झुकाव की कोशिशें की। ये उनके लिए गले की फांस बन गईं। इनमें से अधिकांश कर्ज के जाल में फंस गए। नतीजा श्रीलंका के लिए विनाशकारी था और इस प्रक्रिया ने भारत के सुरक्षा हितों को गंभीर रूप से खतरे में डाल दिया। अब सवाल और भी गंभीर हो गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक मार्क्सवादी समर्थक पार्टी श्रीलंका की सत्ता में काबिज है। ऐसे में भारत को सतर्क रहना चाहिए और इस बढ़ते चीनी प्रभाव को संतुलित करने के लिए क्षेत्र में अपनी रणनीतियों का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। साथ ही यह भी देखना चाहिए कि जेवीपी (जनता विक्मुथी पेरामुना) श्रीलंका में किस तरह का शासन और अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन लाएगा।

नेशनल पीपुल्स पावर का उदय आईएमएफ के चल रहे बेलआउट कार्यक्रमों और श्रीलंका में प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय निवेशों को खतरे में डाल सकता है, जिससे क्षेत्र में अस्थिरता उत्पन्न हो सकती है। आज दिसानायके के नेतृत्व में जेवीपी का पुनरुत्थान महज एक राजनीतिक जीत नहीं है, यह उस अंधराष्ट्रवादी चरित्र की वापसी का संकेत है,जिसने कभी श्रीलंका की एकता को खतरा पैदा किया था। जेवीपी के उदय का सबसे चिंताजनक पहलू चीन की भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के साथ इसका संभावित तालमेल है। श्रीलंका लंबे समय से चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति का हिस्सा रहा है। चीन समर्थित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और राजनीतिक साझेदारियों की एक श्रृंखला,जिसका उद्देश्य भारत को घेरना और हिंद महासागर में अपने समुद्री प्रभुत्व को सुरक्षित करना है। श्रीलंका में आंतरिक राजनीतिक परिवर्तनों के कारण उत्पन्न अस्थिरता फैल सकती है, जिससे भारत के लिए महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों सहित क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

यदि श्रीलंका को राजनीतिक अस्थिरता का सामना करना पड़ता है तो इससे हिंद महासागर में सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है,जो भारत के व्यापार एवं रणनीतिक हितों के लिए महत्वपूर्ण है। दिसानायके की नीतियां श्रीलंकाई तमिल समुदाय एवं उनके अधिकारों की वकालत करने में भारत की भूमिका को प्रभावित कर सकती है, जिससे तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो सकती है। तमिल अधिकारों पर कोई भी वापसी और जातीय कट्टरता की वापसी भारतीय नीति निर्माताओं को अच्छी नहीं लगेगी। ऐसा परिदृश्य भारत और श्रीलंका के बीच, विशेष रूप से दक्षिणी राज्यों में तनाव को बढ़ा सकता है। मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में चीन के बढ़ते प्रभाव के कारण इस क्षेत्र में भारत की स्थिति पहले ही कमजोर हो चुकी है। हिंद महासागर में चीनी शक्ति का प्रतिकार करने के भारत के प्रयासों में श्रीलंका एक महत्वपूर्ण चौकी रहा है। जेवीपी की जीत और चीन की ओर उसका संभावित झुकाव इन प्रयासों को गंभीर रूप से कमजोर कर देगा, जिससे भूटान दक्षिण एशिया के उन कुछ बचे हुए देशों में से एक रह जाएगा,जहां भारत अभी भी चीन पर रणनीतिक बढ़त रखता है।

भारत को श्रीलंका के प्रति अपने कूटनीतिक दृष्टिकोण में सक्रिय कदम उठाने चाहिए। साथ ही श्रीलंका की अर्थव्यवस्था का समर्थन जारी रखना चाहिए,यह सुनिश्चित करते हुए कि बुनियादी ढांचे के विकास जैसी परियोजनाओं से दोनों देशों को लाभ होगा एवं क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत श्रीलंकाई युवाओं के लिए छात्र छात्रवृत्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बढ़ा सकता है, जिससे युवा पीढ़ी के साथ मजबूत संबंध बन सकते हैं।

भारत को श्रीलंका में चीनी निवेशों पर बारीकी से नज़र रखनी चाहिए एवं उन्हें रणनीतिक भारतीय निवेशों के साथ संतुलित करना चाहिए। बंदरगाहों एवं हवाई अड्डों जैसे महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में भारतीय निवेश बढ़ाने से यह सुनिश्चित होगा कि भारत अपना प्रभाव बनाए रखेगा। क्षेत्रीय स्थिरता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत को एक बहुआयामी राजनयिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए,जो आर्थिक सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा तथा सांस्कृतिक जुड़ाव को प्राथमिकता दे। इन पहलुओं पर सक्रिय रूप से ध्यान देकर, भारत बढ़ते बाह्य दबावों के समक्ष अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए श्रीलंका में अपना प्रभाव मजबूत कर सकता है।

## सोशल फोरम

# डर और लिहाज में अंतर

लोग डर और लिहाज में अंतर नहीं समझते। कितनी ही बार वह लिहाज को डर का नाम दे देते हैं। डर इस दुनिया की हर शै में है,जबकि लिहाज सिर्फ इंसान में मिलता है। इसलिए बहुत बार इंसान ही,जिसने कभी लिहाज समझा ही न हो,उसे यह डर जैसा ही लगेगा।



हफीज किदवई
लेखक

मेरे वालिद और उनके भाई, यानी मेरे चचाजान वगैरह। जब कभी हम दोस्तों के साथ तफरीह करने निकलते, तो हम कहते यार उधर नहीं जाएंगे। उधर चचाजान बैठे होंगे। दोस्त कहते कि चचाजान से इतना डरते हो और हम चुप हो जाते। कैसे बताते यह डर नही है,यह लिहाज है,जो हमें एक तहजीब के साथ मिला है। चचाजान ने तो कभी ऊंची आवाज में बात तक नहीं की,तो डर क्यों होगा? और हम भी क्या गलत करने निकल रहे हैं, जो डर लगेगा। आज भी यह होता है कि बहुत से लोगों की बातें नागवार गुजरती हैं, मगर एक तहजीब है,जो कहती है कि लिहाज का दामन मत छोड़ो। कुछ लोग कहते हैं कि हम डर गए। वह यह नहीं जानते कि जिन आंखों में तहजीब बैठती है,वह आंखें बड़ी निडर होती हैं। डरते तो हम दुनिया में किसी से नहीं है,मगर अपनी तहजीब की बड़ी इज्जत करते हैं। यह हमारी रिवायत है कि तहजीब को न छोड़े।

मेरी नानी अम्मी कहती थीं कि बड़ों को गलती करने पर यह मत कहो कि आप गलत हैं या आप झूठे हैं। उनसे कहो कि ठीक है,मगर यह बात सही है। उन्हें करेक्ट तो करो,मगर लिहाज से,तब कम समझ आता था। अब सब समझ आता है। कहते हैं कि बढ़ता वक्त तजुर्बे को पैदा करता है और तजुर्बा दो चीजों में फर्क को साफ और सही देखने की कुव्वत देता है। अब समझ आता है कि डर और लिहाज में कितना बड़ा अंतर है। हम तो अपने दुश्मन का भी लिहाज करते हैं,मगर उसे पता है कि इन आंखों में उसके लिए खौफ कभी पैदा नहीं हो सकता है। इतना ही कहना है कि लिहाज और डर में अंतर सीखिए। लिहाज़ कीजिए और निडर बनिए...

-फेसबुक वॉल से

# नदियों को लीलता विकास



डॉ. उदयराज मिश्र
अंबेडकर नगर

वस्तुत: बाढ़ की विभीषिका एक नैसर्गिक आपदा भले मानी जाती हो, किंतु दिनों-दिन यह मानवजन्य भी होती जा रही है।

नदियां किसी भी राष्ट्र की धमनियां होती हैं,जिनसे जलराशि का निरंतर प्रवाह कृषि क्षेत्र के साथ-साथ भूगर्भ के जल स्तर को भी बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। प्राचीन काल में परिवहन के सर्वाधिक सुगम साधन होने के कारण जहां सभी प्रमुख सभ्यताओं के उदय इन्हीं नदियों के किनारे हुआ वहीं व्यापारिक दृष्टिकोण से प्राचीन काल से अब तक नगरों का विकास भी नदियों के दहाने पर ही हुआ है, जिसकी गवाही आज भी भारत ही नहीं अपितु विश्व के सभी नगर स्वयं ही हैं।

यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि मानवता को पालने-पोसने से लेकर उसके संवर्धन तक में नदियों का महत्वपूर्ण स्थान रहा है, जिनके बगैर समृद्ध राष्ट्र की संकल्पना और मानवता का अस्तित्व संभव ही नहीं है। यही नदियां ही स्वयं के अस्तित्व को लेकर संकट में हों तो मानवता कैसे प्रमुदित तथा प्रफुल्लित रह सकती है, यह विचारणीय प्रश्न है। आखिर बाढ़ की विभीषिका से जूझते नगर, कस्बों और गांवों की दुर्दशा के वास्तविक कारण क्या हैं? वस्तुतः हमारे देश में प्राचीन काल से ही नदियों को देवी स्वरूपा मानते हुए उनकी रक्षा करने का विधान है, लेकिन आज के विलासितापूर्ण जीवन जीने वाले विस्तारवादी मानव ने जहां अपने संस्कारों को तिलांजलि देकर महज अपनी इच्छाओं की पूर्ति तक स्वयं को सीमित कर लिया है। वहीं उसे अपने भी अस्तित्व के साथ-साथ नदियों के भी सहअस्तित्व का लेशमात्र ध्यान नहीं रहा है। यही कारण है कि विकास के थोथे दंभ के चलते मनमाने खनन, अवैध निर्माण और नदियों के किनारों तक बहुमंजिली इमारतों का निर्माण करते हुए नदियों के सतत प्रवाहन के मार्ग को भी परिवर्तित करने के साथ-साथ अवरुद्ध तक करने का कुत्सित प्रयास जारी है। यही कारण है कि पौराणिक काल में बहने वाली अनेक नदियों का नामोनिशान तक मिट चुका है या फिर पुस्तकों में छपकर रह गया है।

हालात यह हैं कि अब बाढ़ जैसी विभीषिका कछारों को छोड़ नगरों और कस्बों तक आने लगी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गत वर्ष लाल किले तक यमुना का जलप्रलय कदाचित आधुनिकता की अंधी दौड़ में पगलाए इंसानों की लिप्सा का ही प्रतिफल रहा, जिसके चलते महीनों तक दिल्ली हकलान रही और हालात बद से बदतर हो गए थे। कमोवेश ऐसे ही हालात हिमाचल, उत्तराखंड और बिहार में भी दृष्टिगोचर होते रहते हैं,जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता। महज एक दिन की भारी बरसात में विकास की पोल खोलती नदियों का जलस्तर आज विस्तारवादी मनुष्यों को उनकी करनी का दंड दे रहा है, जिसके साथ निरीह आम जनता भी दंड पा रही है। कदाचित प्रकृति का यह दंड नदियों के अस्तित्व के दृष्टिकोण से उचित भी है और स्वागत योग्य भी है। आखिर खनन माफियाओं,अवैध भवन निर्माताओं और राजमार्गों का निर्माण करने वाली कंपनियों की आंख भी खोलनी आवश्यक थी। जिन पर शासन और प्रशासन की कृपादृष्टि के चलते नदियां स्वयं पथहीन हो आज अस्तित्व तलाशने को विवश हैं।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में आजमगढ़, अंबेडकर नगर, बलिया, गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या, सुल्तानपुर, मऊ, गाजीपुर आदि ऐसे शहर हैं, जहां छोटी-मोटी नदियों की तली तक बने मकान इस नदियों के मार्ग अवरुद्ध करते हैं। यही कारण है कि वर्ष 2021 में आजमगढ़ में भंवरनाथ से लेकर हरवंशपुर, पल्हनी, कोलघाट आदि क्षेत्रों में व्यापक तबाही देखी गई थी। यहां पर नदी क्षेत्र में बने मकान इस बात की गवाही देते हैं कि नदी तो अपने मार्ग पर है,किंतु ये मकान ही अवैध हैं,जिनका कि डूबना और गिर जाना ही श्रेयस्कर है। कदाचित यही हालत अंबेडकर नगर के अकबरपुर की भी है। यहां तमसा जैसी पौराणिक काल की नदी का अतिक्रमण का शिकार है। भूमाफियाओं ने नदी की तलहटी तक जमीनों का सौदा करते हुए बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी कर दी हैं, जिससे नदी का प्रवाह अवरुद्ध होने से पानी बाढ़ के रूप में नगर की सड़कों पर पिछले वर्ष महीनों तक बहता रहा था।

वस्तुतः बाढ़ की विभीषिका एक नैसर्गिक आपदा भले मानी जाती हो, किंतु दिनों-दिन यह मानव जन्य भी होती जा रही है। जब तक नदियों का स्वतंत्र प्रवाह जारी नहीं होगा, ऐसी आपदाएं साल हर साल आती रहेंगी। अतएव अच्छा यही होगा कि अब से ही सही सभी भवनों को गिराते हुए नदियों को पुनर्जीवित किया जाए, जिससे बहते हुए पानी को एक क्षेत्र विशेष में रुकने का अवसर न मिले अन्यथा विस्तारवादी मानव का भी अस्तित्व स्वयं के चलते संकट में बना रहेगा। देखा जाए तो जलप्लावन के अनेक उत्तरदायी कारक हैं, जिनमें प्रदूषण, वृक्षों की कटान, जलवायु परिवर्तन और सतत होने वाले खनन प्रमुख हैं। इन सबसे भी अधिक उत्तरदायी कोई कारक अगर है तो मनुष्य द्वारा नदियों के मार्गों में अतिक्रमण, यह चाहे नए-नए बांधों के रूप में हो या फिर भूमाफियाओं की कुत्सित क्रियाओं का प्रतिफल हो, जो भी हो इसके लिए प्रकृति से अधिक मानव स्वयं में जिम्मेदार है।

लिहाजा बाढ़ की विकराल आपदा से निजात हेतु नदियों से नहरों का निकास और जलमार्गों का अबाध प्रवाह अत्यावश्यक है, जिसके बगैर साल दर साल आपदा प्रबंधन की होने वाली बैठकें व व्यवस्थाएं किसी बेमानी से कम नहीं होंगी और परिणाम का परिमाण सिफर से इतर और कुछ नहीं होगा।

# क्रेडिट कार्ड का घटता चलन



कुछ साल पहले तक क्रेडिट कार्ड हासिल करने के लिए लोग कई तरह के पापड़ बेला करते थे। क्रेडिट कार्ड होना किसी व्यक्ति की समृद्धता का प्रतीक भी माना जाता था, लेकिन अब स्थितियां बदल रही हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की सख्ती और नए नियमों के चलते अब क्रेडिट कार्ड से होने वाला खर्च तेजी से कम होता जा रहा है।

क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाले डिस्काउंट और ऑफर भी अब लोगों को लुभा नहीं पा रहे हैं। आलम यह है कि वित्त वर्ष 2022 के मुकाबले इस वित्त वर्ष में क्रेडिट कार्ड से खर्च एक तिहाई ही रह गया है। हर वित्त वर्ष इसमें कमी देखी जा रही है। मैक्वेरी रिसर्च के डेटा के आधार पर बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2022 में क्रेडिट कार्ड से खर्च की वृद्धि दर 54.1 फीसदी थी। इसके बाद वित्त वर्ष 2023 में यह 47.5 फीसदी और वित्त वर्ष 2024 में आंकड़ा घटकर 27.8 फीसदी ही रह गया था।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इस वित्त वर्ष में क्रेडिट कार्ड से खर्च की वृद्धि दर सिर्फ 16.6 फीसदी ही रह गई है। आरबीआई द्वारा असुरक्षित लोन के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से क्रेडिट कार्ड द्वारा किए जा रहे खर्च पर बुरा असर पड़ा है। हर साल फेस्टिव सीजन के दौरान सितंबर से दिसंबर तक क्रेडिट कार्ड से खर्च अपने चरम पर पहुंच जाता था। इस साल ऐसा होता नहीं दिखाई दे रहा है। नए क्रेडिट कार्ड जुड़ने की दर में भी बड़ी गिरावट आई है। रिपोर्ट के मुताबिक आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो वित्त वर्ष 2024 में 4.4 फीसदी घटा है। इससे पहले यह साल दर साल 3.2 फीसदी घट रहा था। इसी तरह एसबीआई कार्ड्स का क्रेडिट घाटा वित्त वर्ष 2024 में 7.4 फीसदी और वित्त वर्ष 2023 में 6.2 फीसदी रहा था।

मैक्वेरी रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा, कड़ी जांच और आरबीआई के नए नियमों के प्रभाव को देखते हुए क्रेडिट ग्रोथ में मंदी आगे भी जारी रहेगी। बैंकों ने भी अपने क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो में बढ़े हुए तनाव का संकेत दिया है। वित्त वर्ष 2025 में अगस्त तक नए क्रेडिट कार्ड जुड़ने की दर भी 38.3 फीसदी रह गई है। वित्त वर्ष 2024 में यह 41.3 फीसदी की दर से बढ़ रहा था। फेस्टिव सीजन के दौरान मिलने वाले डिस्काउंट और ऑफर्स की वजह से क्रेडिट कार्ड से खर्च अपने चरम पर पहुंच जाता था। इस बार नए क्रेडिट कार्ड बढ़ने की दर में भी कमी आई है। शायद उधार लेकर घी पीने की प्रवृत्ति पर कुछ अंकुश लगा है।

## एक नजर

### सट्टे की खाईबाडी करते एक गिरफ्तार

**कासगंज।** सदर कोतवाली पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर शहर की गंगेश्वर कॉलोनी रेलवे लाइन के निकट से सटटे की खाईबाडी करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि आरोपी लालू निवासी ग्राम जियाउदीनपुर के पास 640 रूपए की नकदी एवं सटटा की पर्ची बरामद हुई है। आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गई है।

### जुआ खेलते चार गिरफ्तार

**कासगंज।** सदर कोतवाली पुलिस ने जुआ के अडडे पर छापा मारकर जुआ खेलते चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से 830 रूपए की नकदी व 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि आरोपी अब्दुल, सलीम, शक्ति सिंह एवं प्रमोद को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया है।

### शराब सहित एक पकड़ा

**कासगंज।** सदर कोतवाली पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर कोतवाली क्षेत्र के गांव धनतोरियां से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जामा तलाशी के दौरान उसके पास पांच लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया आरोपी सुमित गोस्वामी निवासी नरौली के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

# बगैर फिटनेस वाहन से हादसा हुआ तो स्कूल संचालक पर होगी रिपोर्ट

## सड़क हादसों को रोकने के लिए नए ब्लैक स्पॉट चिह्नित करें

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सीडीओ सचिन व अन्य अधिकारी।

- सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सीडीओ ने दिए सख्त निर्देश

**अमृत विचारः** मुख्य विकास अधिकारी सचिन एवं अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। उन्होंने कहा कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मिलजुल कर प्रयास करें। नए ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए जायें। दुर्घटनाएं रोकने के लिए संवेदनशील स्थलों की कमियों को अधिशाषी अभियंता लोकनिर्माण विभाग एवं सम्बंधित निर्माण एजेंसियां तत्काल सुधार करें। उन्होंने कहा कि बगैर फिटनेस वाले वाहन से दुर्घटना होने पर स्कूल संचालक के खिलाफ एफआईआर कराई जाए।

सीडीओ ने कहा कि कोई स्कूल वाहन बिना फिटनेस के संचालित न हों। ऐसे वाहन यदि दुर्घटनाग्रस्त होते हैं तो संबंधित स्कूल संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जायेगी। ओवर लोडिंग वाहनों के लाइसेंस निलम्बित कराए जायें। सीएमओ सुनिश्चित करें कि कहीं पर भी दुर्घटना की स्थिति में तत्काल पीड़ितों की मदद की जाये। एम्बुलेंस से तत्काल उन्हें नजदीकी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जाये। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने, शराब पीकर गाड़ी चलाने, ट्रिपल राइडिंग करने, बिना हेलमेट वाहन चलाने आदि को रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया जाये। सीडीओ ने कहा कि हिट एंड रन के मामलों में किसी वाहन की टक्कर से मृत्यु होने अथवा चोटिल होने की दशा में परिवहन विभाग द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अधिक से अधिक लोगों को दी जाए। ऐसे लोगों को लाभान्वित किया जाये। इसके लिए पुलिस व परिवहन विभाग मिलकर कार्य करें।

## ठेला लगाने को लेकर मारपीट, दिव्यांग का शांतिभंग में चालान

**ओरछी, अमृत विचार :** मुख्य चौराहे पर लंबे समय से ठेला लगाकर रह रहे दिव्यांग को पड़ोस में ठेला लगाने वाले युवक ने जमकर पीटा। लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची। दिव्यांग पर शांतिभंग की कार्रवाई कर दी।

फैजगंज बेहटा थाना पुलिस की कार्यशैली पर आए दिन सवालिया निशान लगते आए हैं। सोमवार को ओरछी चौराहा जंग का मैदान बन गया। पास के गांव परमानंदपुर निवासी दिव्यांग युवक ओरछी चौराहे पर लंबे समय से चाऊमीन व चांट का ठेला खोमचा लगाता है। अच्छी दुकानदारी के चलते जिला संभल के गांव मई के लोगों ने अपना ठेला लगाना चाहा। उन्होंने दिव्यांग से ठेला हटाने को कहा लेकिन दिव्यांग नहीं हटा। जिसके चलते दोनों पक्ष में मारपीट होने लगी। मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दिव्यांग को पकड़कर ले गई और उसका चालान कर दिया। पुलिस की इकतरफा कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की फजीयत हो रही है। प्रभारी निरीक्षक जवाहरलाल वर्मा ने बताया कि बैठक में बदायूं आए थे। मामले की जानकारी करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भ्रष्टाचार के आरोप में बीएसए कार्यालय के दो बाबू निलंबित

संवाददाता, एटा

- स्कूल शिक्षा महानिदेशक ने बीएसए से स्पष्टीकरण मांगा जांच के बाद हुई कार्रवाई

**अमृत विचारः** बीएसए दफ्तर में तैनात बाबू विकास देव और एसके यादव को अवैध वसूली के आरोप में शासन ने निलंबित कर दिया है। एटा के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार से स्पष्टीकरण मांगा गया है। हालांकि इस पूरे मामले में शिक्षकों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

एटा जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के लेखा बाबू एसके यादव के खिलाफ तबादले के नाम पर रिश्वत लेने के आरोप में शिकायत की गई थी। इसके आधार पर स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने मामले की जांच कराई है। जांच रिपोर्ट में प्रथम दृष्टया वसूली के आरोप सही पाए है। बेसिक शिक्षा विभाग में ट्रांसफर, बहाली, फंड पेंशन इत्यादि सभी के रेट तय थे। इसकी शिकायत शासन तक पहुंच गई। जांच के बाद शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने इस मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार से स्पष्टीकरण मांगा। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि जांच रिपोर्ट महानिदेशक ऑफिस को मिल गई है। जांच में भी पाया गया है कि बीएसए दफ्तर का बाबू अपने घर में दफ्तर चला रहा था। बताया गया है कि इस मामले में दोनों लिपिक के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। इसके बाद विभागीय विस्तृत जांच की जाएगी।

## कोषागार में स्टाम्प का अर्धवार्षिक सत्यापन


कोषागार में स्टाम्प का अर्धवार्षिक सत्यापन करती जिलाधिकारी।

**बदायूं, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कोषागार में स्टाम्प आदि का अर्धवार्षिक सत्यापन किया। उन्होंने कोषागार अधिकारियों से विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी भी ली। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी विकास चौधरी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# व्यापारी की हत्या करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

बरेली कार्यालय, आंवला (बरेली)

- मुठभेड़ में एक दरोगा भी घायल पुलिस कर रही पूछताछ
- आंवला में 10 दिन पहले चोरी का विरोध करने पर मारी थी गोली

**अमृत विचार :** आंवला में चोरी का विरोध करने पर व्यापारी श्रीकांत पाटिल की गोली मारकर हत्या करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है और दरोगा रहमत अली भी घायल हो गए।

तीनों घायलों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान बदायूं के थाना कादरचौक क्षेत्र के इस्माइलपुर निवासी बजरुल अली और थाना उझानी के मानकपुर निवासी लईक के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार रविवार रात 1:30 बजे आंवला बदायूं रोड पर मुठभेड़ हुई। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि दोनों आंवला में अपने साथी उद्यान के दादोनगर निवासी हसनबी उर्फ अरबाज के साथ एक मकान का ताला तोड़ रहे थे। बजरुल खाली प्लॉट के पास निगरानी कर रहा था। इसी दौरान एक व्यक्ति ने उन्हें टोंक दिया। पकड़े जाने के डर से बजरुल ने उसे गोली मार दी थी और वह सभी वहां से भाग गये थे।

### व्यापारियों में था आक्रोश

नगर के मोहल्ला बाग बख्शी इफको कालोनी के श्रीकांत पाटिल उर्फ मराठा मोहल्ला पक्का कटरा में जेवर बनाने का काम करते थे। 19 सितंबर की रात 1 बजे चोर उनके घर के पास आए तो वह जाग रहे थे। इस पर चोर से चले गए। उन्होंने बाहर निकल कर देखा तो तीन चोर उनके पड़ोस के अनुपुरा मोहल्ला निवासी सालिगराम के मकान का ताला तोड़ रहे थे। उन्होंने शोर मचाकर एक को पकड़ लिया तो चोर ने उनके पेट में गोली मार दी। श्रीकांत जमीन पर गिर गए। मोहल्ले के लोगों ने उन्हें इलाज के लिए बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। 24 सितंबर को उनकी मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित व्यापारियों ने बाजार बंद कर खुलासा करने की मांग की थी। व्यापारियों ने मंत्री धर्मपाल सिंह का घेराव किया था। व्यापारी नेता सुनील गुप्ता का कहना है कि घटना के खुलासे के संबंध में पुलिस ने उन्हें कुछ नहीं बताया है।

पुलिस ने बताया कि उनके पास से दो तमंचे, दो कारतूस, एक बाइक, दो मोबाइल बरामद हुए हैं। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ कई थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं।




मुठभेड़ में घायल को ले जाती पुलिस।

> व्यापारी की गोली मारकर हत्या करने वालों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। एक दरोगा भी मुठभेड़ में घायल हुए हैं। आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। -**मानुष पारीक**, एसपी सिटी

# सम्मान व स्वस्थ रिश्ते के प्रति जागरूक रहे


ऑपरेशन जागृति मिशन कार्यक्रम को संबोधित करती एसपी अर्पणा रजत कौशिक।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- ऑपरेशन जागृति के समापन अवसर पर एसपी ने महिलाओं को किया जागरुक

**अमृत विचारः** ऑपरेशन जागृति का सोमवार को समापन हुआ। इस दौरान टीम जागृति ने छात्राओं और महिलाओं को सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। सोमवार को शहर के जयपुरिया स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने साइबर क्राइम और सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम में एसपी ने कहा कि ऑपरेशन जागृति का उद्देश्य महिलाओं को आए दिन होने वाले साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने स्वाभिमान, सम्मान एवं स्वास्थ रिलेशनशिप के प्रति जागरूक रहे। कहा कि जब भी कोई विपरीत परिस्थिति हो तो पुलिस से सहायता मांगें। पुलिस महिला सुरक्षा के लिए सक्रिय है। कार्यक्रम में एएसपी राजेश भारती, सीओ आंचल चौहान ने भी संबोधित दिया। इसके अलावा गायत्री इंटर कॉलेज व ग्राम नगला खली, ढोलना क्षेत्र के श्री छदामी इन्टर कॉलेज व ग्राम पंचायत धावली, सहावर में ग्राम पंचायत भिलोली, अमांपुर में मीरा देवी इंटर कॉलेज, ग्राम पंचायत बनसई वन, सुन्नगढी क्षेत्र में ग्राम पंचायत गजौरा व ग्राम अजीत नगर, पटियाली में ग्राम पंचायत अशोकपुर, सिढ़पुरा में प्राथमिक विद्यालय बकावली व ग्राम पंचायत पचरोई, सिकन्दरपुर वैश्य क्षेत्र में उच्च माध्यमिक विद्यालय ग्राम म्याऊ व ग्राम पंचायत नरदौली, गंजडुण्डवारा में नाथूराम सुशीला देवी इन्टर कॉलेज व ग्राम पंचायत बहारपुर में कार्यक्रम आयोजित किए।

# 65 वर्षीय साधू की संदिग्ध परिस्थितियों में गई जान

संवाददाता, सोरों जी


मृतक टोडी बाले बाबा।

**अमृत विचारः** सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदनगर में 65 वर्षीय वृद्ध साधु की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने गांव के ही व्यक्ति पर पुत्र के साथ मिलकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बाबा की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

गांव फरीदनगर निवासी टोडी ने सन्यास ले लिया था। वह बाबा बन गए थे। गांव में ही एक व्यक्ति के घर रहते थे। रविवार को उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि गांव का ही एक व्यक्ति लगभग दो वर्षों से उसके साथ रहता था। लगभग दो माह पूर्व टोडी बाबा ने अपने हिस्से की जमीन लगभग 40 लाख रुपये में बेची थी। परिजनों का आरोप है कि रकम हड़पने के लिए साथ रह रहे व्यक्ति ने अपने पुत्र के साथ मिलकर टोडी बाबा की हत्या कर दी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घटना के संबंध में परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में नामजदों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी गई है। सोरों कोतवाली के इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी का कहना है कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया बीमारी से मौत होना माना जा रहा है। परिजनों ने तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद जो भी तथ्य प्रकाश में आयेंगे, न्याय संगत कार्रवाई की जाएगी।

## आठ दिवसीय महिला सुरक्षा अभियान का समापन



**एटा, अमृत विचार :** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ के निर्देश पर 23 से 30 सितंबर तक चलाए गए आठ दिवसीय महिला सुरक्षा अभियान का सोमवार को समापन हो गया। इस अवसर पर नगर के जवाहरलाल नेहरू डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समापन समारोह में एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने छात्र-छात्राओं के साथ संवाद किया। इस अवसर पर सीओ ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में पुलिस की महिला कर्मियों और एंटी रोमियो टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने मंदिर, बाजार, स्कूल और कॉलेजों में चेकिंग अभियान चलाकर मनचलों को चेतावनी दी। अभियान का उद्देश्य नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन को बढ़ावा देना था। जनपद की सभी एंटी रोमियो टीमों ने मिलकर महिलाओं को अपनी समस्याओं को पुलिस के समक्ष रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्हें यह बताया गया कि पुलिस हर वक्त उनकी सुरक्षा में तत्पर है। अभियान के समापन पर आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल छात्राओं को जागरूक किया, बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुआ।

## रैली निकालकर स्वच्छता के लिए किया जागरूक




**अवागढ़, अमृत विचार :** जलेसर रोड स्थित जनता इंटर कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राकेश बाबू यादव ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली स्कूल परिसर से शुरू होकर जलेसर मेन बाजार, अखाड़ा चौराहा, रोडवेज तिराहा पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में शामिल छात्र-छात्राएं हाथों में स्वच्छता स्लोगन लिखी पट्टिकाएं लेकर चल रही थीं। इस मौके पर प्रवक्ता रणवीर कुमार सिंह परमार, डॉ. अमरेंद्र सिंह, अलोक आमोरिया, मेहरबान राजपूत. पुष्पेंद्र पाल शर्मा, अरविंद कुमार, अश्वनी कुमार, रीना शर्मा आदि थे।

## दो महिलाओं से छेड़खानी, विरोध करने पर पीटा

**एटा अमृत विचार :** एक महिला ने अलीगंज कोतवाली में छलि उर्फ इरफान पुत्र अजमेरी निवासी नगला बंजारन समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया है कि वह अपने घर पर मौजूद थी। आरोप है कि तभी नामजद लोग पहुँच गए। घर में बंद कर उसके साथ छेड़खानी की विरोध करने पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया गया, जिससे उसको गंभीर चोटें आई, मारपीट कर धमकी दी गई। वहीं, दूसरी ओर मलावन थाने में एक व्यक्ति ने पंकज पुत्र सतेन्द्र निवासी नगला भोपाल के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया हैं। बताया कि 28 सितंबर के पीड़ित के घर पहुंचे पंकज ने उसकी पत्नी के साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

## आठ अक्टूबर को होगी जामा मस्जिद मामले की सुनवाई

**बदायूं, अमृत विचार :** नील कंठ महादेव-जामा मस्जिद मामले में अब सुनवाई आठ अक्टूबर को होगी। सिविल जज सीनियर डिविजन फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश अमित कुमार की न्यायालय में मामला चल रहा है। वादी मुकेश पटेल ने जामा मस्जिद में नीलकंठ महादेव मंदिर होने का दावा किया है। जहां पुराने न्यायाधीश मनीष कुमार के सामने सरकार पक्ष व मस्जिद पक्ष के इंतज़ामिया कमेटी ने अपनी-अपनी बहस पूरी कर दी। प्रतिवादी नंबर दो वक्फ बोर्ड अपनी बहस शुरू कर चुका था। न्यायालय को यह देखना है कि यह केस चलेगा या नही।

# तीन आटोलिफ्टर गिरफ्तार, 11 बाइकें बरामद

संवाददाता, एटा


एटा पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी और बरामद बाइकें। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** एंटी व्हीकल टीम व जलेसर कोतवाली पुलिस ने तीन आटोलिफ्टर गिरफ्तार कर चोरी की 11 बाइकें बरामद कर लीं। गिरफ्तार किए गए आरोपी चेसिस नंबर बदलकर चोरी की बाइक बेच देते थे।

कोतवाली प्रभारी डॉ. सुधीर राघव व सीओ कृष्णमुरारी दोहरे ने बताया कि जलेसर क्षेत्र व अन्य थाना क्षेत्रों से चोरी की गई 11 मोटरसाइकिलें पकड़ी गई हैं। गिरफ्तार किए जाने वालों में अखिलेश पुत्र राज बहादुर निवासी नगला गोकुल कोतवाली नगर, गुड्डु पुत्र रक्षपाल असरौली कोतवाली देहात, शैलेश पुत्र मोहरपाल नगला गोकुल कोतवाली नगर शामिल हैं। इनके खिलाफ एक दर्जन से अधिक संगीन मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने आगरा रोड पर सिया देवी इंटर कॉलेज के पास झाड़ियों से 11 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। मौके से 37 बिट्स और एक हथौड़ा मिला है, जिसका इस्तेमाल चोरों द्वारा चेसिस नंबर बदलने के लिए किया जा रहा था।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक डॉ. सुधीर कुमार सिंह, एसआई जयवीर सिंह, एसआई चंद्रशेखर त्रिपाठी, और अन्य शामिल थे। पुलिस का कहना है कि कार्रवाई जारी रहेगी ताकि चोरी पर अंकुश लगाया जा सके और अपराधियों को सख्त सजा दी जा सके। बाइक चोरों को गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल में कोतवाली प्रभारी डा. सुधीर कुमार एसएसआई जयवीर सिंह एस आई चंद्रशेखर एसआई अभिषेक कुमार एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# प्रतिभाओं को निखारने का माध्यम हैं प्रतियोगिताएं

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


विजेताओं का उत्साह वर्धन करते कार्यक्रम में पहुंचे अथिति। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** शहर के द्रोपदी देवी जाजू बालिका इंटर कॉलेज में सोमवार को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ। जिसमें बजरंग दल द्वारा कराई गई सनातन संस्कृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई गई थी। प्रतियोगिता में जिले 15 विद्यालयों के प्रतियोगियों ने सहभागिता निभाई। अथितियों ने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ उद्योग पति गोपाल माहेश्वरी, पालिका अध्यक्ष मीना माहेश्वरी, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष गोपाल मराठा, जिला संघ चालक दीप राज माहेश्वरी, विनय राज माहेश्वरी, डीएस लोधी सहित अन्य अथितियों ने मां वाणी और भारत माता के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अथिति ने कहा कि प्रतियोगिताओं से निखार आता है। बजरंग दल द्वारा जिस विषय को लेकर प्रतियोगिता कराई जा रही है।

उससे प्रतिभागियों को सनातन संस्कृति का बोध होगा। उनके ज्ञान में वृद्धि होगी। कार्यक्रम गोपाल मराठा, जगदीश प्रसाद बिरथरे सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। प्रतियोगिता में जिले के 15 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई। प्रदीप कावरा, कृष्ण मुरारी दरगड़, सोमवती शर्मा, आदित्य गुप्ता, सतेंद्र, दुर्गेश माहेश्वरी, अंकुर, लखन, राज चौहान मौजूद रहे।

### विजेता प्रतियोगी को मिलेगा 11000 का प्रथम पुरस्कार

**सोरों जी।** विश्व हिन्दू परिषद औऱ बजरंग दल द्वारा सनातन संस्कृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता संत तुलसीदास म्यू इंटर कॉलेज सोरों कमला इंटर कॉलेज सोरों श्री भागीरथी इंटर कॉलेज सोरों में कराई गई। जिसमें 1100 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम पुरस्कार 11000 रुपए द्वितीय पुरस्कार 5100 रुपए तृतीय पुरस्कार 2100 रुपये रखा गया है। 50 छात्र-छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के प्रखण्ड अध्यक्ष राजेंद्र मौर्य बजरंग दल के प्रखंड संयोजक गोविन्द महेरे, सुधांशु भारद्वाज, अभिषेक वशिष्ठ, केशव महेरे, आकाश गोस्वामी, लव तिवारी, बंस बेन्देल, प्रियांशु दुबे, यश महेरे, विजय माथुर, अजय सैनी, सुधांशु महेरे, कुलदीप माहेश्वरी मौजूद रहे।

## हरपदी के घाट पर श्रद्धालुओं ने पितरों को किया तर्पण

**सोरों जी, अमृत विचारः** सोमवार को तीर्थनगरी सोरों के हरपदी एवं पटियाली में कादरगंज गंगा घाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पितरों को तर्पण किया। ब्राह्मणों को भोजन कराया और अन्न-वस्त्र दान दिए।

जानकारों के अनुसार पितृत पक्ष में पूर्वजों को श्रद्धांजलि देने की मान्यता है। इसी मान्यता के चलते लोग पितृ पक्ष में पवित्र नदियों में स्नान कर अपने पितरों को तर्पण कर रहे हैं। सोमवार को हरपदी गंगा घाट पर सुबह से राजस्थान, मध्यप्रदेश के अलावा यूपी के विभिन्न जनपदों के श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। श्रद्धालुओं ने मोक्ष दायिनी हरपदी गंगा में पितरों को जलदान किया। गंगा में डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने गंगा की पूजा अर्चना की। इसके बाद जरूरतमंदो को दान दिया। पितरों के मोक्ष की कामना की।

## विधायक के भाई के निधन पर हुई शोकसभा



**एटा, अमृत विचार :** भाजपा के सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड के बड़े भाई शशिकांत उर्फ बबलू के निधन पर जिला चित्रगुप्त कल्याण समिति द्वारा शोकसभा का आयोजन किया गया। वहीं परमेश्वरी दयाल सक्सेना के पुत्र अतुल सक्सेना के निधन पर शोक व्यक्त कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोकसभा में समिति के जिलाध्यक्ष अनुपम जौहरी, महामंत्री अनिल प्रकाश सक्सेना, डॉ विकास सक्सेना, रत्न प्रकाश सक्सेना, अमित जोहरी एडवोकेट, रविन्द्र साहय एडवोकेट, रवि कांत सक्सैना एडवोकेट, हिमांशु अस्थाना, नरेंद्र कुमार सक्सेना, राजेश माथुर, विकास चौधरी, क्षितिज सक्सैना, संजीव सक्सेना, आलोक जौहरी, शिप्रा जौहरी महिला अध्यक्ष, ऊषा सक्सैना ममता जोहरी, शबनम जौहरी, कांति सारण सक्सेना, सुधीर सक्सेना, लाल बहादुर सक्सेना, पंकज कनौजिया एडवोकेट, दीनेशवर साहय, हितेश्वर साहय, शुशील कुलश्रेष्ठ, राजीव सक्सेना, अरविंद सक्सेना, मानवेन्द्र कुदेशिया, राकेश सक्सैना, सुशील श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, दीपू, विवेक, अंशुमन जौहरी, अक्षित जौहरी आदि चित्रांश बंधु ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## चित्रकला प्रतियोगिता में शारदा प्रथम

**एटा,अमृत विचार :** प्रिंटिस कन्या इंटर कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम स्थान शारदा को मिला। छात्राओं ने गंगा को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए कई तरह की जन संदेश पेंटिंग बनाई। मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र लोधी ब्लॉक प्रमुख शीतलपुर ने कहा कि चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से हमें लोगो के बीच जन जागरुकता के भाव बढ़ाने की आवश्यकता है। गंगा को निर्मल व स्वच्छ बनाने में आम लोगों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी आर्यन गौड़ ने बताया कि सभी लोग अपने स्तर से पांच लोगों को जागरूक करने का प्रयास करें। चित्रकला प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान लायबा, तृतीय स्थान सृष्टि ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में वन दरोगा अमरीश, बृजेश कुमार, प्रधानाचार्य अर्चना चरन, सपना सैमुएल, मधु राजपूत, विपिन प्रकाश, शिव नारायण उपस्थित रहे।

## संस्कार भारती ब्रज प्रांत की कार्यकारिणी गठित




**एटा, अमृत विचार :** संस्कार भारती ब्रज प्रांत की प्रबन्ध कार्यकारिणी एवं साधारण सभा की बैठक सरस्वती विद्या मन्दिर में आयोजित हुई। क्षेत्रीय संगठन मन्त्री विजय कुमार, अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, क्षेत्र प्रमुख देवेन्द्र रावत, प्रांतीय अध्यक्ष मुकेश मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष सीए संजय गोयल, अखिल भारतीय अधिकारी बांके लाल गौर, प्रान्त महामंत्री शशांक तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर सभा आरंभ की। क्षेत्र संगठन मंत्री विजय कुमार ने पञ्चप्रण-कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण के बोध के बारे में चर्चा करते हुए राष्ट्र उत्थान का मूल बताया। क्षेत्र प्रमुख देवेन्द्र रावत ने कहा मनुष्य और ताबें का स्वभाव एक जैसा है। ज्यादा दिनों तक मांझा नहीं जाए तो दोनों काले पड़ जाते हैं। संस्कार भारती के अखिल भारतीय सदस्य बांकेलाल गौर ने कहा हमें अपने कार्य समीक्षा करनी चाहिए। प्रान्तीय महामंत्री शशांक तिवारी ने कहा हमारे कार्य का आधार प्रेम है। संचालन प्रांतीय महामंत्री शशांक तिवारी, डॉ मनोज कुमार, डॉ केशव शर्मा ने किया। संस्था के पदाधिकारियों का चुनाव सुभाष अग्रवाल ने सम्पन्न कराया। सभा के प्रस्ताव के बाद अलीगढ़ के सीए संजय गोयल नए प्रान्तीय अध्यक्ष चुने गए। एटा के मूल निवासी मथुरा से शशांक तिवारी पुन: प्रान्त के महामन्त्री बने। आगरा से आशीष अग्रवाल कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं।

# हिंदू बनकर लव जेहाद करने वाले को आजीवन कारावास, पिता को 2 वर्ष कैद

## स्पेशल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सुनाई सजा, भोजीपुरा के गांव का है दोषी

विधि संवाददाता, बरेली

- कंप्यूटर कोचिंग के दौरान हुई थी मुलाकात, हाथ में बांधता था कलावा, युवती को नाम गलत बताया

**अमृत विचार:** हाथ में कलावा बांधकर खुद को हिंदू बताकर हिंदू युवती के साथ लव जेहाद करने के आरोपी थाना भोजीपुरा के भैरपुरा जादौपुर निवासी मो. आलिम को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट रवि कुमार दिवाकर ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियुक्त पर एक लाख रुपये का जुर्माना डाला है। इसी केस में आलिम के पिता साबिर उर्फ रफीक अहमद को पीड़िता को अपमानित करने के जुर्म में दो वर्ष कैद की सजा सुनाई है।

सरकारी वकील दिगम्बर पटेल ने बताया कि पीड़िता ने थाना देवरनियां में तहरीर देकर बताया था कि वह राजेन्द्र नगर, बरेली में कंप्यूटर कोचिंग पढ़ने जाती थी। भैरपुरा जादौपुर से एक लड़का कोचिंग पढ़ने आता था, जो अपना नाम आनंद बताता था। हाथ में कलावा भी बांधता था। वे ज्यादातर दिनों साथ-साथ आते-जाते थे। वे एक दूसरे की ओर आकर्षित होने लगे। खुद को आनंद बताने वाले आलिम ने उससे शादी करने की बात कही। वह उसके बहकावे में आ गई और आरोपी उसे 13 मार्च 2022 को सुबह 10 बजे बाईपास रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर में ले गया और वहां उसने शादी का झांसा देकर उसकी मांग में सिंदूर भर दिया और उसके बाद वह उसे रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पास दोस्त तालिम के कमरे पर ले गया। वहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसने उसकी अश्लील वीडियो बनाई। उसके फोटो भी लिए। फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वह उसे कई बार 100 फुटा स्थित एक होटल में ले गया और जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसी बीच वह गर्भवती हो गई। उसके बाद एक दिन वह उसके घर जादौपुर गई, तब पता चला कि उसका सही नाम मो. आलिम है, उस समय उसके घर पर पिता साबिर, भाई बाजिद, नाजिम, बहन शिफा और मां मौजूद थी। इन लोगों ने कहा कि पहले इसका गर्भपात करा दो, फिर धर्म परिवर्तन करके इससे निकाह कर लो। वह घबरा गई, तब इन लोगों ने उसके साथ गालीगलौज और मारपीट की। कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी और धक्के मारकर घर से निकाल दिया।5 मई 2023 को उसका गर्भपात कराने के लिए आलिम ने चाय में मिलाकर दवाई खिला दी, जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई। 11 मई 2023 को उसे अपने घर बुलाया, वहां उसके परिवार वाले मौजूद थे, उन्होंने उसे आलिम के साथ गर्भपात कराने हाफिजगंज स्थित नर्सिंग होम में भेज दिया और वहां आलिम ने उसका गर्भपात करा दिया। धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो उसे और उसके परिवार को जान से मार देगा। पुलिस ने आलिम और उसके परिजनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के बाद आलिम के विरुद्ध दुष्कर्म, मारपीट, धमकी देने और उसके पिता साबिर के विरुद्ध पीड़िता को अपमानित करने की धारा में चार्जशीट कोर्ट भेजी गई थी। शासकीय अधिवक्ता ने मामले में छह गवाह पेश किए थे।

## हिंदू लड़कियों को प्रेम में फंसा कर सिंडिकेट करा रहा है धर्मांतरण

विधि संवाददाता, बरेली

- इस तरह से भारत में भी पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे हालात पैदा करने की जा रही कवायद

**अमृत विचार :** हिंदू बनकर छात्रा को धोखे से फंसाकर मांग में सिंदूर भरकर लगातार बलात्कार करने के अभियुक्त मो. आलिम को आजीवन कारावास सुनाने के बाद कोर्ट ने लव जेहाद पर करारी चोट की है और अपने फैसले में भारत सरकार को आगाह करते हुए लिखा है कि लव जेहाद के जरिए हिंदू लड़कियों को प्रेम में फंसाकर उनका अवैध रूप से धर्मांतरण करने का अपराध एक विरोधी गिरोह अर्थात सिंडिकेट के जरिए बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।

इसमें गैर मुस्लिमों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी आदि समुदाय के लोगों, महिलाओं और बच्चों के ब्रेनवाश करके, उनके धर्म की बुराई और देवी-देवताओं के संबंध में अपमानजनक टिप्पणी कर, मनोवैज्ञानिक दबाव डाल और विभिन्न प्रकार के लालच देकर उनका अवैध धर्मांतरण कराया जा रहा है, ताकि भारत में भी पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे हालात पैदा किए जा सकें।

अदालत ने निर्णय की प्रति पुलिस महानिदेशक, मुख्य सचिव व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को इस आशय से भेजी है कि जहां कहीं भी लव जेहाद के माध्यम से अवैध धर्मांतरण का मामला पाया जाए तो अधिनियम 2021 के अंतर्गत कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी साजिद गिरफ्तार

**स्वार (रामपुर), अमृत विचार :** किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे अस्पताल संचालक साजिद अली पाशा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी को 25 दिन तक लगातार चकमा दे रहा था। पुलिस ने उसके घर पर नोटिस भी चस्पा किया था। पुलिस ने साजिद अली पाशा को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की 15 वर्षीय बेटी का 2 युवक 31अगस्त को कार से अपहरण कर ले गए थे। किशोरी के पिता ने दोनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने 5 सितंबर को किशोरी को बरामद कर एक युवक को कार के साथ गिरफ्तार कर लिया था। किशोरी ने गांव अलीनगर उत्तरी स्थित ग्रीन सिटी हास्पिटल के संचालक साजिद अली पाशा और उत्तराखंड के थाना बाजपुर के गांव कनौरा निवासी मुदस्सर पर अपहरण करने का आरोप लगाया था। पीड़िता ने साजिद पर उसे कई जगह ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था।

## अभद्र टिप्पणी मामले में कोर्ट में पेश हुई जयाप्रदा, दर्ज कराया बयान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा अभद्र टिप्पणी के मामले में सोमवार को कोर्ट में हाजिर हुईं और अपने बयान दर्ज कराए। 2019 में लोकसभा चुनाव के बाद सपा नेता आजम खां के सम्मान में कटघर गुलाब बाड़ी स्थित मुस्लिम डिग्री कालेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। सम्मान समारोह में रामपुर के पूर्व सांसद आजम खां, मुरादाबाद के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन समेत पांच सपा नेता भी थे। आरोप है कि इस दौरान जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी की गई थी। इसका ऑडियो वायरल होने से मामले ने तूल पकड़ लिया था। रामपुर के मुस्तफा हुसैन की ओर से आजम खां, डॉ. एसटी हसन, अब्दुल्ला आजम, मोहम्मद आरिफ, रामपुर पूर्व चेयरमैन अजहर खां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई कई थी।

# भड़काऊ बयान देने में विधायक पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- विधायक महबूब अली और सपा जिलाध्यक्ष पर भी एफआईआर

**अमृत विचार :** बिजनौर में रविवार को हुए संविधान मानस्तंभ स्थापना कार्यक्रम में भड़काऊ बयान देने के मामले में अमरोहा सदर विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक महबूब अली के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। इनके अलावा बिजनौर के समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के खिलाफ भी मामला दर्ज हुआ है। दोनों पर बिजनौर शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

एफआईआर के मुताबिक रविवार को बिजनौर में चांदपुर रोड स्थित एक वेंक्वेट हॉल में सपा के जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन की अध्यक्षता में संविधान मानस्तंभ स्थापना कार्यक्रम हुआ था। इसमें अमरोहा सदर सपा विधायक महबूब अली ने भड़काऊ बयान दिया। उन्होंने कहा कि अब मुसलमानों की आबादी बढ़ रही है। हम जल्दी ही सत्ता में आएंगे। जो लोग देश को जला रहे हैं, उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि लोग जाग गए हैं। लोगों ने लोकसभा चुनाव में जवाब दिया और 2027 में आप निश्चित रूप से सत्ता से चले जाएंगे और हम आएंगे। उनके इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बिजनौर कोतवाली के एसआई संजीव कुमार की तहरीर पर सोमवार को विधायक महबूब अली और बिजनौर के सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। इसमें महबूब अली पर हिंदू व मुस्लिम धर्मों के बीच वैमनस्यता फैलाने और घृणा पैदा करने का आरोप लगाया है।

## छात्रा की फर्जी आईडी बनाकर रिश्तेदारों को भेजा अश्लील मेसेज

**बरेली, अमृत वितचार:** सुभाषनगर क्षेत्र की रहने वाली बीएसी की छात्रा के साथ पढ़ने वाले छात्र और उसके दोस्तों ने सोशल मीडिया अकाउंट पर फर्जी आईडी बना लीं और उसके रिश्तेदारों को अश्लील मेसेज भेज दिए। आरोपियों ने उससे बदनाम न करने के बदले में तीन लाख रुपयों की मांग की। छात्रा की तहरीर पर थाना सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।युवती के मुताबिक बीएससी की पढ़ाई के दौरान शाहजहांपुर के बंडा निवासी अमन शुक्ला से दोस्ती हो गई थी। उसके अमन के साथ फोटो थे। छह महीने पहले शाहजहांपुर की एक युवती का फोन आया और बोली कि अमन से दोस्ती कैसे की और अब तुम्हें बदनाम कर दूंगी। इसके बाद युवती, अमन, अभिषेक और दो अज्ञात लोगों ने फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर फर्जी आईडी बनाकर उनके रिश्तेदारों को जोड़ा और उन्हें अश्लील मेसेज किए। सोशल मीडिया पर नंबर भी शेयर कर दिया और बदनाम न करने के बदले तीन लाख रुपये की मांग की। इससे उसकी और उसके परिजनों की बदनामी हो रही है। युवती मानसिक तनाव में आ गयी है।

## छात्रावास में सुरक्षित नहीं छात्र, पिता ने वापस मांगी फीस

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के मुख्य छात्रावास में सीनियर और जूनियर छात्रों के बीच मारपीट मामले में सोमवार को जूनियर छात्र पिता के साथ परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार से मिला। छात्र के पिता ने कहा कि छात्रावास में असुरक्षा का माहौल है और एंटी रैगिंग कमेटी में भी सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने छात्रावास और मेस की फीस वापस करने को कहा। परीक्षा नियंत्रक ने सिर्फ मेस की फीस वापस करने पर सहमति जताई है और छात्र ने छात्रावास छोड़ दिया है।

छात्रावास में शुक्रवार रात बीटेक चतुर्थ वर्ष पांच सीनियर छात्रों पर बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र की पिटाई का आरोप लगा है। सीनियर छात्र ने पुलिस में तहरीर दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने बताया कि दोनों छात्रों के अभिभावकों को 15 अक्टूबर को बुलाया गया है, उसके बाद ही कार्रवाई की जाएगी। जूनियर छात्र ने छात्रावास छोड़ दिया है।

## प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद पहुंचीं विवरण पुस्तिका

**बरेली,** अमृत विचार: बरेली कॉलेज में स्नातक प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के करीब एक महीने बाद विवरण पुस्तिका कार्यालय पहुंच गई हैं। विद्यार्थियों के प्रवेश फार्म की फोटोस्टेट कराकर किए गए। कॉलेज प्रशासन के अनुसार स्नातक और परास्नातक के सभी विद्यार्थियों को उनके विभाग से विवरण पुस्तिका दी जाएगी।

कॉलेज में वर्तमान में विवरण पुस्तिका परास्नातक तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें छात्रों को अपने पाठ्यक्रम और महाविद्यालयों से संबंधित जानकारी आसानी से प्राप्त हो सकेगी। विवरण पुस्तिका में पाठ्यक्रम की संरचना, महत्वपूर्ण तिथियां, परीक्षा पैटर्न और अन्य आवश्यक जानकारी शामिल हैं।

## 20 गांव की ग्राम विकास योजना को पुनः सर्वेक्षण के निर्देश

**बदायूं, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने सोमवार को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के कार्यों के संबंध में बैठक की अध्यक्षता करते हुए अनुमोदनार्थ रखे गए 20 ग्रामों की ग्राम विकास योजना का पुनः सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए बैठक में योजना अंतर्गत 20 अन्य ग्रामों की ग्राम विकास योजना अनुमोदनार्थ रखी गईथी सीडीओ केशव कुमार ने बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग के 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या वाले ग्रामों को योजना के अंतर्गत चिन्हित किया जाता है।

# पुलिस के सामने ब्लॉक प्रमुख के भांजे को जमकर पीटा, गंभीर

संवाददाता, बिथरी चैनपुर(बरेली)

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर के ब्लॉक प्रमुख कार्यालय में भाजपा की सदस्यता अभियान के दौरान विवाद हो गया। पुलिस के सामने ही प्रधान के भतीजों ने अज्ञात लोगों के साथ मिलकर ब्लॉक प्रमुख के भांजे की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस पांच लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने पांच नामजद समेत 20 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सोमवार दोपहर बिथरी ब्लॉक प्रमुख बृजेश कुमारी के पति हरेंद्र पटेल ब्लॉक परिसर स्थित अपने कार्यालय में बैठे थे। ब्लॉक में लोगों को भाजपा की सदस्यता भी दिलाई जा रही रही थी। इसी दौरान अहलादपुर प्रधान का भतीजा सोनू भी ब्लॉक में शौचालय संबंधी कोई काम कराने पहुंचा। पंकज पटेल ने सोनू को भाजपा की सदस्यता लेने को कहा तो उसने काम कराने के बाद सदस्यता लेने की बात कही और। इसी बात पर दोनों में विवाद शुरू हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को ब्लॉक प्रमुख के कार्यालय में ले गयी। इसी दौरान अहलादपुर प्रधान सियाराम साहू, भतीजा अजय, सौरभ, प्यारे लाल समेत 15 अज्ञात लोगों के साथ कार्यालय में आए और ब्लॉक प्रमुख के भांजे सौरभ पटेल के विरोध करने पर सभी ने उसे उठाकर पटक दिया और पुलिस के सामने मुंह पर लात-घूसों से मारना शुरू कर दिया। पुलिस और अन्य लोगों ने सौरभ को बचाया।

### ब्लॉक प्रमुख पति का भी हाथापाई का वीडियो वायरल

मारपीट के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें कई लोग एक दूसरे को पीटते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में ब्लॉक प्रमुख पति भी हाथापाई करते दिखाई दे रहे हैं।

ब्लॉक प्रमुख कार्यालय में दो पक्षों में मारपीट हुई थी। मामले में पांच नामजद समेत 20 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। - **नितिन कुमार**, सीओ हाइवे

घटना निंदनीय है। वह इस बारे में अधिकारियों को अवगत कराएंगी। ब्लॉक की सुरक्षा के लिए फोर्स की मांग करेंगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो। - **बृजेश कुमारी**, ब्लॉक प्रमुख, बिथरी चैनपुर


## प्रा.वि. चठिया गोसाई, वि.क्षे. फरीदपुर, बरेली

### विज्ञप्ति नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पत्रांक एस.एस.ए./निर्माण-2377-86/2024-25 दिनांक 27.8.2024 के अनुपालन में प्रा. वि. चठिया गोसाई वि.क्षे. फरीदपुर (बरेली) के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन के मलबे की नीलामी प्रक्रिया की जानी है। खुली नीलामी की प्रक्रिया दिनांक 3.10.2024, 4.10.2024 व 5.10.2024 को प्रातः 11 बजे से की जायेगी। बोलीकर्ता का रजिस्ट्रेशन नीलामी के दिन किया जाएगा। नीलामी की नियम व शर्तें विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है।

रामेश्वर सिंह, अध्यक्ष — मीनाक्षी श्रीवास्तव, सचिव, 8445701802

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, जलालाबाद, शाहजहांपुर

पत्रांक: 1170 (4)/न.पा.प.ज./2024-25 दिनांक: 30 सितबर 2024

### सार्वजनिक नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, जलालाबाद, शाहजहांपुर में अस्थाई गौवंश स्थल में इकट्ठा किये गये गौवंशीय गोबर की नीलामी हेतु दिनांक 07 अक्टूबर, 2024 को अपरान्ह 02:00 बजे ग्राम सराय साधौं रोड पर स्थित अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल में की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित स्थान, तिथि व समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि एकमुक्त जमा की जायेगी।

| क्रमांक | नीलामी का विवरण | अग्रिम जमानत राशि |
|---|---|---|
| 01. | गोवंशीय गोबर नीलामी हेतु | 5000.00 |

एच.एन.उपाध्याय, अधिशासी अधिकारी — शकील अहमद खां, अध्यक्ष

## कार्यालय जिला पंचायत, पीलीभीत

पत्रांक: 829/नि.अनु./जि.पं./2024-25 दिनांक: 30.09.2024

### अल्पकालिक ई-निविदा सूचना

शासनादेश सं. 1488/33-2-2020-80 जी दिनांक 24 जुलाई 2020 पंचायतीराज अनुभाग-2 उ.प्र. शासन के अनुपालन में समस्त जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त राज्य सरकार के सिंचाई विभाग एवं लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान के सापेक्ष निम्न परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु कार्यालय ई-निविदा सूचना संख्या 828/नि.अनु./जि.पं./2024-25 दिनांक 30.09.2024 द्वारा ई-निविदायें दिनांक 09.10.2024 को अपरान्ह 05 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें दिनांक 10.10.2024 को पूर्वान्ह 10 बजे से कार्यालय जिला पंचायत, पीलीभीत में गठित समिति द्वारा ऑनलाइन खोला जायेगा। ई-निविदा दिनांक 03.10.2024 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 09.10.2024 को अपरान्ह 05 बजे तक वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदाओं की तकनीकी एवं वित्तय बिड ऑनलाइन खोलने की उपरान्त न्यूनतम निविदादाता द्वारा अपने समस्त मूल अभिलेख कार्यालय में प्रस्तुत किये जायेगें। निविदादाता द्वारा वांछित मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने पर शासनादेशानुसार कार्यवाही की जायेगी। अतिरिक्त नियम व शर्ते किसी कार्यदिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

अभियन्ता, जिला पंचायत, पीलीभीत — अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, पीलीभीत — अध्यक्ष, जिला पंचायत, पीलीभीत

## कार्यालय ग्राम पंचायत मदारपुर वैवहा वि.खं. पुवायां जिला शाहजहांपुर

### अल्पकालिक निविदा सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मदारपुर वैवहा वि. खं. पुवायां तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर में वर्ष 2024-25 में पंद्रहवें वित्त / पंचम राज्य वित्त आयोग मनरेगा के अन्तर्गत निम्न कार्य कराया जाना है इच्छुक निविदा / कोटेशन दिनांक 03.10.2024 को अपराहन 12:00 बजे तक निविदायें डाल सकते है तो उसी दिनांक सायं 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | तेजपाल के मकान से वलिस्टर सिंह के मकान तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 100 मी. | 3,89,199/- |
| 2. | तिराहे से गुरूमीत के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण | 50 मी. | 1,90,000/- |
| 3. | गुरूमीत सिंह के मकान से दलजीत के मकान तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 50 मी. | 1,90,000/- |
| 4. | तिराहे से बलविन्दर के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 60 मी. | 2,10,000/- |
| 5. | मेन रास्ते से अवतार सिंह के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 60 मी. | 2,10,000/- |

सुरेश चन्द्र (ग्राम प्रधान) — राजेश कुमार (ग्राम विकास अधिकारी)

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली से राजीव कुमार गुप्ता पुत्र राममूर्ति लाल नि. ग्राम देवचरा तहसील आंवला जिला बरेली एक किता मकान तादादी 46.79 वर्गमी. वाकै ग्राम देवचरा तहसील आंवला जिला बरेली जिसकी चौहद्दी पूरब में मकान पूरन लाल मौर्य, पश्चिम में रास्ता 6 फिट चौड़ा, उत्तर में मकान रमेश सिंह व दक्षिण में मकान कमल साहू है को बंधक रखकर मेरे मुवक्किल से लोन ले रहे हैं उक्त मकान राजीव कुमार गुप्ता को अपने सगे पिता राममूर्ति लाल से द्वारा दानपत्र प्राप्त हुआ है जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 21.09.2023 को श्रीमान स.र. आंवला बरेली में बही सं. 1 जिल्द 7690 के पृष्ठ 257 से 282 तक क्रमांक 9111 पर हुई है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है। उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा राजीव कुमार गुप्ता के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा।

दिनांक : 30.09.2024

मुनीश कुमार सक्सेना, चैम्बर नं. 27, न्यू बिल्डिंग, बंगलिया सिविल कोर्ट बरेली। सूचीबद्ध अधिवक्ता, हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि. बरेली, मो.नं. 9997389012

## कार्यालय ग्राम पंचायत टेडवा विकासखंड बेहजम खीरी

पत्रांक:- मेमो/निविदा/मनरेगा वर्ष 2024-25 — **अल्पकालिक निविदा सूचना** — दिनांक 30/09/24

जनपद के समस्त पंजीकृत सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि विकासखंड बेहजम वर्ष 2024-25 के अंतर्गत मनरेगा योजना अंतर्गत निम्नलिखित सामग्री की दरों की आवश्यकता है आपूर्ति ग्राम पंचायत मद में कराए गए कार्यो पर कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। रजिस्टर्ड इच्छुक फार्म आपूर्तिकर्ता जिनका रजिस्ट्रेशन जीएसटी/इनकम टैक्स में पंजीकृत हो उन्हीं के द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर निविदा आमंत्रित की जानी है जिनकी निविदा बिक्री 01/10/24 से 07/10/24 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में कि जायेगी। जो 08.10.24 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा टेंडर बॉक्स में 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाएंगी। जिन्हें 08.10.24 को अपराहन 4:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा दाता व उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी निविदा स्वीकृत होने के पश्चात समय-समय पर धनराशि की उपलब्धता के आधार पर आपूर्ति आदेश प्रथक से जारी किए जाएंगे।

| क्र. | कार्य का नाम | सामग्री | लागत |
|---|---|---|---|
| 01. | रामकिशुन के मकान से सत्रोहन के मकान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | रोड़ा 34.4320 घन मी., सीमेंट 124 बोरी, मोटी बालू 17.2160 घन मी, ईटा प्रथम 8284 nos, इंटरलॉकिंग ब्रिक्स 11368 nos, गिट्टी 1.4846 घन मी., मौरंग 5.6948 घन मी, बालू जमुना 21.1120 घन मी | 612435/- |
| 02 | रामगोपाल मिश्रा के मकान से दीपू के मकान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | रोड़ा 39.27 घन मी., सीमेंट 143 बोरी, मोटी बालू 19.6350 घन मी, ईटा प्रथम 9712 nos इंटरलॉकिंग ब्रिक्स15113 nos, गिट्टी 1.7399 घन मी., मौरंग 6.6764 घन मी, बालू जमुना 28.0670 घन मी | 768777/- |

बिटोली देवी, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत टेडवा बेहजम खीरी — हरिवंश लाल, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत टेडवा बेहजम खीरी — तकनीकी सहायक, अतुल कुमार चौधरी

## कार्यालय ग्राम पंचायत खामपुर उर्फ गंगापुर विकास खण्ड नवाबगंज (बरेली)

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के कार्ययोजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत कार्य कराये जाने हेतु आवश्यक सामग्री, सीमेन्ट, बालू, मिट्टी, सरिया, बजरफुट, रेता, ईट, ईट रोड़ी, बजरी आदि की आपूर्ति कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु निविदा आंमत्रित की जा रही है। निविदा की शर्ते एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है। जिसे ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदादाताओं के जी.एस.टी., फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की प्रमाणित कॉपी संलग्न करनी होगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। निविदा प्रारम्भ 01.10.2024 से 3.10.2024 तक सायं 4 बजे तक निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है। निविदा खोलने का समय 4.10.2024 को 2 बजे तक होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | चेतन के घर से महीपाल के घर तक सी.सी. और नाली निर्माण कार्य | 385088.00 |

मुन्नी देवी-ग्राम प्रधान — प्रेमपाल सिंह-सचिव

## ग्राम पंचायत कार्यालय नत्थू रम्पुरा वि. खण्ड बिथरी चैनपुर, बरेली

### निविदा सूचना

पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नत्थू रम्पुरा में मनरेगा योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्न सामग्री जैसे-सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, ईट व रोड़ा की निविदा का प्रकाशन सरकारी दर पर दिनांक 05.10.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रातः 11 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदायें दिनांक 07.10.2024 को निविदादाताओं व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष को सायं 4:00 बजे खोली जायेंगी।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | माप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | अनिल कुमार मिश्रा जी के घर से बेचे लाल की जगह तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 100 मी. | 3.70 |
| 2. | राजेश कुमार के घर से छदम्मी लाल के घर तक सी.सी. निर्माण | 68 मी. | 145000/- |
| 3. | छोटेलाल के घर से रमेश कोटेदार के घर तक सी. सी. निर्माण | 46 मी. | 110000/- |

ग्राम प्रधान — सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत सिंघाई मुरावान वि.खं. बिथरी चैनपुर (बरेली)

### निविदा सूचना

अधिकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिंघाई मुरावान विकास खण्ड बिथरी चैनपुर की मनरेगा व ग्राम निधि की कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-2025 में प्राप्त धनराशि के अनुसार समय-समय पर कराए जाने वाले अन्य कार्य हेतु निर्माण सामग्री ईट प्रथम श्रेणी, ईट चटका, ईट रोड़ा, इण्टरलॉकिंग ईट, सीमेन्ट, बजरफुट बजरी, रेता, लोहा, चैनल पत्ती, सरिया, सैनेटरी एवं अन्य अनुमन्य वस्तुओं की आपूर्ति हेतु निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 01.10.2024 से 04.10.2024 तक शाम 5 बजे तक आमंत्रित की जाएंगी जिसे 04.10.2024 को दोपहर 12 बजे खोला जाएगा। निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत उपरोक्त समस्त सामग्री की खरीद को स्वतंत्र होगा। कार्य का विवरण इस प्रकार है :-

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | लागत |
|---|---|---|
| 1. | होली चौक से संजीव गुप्ता के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 296790/- |

लीलावती, ग्राम प्रधान — शिखर गुप्ता, सचिव

## ग्राम पंचायत केसरपुर वि.खं. बिथरीचैनपुर जनपद बरेली

### निविदा सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत केसरपुर में मनरेगा/ग्राम निधि के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसा र उच्च कोटि की ईट, सीमेन्ट, बजरफुट, सरिया, ईट की रोड़ी, इंटरलॉकिंग ईट आदि सामग्री की सीलबंद निविदाएं दिनांक 1.10.2024 को पंचायत कार्यालय में 12 बजे तक डाली जा सकती है। मोहरबंद निविदाएं उसकी निविदादाता व उसके प्रतिनिधि के समक्ष उसी दिनांक 01.10.2024 को सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत सचिव की अध्यक्षता में शाम 4 बजे खोली जायेगी।

**कराये जाने वाले कार्यो का विवरण इस प्रकार है :-**

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | माप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | संजीव गुप्ता के मकान से शमशान तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 100X4 | 3.99 लाख |
| 2. | विजय फौजी के खेत से उड़ान इन्टरनेशनल स्कूल तक सी.सी. निर्माण कार्य | 90X4 | 3.99 लाख |
| 3. | बब्लू के खेत से लक्ष्मीपुर धुरे तक मिट्टी व खडंजा निर्माण कार्य | 120X3½ | 1.98 लाख |
| 4. | ग्राम पंचायत केसरपुर में कर्मकाण्ड स्थल का निर्माण | | 7 लाख |

प्रेम सिंह-ग्राम प्रधान — सचिव-श्री शिखर गुप्ता

## कार्यालय ग्राम पंचायत दुआवट वि.खं. नवाबगंज (बरेली)

### निविदा सूचना

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्रा.पं. की कार्य योजना 2024-25 के अन्तर्गत मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य को कराए जाने हेतु ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, बजरफुट, रेता, सरिया, गेट, टाइल्स पत्थर, बजरी, टंकी का सामान, शौचालय का सामान, की आवश्यकता है। उक्त सामग्री की सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 2.10.24 को पूर्वानह 11 बजे से 4.10.2024 को 1 बजे तक आंमत्रित की जाती है जो दिनांक 10.2024 को अपरान्ह 2 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। विवरण निम्न है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | माप |
|---|---|---|
| 1. | अली सेन के मकान से ब्रह्मदेव तक सीसी व नाली निर्माण | 120X4 |
| 2. | मुरारी के घर से नसरूद्दीन के घर तक सीसी व नाली निर्माण | 150X3.5 |
| 3. | कासिम के मकान से आबिद हुसैन के मकान तक सीसी व नाली निर्माण | 150X3.5 |

मो. उमर-ग्राम प्रधान — काजल गुप्ता-सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत पीताम्बरपुर वि.खण्ड नवाबगंज, बरेली

### निविदा सूचना

मनरेगा योजना के कार्ययोजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत कार्य कराये जाने हेतु आवश्यक सामग्री, सीमेन्ट, बालू, मिट्टी, सरिया, बजरफुट, रेता, ईट, ईट रोड़ी, बजरी आदि की आपूर्ति कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु निविदा आंमत्रित की जा रही है। निविदा की शर्ते एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है। जिसे ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदादाताओं के जी.एस.टी., फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की प्रमाणित कॉपी संलग्न करनी होगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। निविदा दिनांक 2.10.24 को पूर्वान्ह 11 बजे दिनांक 4.10.24 को अपरान्ह 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 4.10.24 को अपरान्ह 2 बजे खोली जाएंगी।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | चेतन के घर से महीपाल के घर तक सी.सी. और नाली निर्माण कार्य | 550000/- |
| 2. | प्रेम सिंह के मकान से कढ़ेराम के मकान तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 300000/- |
| 3. | मेन रोड से हरपाल के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 450000/- |
| 4. | सर्वेश के घर से रोड तक सीसी नाली निर्माण कार्य | 550000/- |
| 5. | पीताम्बरपुर मेन रोड से होली तक सीसी व नाली निर्माण | 560000/- |
| 6. | इश्वरी सिंह के मकान से ज्वाला प्रसाद के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 800000/- |
| 7. | प्यारे लाल के घर से मिढई लाल के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 750000/- |

दीक्षा-ग्राम प्रधान — काजल-सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत कमुआ वि.खं. नवाबगंज, बरेली

### निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में 15वां वित्त आयोग, पंचम वित्त आयोग, ओडीएफ प्लस/SLWM व मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड, इन्टरलॉकिंग रोड व नाली नव निर्माण/मरम्मत, खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, विद्युतीकरण, दरी, स्ट्रीट लाइट/सोलर लाइट की स्थापना/अनुरक्षण हैंण्डपम्प रिबो, हैण्ड पम्प मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्री वॉल निर्माण/मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण, CSC सेन्टर निर्माण अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। उक्त वर्णित कार्यो हेतु ईट इंटरलॉकिंग ईट रोड़ा, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, सरिया, लोहा, मिट्टी/राख ठिलिया क्रय, पी.पी.ई. किट व सैनीटाइजर क्रय, मास्क क्रय, टाइल्स, पाइप टोंटी, प्रचार-प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, फागिंग सफाई किट कूड़ादान डेस्कटॉप, प्रिंटर, स्टेबलाइजर, बैटरी, शीशा पट्टी, पन्नी व अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 01.10.2024 से 3.10.2024 तक सायं 4 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 03.10.2024 को अपरान्ह 2 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | पातीराम के घर से जमुना प्रसाद के घर तक सीसी व नाली निर्माण | 510000/- |
| 2. | किरन के घर से भगवान स्वरूप के घर तक सीसी व नाली निर्माण | 392000/- |
| 3. | राजीव के मकान से रामऔतार की दुकान तक सीसी व नाली निर्माण | 355850/- |
| 4. | शराफत के घर से रमजानी के घर तक सीसी व नाली निर्माण | 226450/- |

सरन कुमार-ग्राम प्रधान — काजल गुप्ता-सचिव

# पेट्रोलियम पदार्थों की तस्करी में होगी कड़ी कार्रवाई

## चन्दौली से मथुरा तक पाइप लाइन की सुरक्षा को लेकर तेज होगी गश्त, डीजीपी ने दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** रेलवे लाइन पर बढ़ती घटनाओं के बाद पेट्रोलियम पदार्थो की पाइप लाइन से हो रही चोरी या तस्करी की वारदातों के मद्देनजर उत्तर प्रदेश पुलिस अब कानून को सख्ती से लागू करने जा रही है।

इस तरह की घटनाओं में आरोपियों के खिलाफ भारत सरकार ने पेट्रोलियम एण्ड मिनरल पाइप लाइन ट्रान्सपोर्ट एक्ट 1962, धारा 15 व 16 में संशोधन कर पूर्व में उसे और सख्त बनाया था। पाइप लाइन से छेड़छाड़ और तेल चोरी या तस्करी करने वालों के खिलाफ पुलिस अब इसी एक्ट के तहत ऐसी कानूनी कार्रवाई करेगी जो आरोपियों को अदालत में आजीवन कारावास और फांसी तक की सजा दिला सकती है। इस संबंध में पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से जोनल के एडीजी और परिक्षेत्र के आईजी के साथ बैठक कर इस तरह की वारदातों को रोकने और आरोपियों पर सख्ती करने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि मथुरा रिफाइनरी व कानपुर पेट्रोलियम डिपो के क्षेत्रों में बड़े स्तर पर तेल माफिया पनप रहे हैं, जो पाइप लाइनों को क्षतिग्रस्त कर पेट्रोलियम उत्पादों की चोरी करते हैं। इससे जहां एक ओर राष्ट्रीय क्षति होती है वहीं दूसरी तरफ व्यापक अग्निकांड से जनजीवन को खतरा होने की आंशका रहती है। पिछले



- आजीवन कारावास और फांसी तक की हो सकती है सजा

दिनों इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस मुख्यालय में डीजीपी प्रशांत कुमार ने महत्वपूर्ण बैठक की थी।

दिल्ली और लखनऊ से आये अधिकारियों ने डीजीपी को अवगत कराया कि बिहार से चलकर चन्दौली, मिर्जापुर, गाजीपुर, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर और मथुरा जाने वाली पेट्रोलियम पाइप लाइन की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों ने बैठक में पाइप लाइन से पेट्रोलियम पदार्थो की तस्करी को रोकने और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने को लेकर आग्रह किया था। डीजीपी प्रशान्त कुमार ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से बैठक कर उक्त घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं।

> पुलिस मुख्यालय में सुरक्षा एवं मानव संसाधन इण्डियन ऑयल कारपोरेशन के अधिकारियों के साथ पेट्रोलियम पदार्थो की चोरी रोकने के संबंध में बैठक हुई थी। प्रदेश के सभी जोनल एडीजी, रेन्ज के आईजी, जीआरपी और पुलिस कमिश्नरेट के अफसरों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं।
> **– प्रशान्त कुमार, डीजीपी।**

> इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन सम्पूर्ण भारत को पेट्रोलियम पदार्थ एवं गैस उपलब्ध कराने वाली सबसे बड़ी कंपनी है। जिन स्थानों से इण्डियन ऑयल कारपोरेशन की पाइप लाइन गुजरी है, वहां की सुरक्षा प्रदान करने में आम नागरिकों से भी सहयोग की अपेक्षा है।– **अनिल कुमार सिंह सुरक्षा प्रमुख, इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड**

## टैंक की सफाई को उतरे तीन मजदूरों की दम घुटने से मौत

**बाराबंकी,अमृत विचार :** देवा मार्ग पर स्थित मुर्गी दाना और राइस ब्रान बनाने वाली फैक्ट्री के भूमिगत डीजल टैंक में उतरे तीन मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। जबकि तीन अन्य श्रमिकों को लोगों ने सकुशल निकाल लिया। हादसा देवा मार्ग पर जहांगीराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भटेहटा स्थित गणपति एग्री बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में हुआ। इस कारखाना परिसर में एक ओर राइस मिल तो कुछ ही दूरी पर मुर्गी दाना बनाने का भी प्लांट है। शाम करीब पांच बजे कारखाने में डीजल का टैंकर आया था। भूमिगत टैंक में डीजल डालने से पहले उसकी सफाई के लिए कहा गया। इस काम के लिए मजदूर लगाए गए थे। इनमें से तीन की दम घुटने से मौत हो गई।

# लेखपालों को दौड़ाकर पीटा, अभिलेख छीने

- एसडीएम, सीओ, जिला पंचायत अध्यक्ष के सामने मारपीट

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार :** थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम उखरा में 28 सितंबर को प्रशासन ने जेसीबी से अवैध रूप से बने 18 मकानों को ढहा दिया था। सोमवार को राजस्व विभाग की टीम जांच करने गांव पहुंची तो जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, सीओ तथा एसडीएम की मौजूदगी में गांव वालों ने लेखपालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। उनसे सरकारी अभिलेख भी छीनकर फाड़ दिए।

ग्राम उखरा में पंचायत की भूमि पर 18 लोगों ने अवैध कब्जा कर मकान बनवा लिए थे। राजस्व एवं पुलिस प्रशासन ने 28 सितंबर को इन मकानों पर जेसीबी चलवा दी थी। इससे गांववाले नाराज थे। सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव, एसडीएम कायमगंज रविन्द्र सिंह, सीओ मोहम्मदाबाद अनिल कुमार लेखपालों के साथ गांव उखरा पहुंचे। मोनिका यादव व नरेंद्र सिंह यादव गांव वालों से बातचीत कर रहे थे कि तभी गांव वालों ने राजस्व टीम पर हमला बोल दिया। ग्रामीणों ने दो लेखपालों रुद्र प्रताप सिंह और सौरभ पांडे को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। लेखपालों की पिटाई की सूचना पर दर्जनों लेखपाल थाना नवाबगंज पहुंच गए और कार्रवाई की मांग पर धरने पर बैठ गए। इस संबंध में एसडीएम कायमगंज रविन्द्र सिंह ने बताया कि उनके सामने लेखपालों पर जानलेवा हमला किया गया है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-मस्जिद विवाद की सुनवाई 16 अक्टूबर को

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष की री कॉल अर्जी पर हिंदू पक्ष की ओर से जवाब दाखिल किए जाने की जानकारी दी गई। कोर्ट ने ईमेल भी सुलभ कराया, जिस पर पक्षकार जवाब दाखिल कर सकते हैं। लगभग आधे घंटे तक चली सुनवाई के दौरान मस्जिद कमेटी की ओर से उपस्थित अधिवक्ता श्रीमती तस्नीम अहमदी ने कोर्ट को बताया कि मामले से संबंधित पैरोकार तनवीर अहमद की मां का देहांत हो गया है, इसलिए उन्होंने 5 अक्टूबर के बाद की कोई तिथि सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। मामले की अग्रिम सुनवाई 16 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध की गई है।

# विवाह-विच्छेद का आधार नहीं पारिवारिक कलह

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विवाह- विच्छेद के एक मामले में क्रूरता के आरोपों को अस्वीकार करते हुए कहा कि केवल पारिवारिक कलह को विवाह-विच्छेद के लिए क्रूरता की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता है।



कोर्ट ने आगे कहा कि पारिवारिक सदस्यों के बीच मनमुटाव और झगड़े को पारिवारिक कलह की संज्ञा ही दी जाएगी, जो किसी भी तरह क्रूरता के कृत्य की डिग्री या स्थिति को नहीं दर्शाता है, जिसके आधार पर विवाह-विच्छेद हो सके।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने प्रधान न्यायाधीश, बागपत के आदेश को रद्द कर पत्नी द्वारा दाखिल अपील स्वीकार करते हुए पारित किया। दरअसल पति द्वारा लगाए गए क्रूरता के आरोपों को स्वीकार करते हुए ट्रायल कोर्ट ने पक्षकारों के बीच विवाह भंग कर दिया, जिसे पत्नी ने परिवार न्यायालय अधिनियम,1984 की धारा 19 के तहत चुनौती दी। पति ने आरोप लगाया था कि पत्नी ने अपनी सास तथा कुछ अन्य करीबी रिश्तेदारों के प्रति बहुत क्रूर व्यवहार करते हुए उन पर अपने परिवार वालों से हमला करवाया। मामले पर विचार करते हुए कोर्ट ने पाया कि विपक्षी/पति ने क्रूरता के आरोपों को सिद्ध करने के लिए कोई उचित साक्ष्य रिकॉर्ड पर प्रस्तुत नहीं किया था। उसे अवसर दिए जाने के बावजूद केवल मौखिक साक्ष्य द्वारा ही घटनाओं के तथ्यों को प्रस्तुत करने की कोशिश की गई, जिस पर ट्रायल कोर्ट को विश्वास नहीं करना चाहिए था।

# यागी तूफान : घाघरा, राप्ति और गंगा उफान पर

- भारी बरसात के चलते उप्र. के कई जिलों में आम जन जीवन अस्त व्यस्त
- गोरखपुर में राप्ती, बहराइच में घाघरा और उन्नाव में गंगा का जलस्तर चढ़ता जा रहा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बाढ़ और बारिश के चलते उत्तर प्रदेश के 11 जिलों में जनजीवन बेहाल है। प्रदेश के 11 जिले में सबसे अधिक बाढ़ की चपेट में है। बाढ़ नियंत्रण और लोगों तक राहत एवं बचाव सामग्री पहुंचाने के लिए सरकार के स्तर पर कार्रवाई शुरू हो गई है। दरअसल, यागी तूफान और नेपाल के छूटे पानी के कारण घाघरा, राप्ति, गंगा उफान पर हैं।

गोरखपुर में राप्ती, बहराइच में घाघरा और उन्नाव में गंगा का जलस्तर चढ़ता जा रहा है। राहत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 10 लोगों की मौत हुई है। पूर्वांचल समेत पड़ोसी देश नेपाल में पिछले 36 घंटे से मूसलाधार बारिश के चलते नेपाल ने लगभग छह लाख क्यूसेक छोड़ा है, जिसके बाद नेपाल से बहने वाली तमाम नदियां उफान पर हैं।

यागी तूफान के प्रभाव के कारण बीते दिनों उप्र. के कई जिलो में लगभग चार दिन लगातार तेज बारिश हुई थी। इसके चलते नदियां उफान पर हैं। संतकबीरनगर जिले में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। नेपाल से पानी छोड़े जाने के बाद घाघरा नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। इसके अलावा उन्नाव में भी गंगा नदी चढान पर है।

नेपाल की कोसी नदी के उफान पर होने के कारण बहराइच में घाघरा नदी का भी जलस्तर बढ़ने लगा है। यहां सुजौली क्षेत्र के गुप्तापुरवा गांव को घाघरा नदी ने अपनी चपेट में ले लिया है, जिसके चलते गांव का अस्तित्व लगभग पूरा खत्म हो गया है। बेघर ग्रामीण सरयू नहर के किनारे पंचायत भवन और सरकारी स्कूल में शरण ले रहे हैं। बस्ती तक भीषण बाढ़ जैसे हालात

गोरखपुर से बस्ती तक भीषण बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक दिन में इस इलाके में तीन लोगों की मौत का मामला सामने आया है। सिद्धार्थनगर में भी बाढ़ जैसे हालात बने होने की बात सामने आई है। श्रावस्ती में तो बाढ़ के कारण सड़कों पर इस कदर जलभराव है कि लोग नाव से आवाजाही करने को मजबूर हैं। कुशीनगर में बाढ़ से खराब हालात के बीच लोगों का दिन बांधों पर गुजर रहा है।

## सार-संक्षेप

### श्याम बिहारी गुप्ता बने प्रदेश गोसेवा आयोग के अध्यक्ष



**लखनऊ, अमृत विचार :** झांसी के श्याम बिहारी गुप्ता को उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही, कुशीनगर के जसवंत सिंह उर्फ अतुल सिंह व बस्ती के महेश कुमार शुक्ल को आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा मुरादाबाद के दीपक गोयल, महोबा के राजेश सिंह सेंगर व फिरोज़ाबाद के रमाकांन्त उपाध्याय को सदस्य नामित किया गया हैं। पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव के रविंद्र नायक ने इस संबंध में आदेश जारी किए। आदेश के अनुसार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सभी सदस्यों का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तारीख से एक साल के लिए रहेगा। आयोग में करीब ढाई साल से सभी पद खाली पड़े हुए थे। राज्य सरकार ने अब नियुक्ति की है।

### राहुल गांधी की नागरिकता मामले की सुनवायी 24 को

**लखनऊ, विधि संवाददाता।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में राहुल गांधी की नागरिकता के कथित विवाद पर दाखिल याचिका पर अगली सुनवायी 24 अक्टूबर को होगी। केंद्र सरकार की ओर से सोमवार को न्यायालय को बताया गया कि याची द्वारा इस विवाद मामले में सिटिजनशिप एक्ट के तहत की गयी शिकायत सक्षम प्राधिकारी को प्राप्त हो गयी है। हांलाकि केंद्र सरकार के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल एसबी पांडेय ने कहा कि उन्हें अभी सिर्फ मौखिक निर्देश ही मिले है और प्रत्यावेदन पर कृत कार्यवाही के बारे में लिखित निर्देश के लिए और समय चाहिए। इस पर न्यायालय ने मामले में अगली सुनवायी के लिए 24 अक्टूबर की तिथि नियत कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने कर्नाटक के एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर पारित किया है। याची की ओर से दलील दी गई कि उसके पास तमाम दस्तावेज और ब्रिटिश सरकार के कुछ ई–मेल हैं जिनसे यह सिद्ध होता है कि राहुल गांधी एक ब्रिटिश नागरिक हैं और इस कारण से वह चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं तथा लोकसभा सदस्य का पद नहीं धारण कर सकते।

## धर्म दर्शन

### शक्ति तत्व और उसका महत्व

महाशक्ति ही परब्रह्म परमात्मा हैं। इन्हीं की शक्ति से ब्रह्मा, विष्णु, महेश क्रमशः सृजन पालन व संहार का कार्य करते हैं। श्रीदुर्गा सप्तशती में ब्रह्मा जी ने मधु कैटभ नामक दैत्यों से अपनी रक्षा के लिए योगनिद्रा का आवाहन करते हुए कहा है मुझको, भगवान शंकर और विष्णु को भी तुमने ही शरीर धारण कराया है। अतः तुम्हारी स्तुति करने की शक्ति किसमें है। नवदुर्गा, दस महाविद्या, अन्नपूर्णा, भुवनेश्वरी काली, तारा, बगुला, त्रिपुरा आदि सब इन्हीं के रूप हैं। हमारे ऋषियों द्वारा सर्वव्यापी चेतनसत्ता अर्थात अपने उपास्य की उपासना मातृ-पितृ रूप से तथा स्वामी रूप से अपनी भावना व श्रद्धा के अनुरूप की गई है। संसार में सभी प्राणियों के लिए माता ही सबकी आदिगुरु हैं। इसीलिए "मातृदेवो भव, पितृदेवो भव, आचार्यदेवो भव" मंत्र में सर्वप्रथम माता को ही स्थान दिया गया है। समस्त विश्व महाशक्ति का ही विलास है। भवानी की स्तुति करते हुए आचार्य शंकर ने कहा है, अपर्णैका सेव्या जगति सकलैर्यत् परिवृत्तः।/ पुराणोऽपि स्थाणुः फलति किल कैवल्यपदवीम्।।



**ओमप्रकाश त्रिपाठी**
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

संसार में लोग अनेक प्रकार के गुणों से युक्त पत्ते वाली लता का विविध प्रकार से सेवन करते हैं, परंतु मेरा तो मत है कि इस संसार में सब लोगों को अपर्णा (पार्वती जी) का ही सेवन करना चाहिए, जिनके संसर्ग से स्थाणु अर्थात पुराना ठूंठ-संसार के आदि कारण निर्विकार निराकार देवाधिदेव महादेव भी मोक्षरूपी फल देने लगते हैं। तात्पर्य यह है कि सदाशिव के नाम से प्रसिद्ध निर्गुण परमात्मा सर्वथा क्रिया शून्य होने के कारण स्वयं कोई फल देने में असमर्थ हैं। जब यह शिव शक्ति से समन्वित हो जाते हैं अर्थात शक्ति संपन्न होकर सगुण एवं सक्रिय रूप में आते हैं, तभी वे मोक्ष आदि फल प्रदान करने में समर्थ होते हैं। शक्ति उपासना हमारे समाज में वैदिक काल से ही प्रचलित है। श्री दुर्गासप्तशती में उद्धृत अथर्व शीर्ष के रूप में वर्णित देवी मंत्र इसका प्रमाण है। अथर्व शीर्ष शब्द का अर्थ है वह मंत्र,जो अथर्ववेद का शीर्ष अर्थात सर्वोच्च मंत्र है। देवी कहती हैं, अहम् ब्रह्मस्वरूपिणी। मत्तः प्रकृतिपुरुषात्मकं जगत्। शून्यं चाशून्यं च। अहमखिलं जगत्।। प्रसंग के अनुसार सभी देवता देवी के समीप गए और नम्रता से पूछने लगे हे महादेवि आप कौन हैं? देवी ने मैं ब्रह्म स्वरूप हूं। मुझसे प्रकृति पुरुषात्मक सद्रूप और असद्रूप जगत उत्पन्न हुआ है। यह सारा दृश्य जगत मैं ही हूं। जगत की सृष्टि, पालन व संहार रूपी तीनों कार्य क्रमशः ब्रह्मा, विष्णु व महेश द्वारा किए जाते हैं।

ब्रह्माजी की शक्ति जिससे सृष्टि होती है वह महासरस्वती हैं, विष्णुशक्ति जो पालन करती व कराती हैं महालक्ष्मी हैं और रुद्रशक्ति, जिससे संहार होता है, उनका नाम महाकाली है। इन तीनों महाशक्तियों के कार्य में कोई अंतर्विरोध नहीं है, यह सभी परस्पर सहायक हैं। संहार, संहार के उपरांत सृष्टि, सृष्टि के क्रम में उसकी पालना और फिर संहार यही क्रम चलता रहता है। संहार के लिए बल, पालन के लिए धन व सृष्टि के लिए बुद्धि की आवश्यकता होती है। अपने-अपने कर्म के अनुरूप महाकाली,महालक्ष्मी एवं महासरस्वती क्रमशः शक्ति, स्वर्ण व विद्या की अधिष्ठात्री देवियां हैं। इसीलिए उनका रंग क्रमशः काला, पीला एवं सफेद बताया गया है, जहां तक सार्थक उपासना का प्रश्न है, विद्वानों के मतानुसार शक्ति एवं शक्तिमान की उपासना एक है।

### महादेवी मां दुर्गा: शास्त्रीय परिबोध

मां दुर्गा का प्राचीनतम उल्लेख सर्वप्रथम महाभारत में हुआ है। वनवास अवधि में अज्ञातवास के लिए विराट नगर में प्रवेश के पूर्व युधिष्ठिर ने त्रिभुवन की अधीश्वरी, जगजननी देवी दुर्गा की स्तुति की थी और प्रसन्न देवी ने युधिष्ठिर को प्रत्यक्ष दर्शन एवं वरदान दिया था। कुरुक्षेत्र में महासमर के प्रारंभ के पूर्व भगवान श्रीकृष्ण की प्रेरणा से अर्जुन ने इनकी स्तुति की थी और महादेवी ने अंतरिक्ष में स्थित होकर पार्थ को विजय का वरदान दिया था। (भीष्म पर्व,23/4/19) अर्जुन कृत इस दुर्गा स्तोत्र की महिमा का अंकन भी इसी 23 वें अध्याय के श्लोकों 22-25 में हुआ है। इसी में अन्यत्र कृष्ण भगवान से संबंधित कथा में उनको भगवान शिव की पत्नी उमा बताते हुए उनको वेद, वेदांत, सुचरित्रता आदि सर्वगुण संपन्ना कहा गया है, किंतु यहां वह अन्य संदर्भों की भांति 'कुमारी' नहीं हैं। मार्कण्डेय पुराण के 'देवी महात्म्य' में दुर्गा देवी को ही काली, लक्ष्मी और सरस्वती का अवतार कहा गया है। दुर्गम दुर्ग असुर का वध करने के कारण ही यह "दुर्गा" कहलाईं। उक्त असुर ने भारी तपकर ब्रह्मदेव से वर प्राप्त कर वेदों को चुरा लिया था। फलस्वरूप सभी यज्ञादिकर्म बंद हो गए। पृथ्वी अनावृष्टि और अकाल से त्राहि-त्राहि कर उठी। देवों तथा ऋषियों की करुण पुकार पर देवी ने शताक्षी रूप धारण कर दुर्गम का वधकर वेदों को मुक्त किया।



**डॉ. अजित कुमार सिंह**
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

दुर्गाजी की प्रतिमा का अंकन शक्ति के प्रतीक के रूप में हुआ है। अत्यंत सुंदरी (या त्रिपुर सुंदरी),परंतु अनंत शक्ति धारिणी सिंह वाहिनी कभी अष्टभुजी तो कहीं दशभुजी तो कहीं अठारह भुजाओं वाली विभिन्न आयुध धारिणी प्रदर्शित हैं। ब्रह्मदेव के ही वरदान से देवताओं, ऋषियों सहित संपूर्ण सृष्टि के लिए घोर उत्पीड़क महिषासुर के वध के लिए आदिशक्ति माता ने महिष का वधकर महिषासुर मर्दिनी का संबोधन प्राप्त किया। त्रिगुणात्मिका, चामुंडा, शाकंभरी, सती, महालक्ष्मी, काली, पार्वती, गौरी, कालिका, मातृका, त्रिपुरा, योगीश्वरी, चर्चिता, छिन्नमस्ता, चंडिका, सिद्ध-अंबिका आदि नामों से इनके विभिन्न स्वरूपों तथा अवतारों का विस्तृत विवरण यत्र-तत्र उपलब्ध है।


## वर्ग पहेली-208

**बाएं से दाएं**

4. 1. रमणीय, सुंदर, मनोहर 2. मोहक, प्रिय 3. सुखद, रुचिकर।
6. 1. शरीर या मन की स्थिति, मिज़ाज 2. चित्त, मन, जी, हृदय 3. स्वास्थ्य, सेहत 4. मनोवृत्ति, भावना, करवाचौथ
8. 1. रहने की क्रिया, भाव या ढंग 2. सुख एवं शांतिपूर्वक रहने की अवस्था या भाव 3. आराम, सुख, चैन।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. एक फली जो सब्ज़ी या अचार बनाने के काम आती है, लोबिया 2. अजगर।
2. 1. जो वंचित किया गया हो, अलग किया गया, रहित 2. छला गया, ठगा गया।
3. नामवाला, ख्यातिप्राप्त, सुप्रसिद्ध, नामवर।
5. विश्वास, भरोसा।
7. 1. किसी को छल से किसी मंडली




### वर्ग पहेली -207 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ज | | 2 दु | कू | ल |
| | मो | | वि | | |
| 3 यु | ग | वि | धा | यी | |
| | | | ही | | |
| | 4 ल | ख | न | 5 वी | |
| | ड़ | | | थी | |
| 6 वि | ना | य | क | | |

### सुडोकू -121

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 7 | | 2 | 5 |
| 4 | | 2 | | 3 | | | | |
| 6 | | 5 | | | 2 | 1 | | 7 |
| | | | 4 | 2 | | | 7 | |
| | | 9 | | | | 5 | | |
| | 3 | | | 1 | 8 | | | |
| 5 | | 1 | 9 | | | 7 | | 3 |
| | | | | 5 | | 2 | | 8 |
| 7 | 8 | | 2 | 6 | | | | |

### सुडोकू - 120 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 9 | 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 2 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 | 8 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 9 | 6 |
| 9 | 6 | 8 | 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 अक्टूबर मंगलवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–आश्विन, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–चतुर्दशी 21.39 तक तत्पश्चात अमावस्या।

**मेष:** आज घर का वातावरण काफी सुखद रहने वाला है। घर के बुजुर्गों से सहयोग मिलेगा। धार्मिक स्थल में जाने का विचार बनेगा। जीवनसाथी को आप उपहार दे सकते हैं। संतान के व्यवहार से आपका मन गदगद हो जाएगा।

**वृष:** आज आपका मन अशांत हो सकता है। सिरदर्द और माइग्रेन के रोगियों के लिए दिन शुभ नहीं है। किसी वाहन में खराबी आने की आशंका है। दूसरों की नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। बुरे विचार आपको परेशान कर सकते हैं।

**मिथुन:** आज आपको प्रेमी जन से बड़ा उपहार मिल सकता है। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर एकाग्र रहेंगे। व्यवसाय में मित्रों का सहयोग ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप किसी महत्वपूर्ण कार्य में फंसे रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे।

**कर्क:** आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कुछ लोग आपके काम को लेकर टोका–टाकी कर सकते हैं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में दुविधापूर्ण स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। पारिवारिक जीवन बहुत ही सुखदायक रहने वाला है।

**सिंह:** आज संपत्ति के क्रय–विक्रय से धन लाभ होगा। बड़े प्रोजेक्ट्स में आप निवेश कर सकते हैं। विपरीत लिंग के लोगों के प्रति आकर्षित रहेंगे। आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरी हो सकती है। युवा अपने करियर को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

**कन्या:** आज शत्रु आपको नुकसान पहुंचाना चाहेंगे। आंखों में थोड़ी परेशानी हो सकती है। परिवार जनों के साथ आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिये। आपका मनोबल थोड़ा कमजोर हो सकता है। असंयमित भोजन के कारण आपका स्वास्थ्य खराब रहेगा।

**तुला:** आज आपके जनसंपर्क में वृद्धि होगी। आपकी कार्यप्रणाली में सुधार होगा। पैतृक कारोबार में धन लाभ होगा। विदेशी भूमि से आपको धन लाभ मिल सकता है। व्यापार में नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। परिवार का वातावरण सुखद रहेगा।

**वृश्चिक:** आज नया रोजगार शुरू कर सकते हैं। शेयर मार्केट में किया गया पूर्व निवेश से लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य कुछ कमजोर रहेगा। कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की संभावना बन रही है। लोग स्वार्थवश आपसे संपर्क में रहना चाहेंगे।

**धनु:** आज बच्चों की शिक्षा को लेकर आप काफी ध्यान देंगे। दांपत्य संबंध काफी प्रगाढ़ रहने वाले हैं। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। आपके कार्य अपेक्षाकृत देरी से पूरे होंगे। आपकी उपलब्धियों से आपके सीनियर्स काफी प्रसन्न रहेंगे।

**मकर:** आज अनजान लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। वर्तमान वातावरण को लेकर आपको अपना ध्यान रखना चाहिए। भारी उद्योग से जुड़े लोगों को मशीनरी संबंधी समस्या हो सकती है। आपको काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। किसी भी काम में ज्यादा मन नहीं लगा पाएंगे।

**कुंभ:** आज प्रेम संबंधों को लेकर दिन बेहद शुभ है। मन में परोपकार की भावना रहेगी। लंबी दूरी की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। अपनी बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग कर पाएंगे। आलस्य से आपको बचना चाहिए।

**मीन:** आज सरकारी कार्यों के लिए दिन बहुत शुभ है। लेन–देन के मामलों में सावधानी रखें। लोग आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे। साझेदारी वाले व्यापार में आपको धन लाभ होगा। अति महत्वपूर्ण कार्यों को आप समय पर पूरा करेंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल–उत्तर। ऋतु–शरद।
चन्द्रबल– मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र–पूर्वाफाल्गुनी 09.16 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जय लव कुश
सुबह : 09.15
राम लखन
रात : 07.11

SONY MAX
मिशन कश्मीर
सुबह : 11.00
एन एक्शन हीरो
रात : 09.00

SONY PIX
रैमपेज
दोपहर : 12.01
एंजेल हैज फॉलेन
रात : 09.00

ZEE CINEMA
खूंखार
सुबह : 11.06
सिरीवेन्नेला
शाम : 05.44

ZEE ACTION
वर्दी
सुबह : 11.24
गुमराह
रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात : 09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली– तुम्हारी उम्र क्या है?
हाथी –पांच साल
बिल्ली–लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो!
हाथी–आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली– 25 साल
हाथी– लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली– झंडू केसरी जीवन,बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला– मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति– बस एक
बीवी– हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2475, राज श्री 1840, फॉर्च्यून कि. 2210, रविन्द्रा 2390, फॉर्चून ली. 2030, जय जवान 1960, सचिन 2060, सूरज 1985, अवसर 2090, राग गोल्ड 2160, गृहणी ली 2035, क्लासिक (किलो) 2130, मोर 2155, चक्र टिन 2245, ब्लू 2205, आशीर्वाद मस्टर्ड 2320, स्वास्तिक 2445। किराना-(प्रति कु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायन 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकिलो) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150। चावल-(प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10000, स्वाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शरबती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7050, हरी पत्ती (1किलो, 5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जैनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950। दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700-13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छोटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, चना काला 8850, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12700, मोटा हीरा 14700, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100। चीनी- डालमिया 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी 4040।

# बिकवाली से सेंसेक्स 1.49% गिरा

## पश्चिमी एशिया में तनाव, जापानी बाजार में कमजोर रुख का दिखा असर

- **निफ्टी ने भी 368 अंक यानी 1.41% का लगाया गोता**

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव और जापानी बाजार में कमजोर रुख के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में दिग्गज कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से बड़ी गिरावट आई। सेंसेक्स 1,272 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी ने 368 अंक का गोता लगाया। विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई और एचडीएफसी बैंक में भारी बिकवाली के अलावा विदेशी पूंजी की निकासी से भी बाजार में गिरावट रही।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 1272.07 अंक यानी 1.49% लुढ़क कर 84,299.78 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1,314.71 अंक तक फिसलकर 84,257.14 पर आ गया था। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 368.10 अंक यानी 1.41% की बड़ी गिरावट से 25,810.85 अंक पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि एशियाई बाजारों में कमजोरी, पश्चिम एशिया में बढ़ते और चीन सरकार के प्रोत्साहन वाले कदमों से बाजार को झटका लगा। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयरों में 3% से अधिक की गिरावट आई। आईसीआईसीआई, नेस्ले, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व, एसबीआई और टाटा मोटर्स में भी गिरावट का रुख बना रहा।

### निवेशकों की संपत्ति 3.57 लाख करोड़ रुपये घटी




**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट के साथ निवेशकों को 3.57 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 1,272.07 अंक यानी 1.49 प्रतिशत गिरकर 84,299.78 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 1,314.71 अंक यानी 1.53 प्रतिशत टूटकर 84,257.14 पर आ गया था। विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव और जापानी बाजार में कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से गिरावट आई। इसके साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,57,885.53 करोड़ रुपये घटकर 4,74,35,137.15 करोड़ रुपये पर आ गया।

# पीसीआर: विकल्प बाजार का महत्वपूर्ण सूचक

पुट कॉल रेसियो (पीसीआर) विकल्प बाजार में एक महत्वपूर्ण सूचक है, जो निवेशकों की भावना और बाजार की दिशा को दर्शाता है। यह पुट विकल्पों और कॉल विकल्पों के अनुपात को दर्शाता है, जिससे निवेशकों को बाजार की स्थिति का अनुमान लगाने में मदद मिलती है। विकल्प बाजार में निवेश करने से पहले पीसीआर का विश्लेषण करना निवेशकों के लिए आवश्यक है। आइए इस पर जरा ध्यान दिया जाए ...

पीसीआर = पुट विकल्पों की संख्या/कॉल विकल्पों की संख्या




### अनुपात

- पीसीआर 1 से अधिक है, तो निवेशक बाजार में गिरावट की उम्मीद कर रहे हैं।
- रेसियो 1 से कम है, तो निवेशक बाजार में वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।

### महत्वपूर्ण

- उच्च जोखिम वाले निवेश में शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा, विकल्प व फ्यूचर, क्रिप्टोकरेंसी बाजार, प्राइवेट इक्विटी निवेश और हेज फंड निवेश शामिल हैं।
- विविधीकरण, जोखिम प्रबंधन, शिक्षा और अनुभव, विशेषज्ञ की सलाह और नियमित निगरानी से जोखिम कम किया जा सकता है।

### निम्न चरण का करें पालन

- **विकल्प बाजार में ओपन इंट्रेस्ट देखें:** विकल्प बाजार में ओपन इंट्रेस्ट देखें, जिसमें पुट और कॉल विकल्पों की संख्या शामिल है।
- **पुट और कॉल विकल्पों का अनुपात:** पुट विकल्पों की संख्या को कॉल विकल्पों की संख्या से विभाजित करें।
- वहीं वित्तीय वेबसाइटों और प्लेटफॉर्मों पर पुट कॉल रेसियो की जानकारी देख सकते हैं, जैसे कि वरसिटी बाय जरोधा।




### उच्च जोखिम

**अस्थिरता:** ऐसे निवेश में बाजार की कीमतें तेजी से बदल सकती हैं।
**अनिश्चितता:** ऐसे निवेश में भविष्य आय या मूल्य की अनिश्चितता होती है।
**उच्च रिटर्न की उम्मीद:** ऐसे निवेश में उच्च रिटर्न की उम्मीद होती है।

### उपाय

**विविधीकरण:** निवेश को कई प्रकार के आस्तियों में विभाजित करें।
**प्रबंधन:** जोखिम को प्रबंधित करने की रणनीतियों का उपयोग करें।
**शिक्षा और अनुभव:** निवेश से पहले शिक्षा और अनुभव प्राप्त करें।

उच्च जोखिम वाले निवेश में निवेशकों को आकर्षित करने की क्षमता होती है, लेकिन यह जोखिम भरा भी हो सकता है। उच्च रिटर्न की उम्मीद में निवेशक अपनी पूंजी को जोखिम में डाल सकते हैं। लेकिन, उच्च जोखिम वाले निवेश में हानि की संभावना भी अधिक होती है। उच्च जोखिम वाले निवेश में शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार, विकल्प बाजार, फ्यूचर बाजार, क्रिप्टोकरेंसी बाजार, प्राइवेट इक्विटी निवेश और हेज फंड निवेश शामिल हैं। उच्च जोखिम वाले निवेश से पहले सावधानी से विचार करना आवश्यक है।

## सेबी का नई परिसंपत्ति श्रेणी लाने का फैसला

- **भेदिया कारोबार के नियमों में किया गया संशोधन**

**मुंबई।** सेबी के निदेशक मंडल ने उच्च जोखिम वाले निवेशकों के लिए नई परिसंपत्ति श्रेणी शुरू करने के प्रस्ताव पर सोमवार को मुहर लगाई। इस श्रेणी में प्रति निवेशक न्यूनतम 10 लाख रुपये का निवेश कर सकता है। नया निवेश विकल्प से परिसंपत्ति निर्माण में लचीलापन और म्यूचुअल फंड एवं पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं (पीएमएस) के बीच की खाई पाटने में मदद मिलेगी। जारी बयान के अनुसार ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) जैसे सूचकांकों पर नजर रखने से जुड़ी म्यूचुअल फंड योजनाओं के लिए नियामक ढांचे को ढील देने को मंजूरी दी गई है। सेबी निदेशक मंडल की बैठक में 17 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें भेदिया कारोबार के नियमों में संशोधन और निवेश सलाहकारों एवं शोध विश्लेषकों के लिए पात्रता मानदंड और अनुपालन शर्तों में रियायत दिया जाना शामिल है।

## लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में नहीं हुआ कोई बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **चौथी तिमाही के लिए कुछ योजनाओं की दरों में किया गया था बदलाव**

सरकार ने सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) एवं लघु बचत योजनाओं पर 2024-25 की तीसरी तिमाही के लिए ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने की सोमवार को घोषणा की। सरकार ने तीन तिमाहियों से ब्याज में बदलाव नहीं किया है। 2023-24 की चौथी तिमाही में कुछ योजनाओं की दरों में बदलाव हुआ था।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि 2024-25 की तीसरी तिमाही (1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2024) के लिए कई लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें दूसरी तिमाही (1 जुलाई से 30 सितंबर 2024) के लिए दरें समान रहेंगी। सुकन्या समृद्धि पर 8.2% ब्याज मिलेगा जबकि तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज 7.1%होगा। पीपीएफ और डाकघर बचत पर ब्याज दरें क्रमशः 7.1 और 4% रहेंगी। केवीपी पर 7.5% तथा यह 115 महीनों में परिपक्व होगा। वहीं राष्ट्रीय बचत पत्र पर ब्याज दर 7.7% रहेगी। डाकघर मासिक आय योजना के निवेशकों को 7.4% ब्याज मिलेगा।

## आयकर ऑडिट रिपोर्ट 7 अक्टूबर तक कर सकेंगे दाखिल

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने 2023-24 के लिए ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख बढ़ाकर सात अक्टूबर कर दी है। विभाग ने कहा कि ऑडिट रिपोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक दाखिल करने में करदाताओं के समक्ष आ रही कठिनाइयों के मद्देनजर समय सीमा 30 सितंबर से बढ़ाकर सात अक्टूबर की गई है। लेखा एवं परामर्श कंपनी मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक रूप से दाखिल करने में आ रही समस्याओं पर समयसीमा सात दिन और बढ़ाने का फैसला हुआ है।

## चालू खाता घाटा बढ़ा, जीडीपी का 1.1%

**मुंबई, एजेंसी**

देश का चालू खाते का घाटा अप्रैल-जून तिमाही में मामूली रूप से बढ़कर 9.7 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.1% हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 8.9 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1% था। आरबीआई ने सोमवार को चालू खाते से संबंधित ये आंकड़े जारी किए। गत जनवरी-मार्च तिमाही में चालू खाता 4.6 अरब डॉलर यानी जीडीपी के 0.5% अधिशेष में था।

रिजर्व बैंक ने चालू खाता घाटे में सालाना आधार पर बढ़ोतरी को वस्तु व्यापार में फासला बढ़ने को जिम्मेदार बताया है। वस्तु व्यापार अंतराल चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 65.1 अरब डॉलर दर्ज किया गया जो पिछले साल की समान तिमाही में 56.7 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन तिमाही में शुद्ध सेवा प्राप्तियां एक साल पहले के 35.1 अरब डॉलर से बढ़कर 39.7 अरब डॉलर हो गईं।

### प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अगस्त में 1.8% घटी

**नई दिल्ली।** कोयला, कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में गिरावट से अगस्त में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में 1.8% की कमी आई। सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई में यह वृद्धि दर 6.1% थी। प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अगस्त 2023 में 13.4% थी। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान यह 4.6% बढ़ा। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 8% था। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27% हिस्सेदारी है।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 77800 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 76800 |
| सिल्वर (पक्की) | 913 (अनुमानित) |

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### नोएडा में सड़क हादसे में चार की मौत, एक घायल

**नोएडा (उप्र)।** सेक्टर 24 थाना क्षेत्र के सेक्टर 11 के पास हुए सड़क हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि हादसा रविवार देर रात दो बजे हुआ और पीड़ित दिल्ली के न्यू कोंडली के थे। एडीसीपी जोन प्रथम मनीष मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने घायल उत्तम की शिकायत पर मामला दर्ज किया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों में मोहित, विशाल, मनीष और हिमांशु है।

### अभिनेता की तस्वीर वाले नोट देकर 2.1 किलो सोना ठगा

**अहमदाबाद।** अभिनेता अनुपम खेर की तस्वीर वाले नोट देकर सर्राफा कारोबारी का 2.1 किलो सोना लेकर दो लोग रफूचक्कर हो गए। कारोबारी मेहुल ठक्कर ने नवरंगपुर थाने में दी शिकायत में बताया कि उन्हें 500 के नकली नोटों के 26 बंडल देकर ठगा गया है। घटना 24 सितंबर की है जब अज्ञात लोगों ने सोना के बदले ठक्कर के कर्मियों को नकली नोट दिया, जिनपर रीसोल बैंक ऑफ इंडिया लिखा था। ठक्कर के पास परिचित प्रशांत पटेल का फोन आया। पटेल से 2.1 किलो सोना खरीदने के लिए 1.60 करोड़ में सौदा तय हुआ।


### दरभंगा, सीतामढ़ी में बाढ़ की स्थिति बिगड़ी

**पटना।** दरभंगा में कोसी और सीतामढ़ी में बागमती नदी के तटबंधों में नई दरारें आने से राज्य के कई हिस्सों में बाढ़ की स्थिति भयानक है। कल रात कोसी ने किरतपुर प्रखंड के पास तटबंध तोड़ दिए, जिससे किरतपुर और घनश्यामपुर प्रखंड के गांव प्रभावित हुए हैं। जल संसाधन और राज्य आपदा प्रबंधन विभाग अलर्ट मोड पर हैं और चौबीसों घंटे काम कर रही है। तटबंधों में दरार की छह घटनाएं हुई है। मदद को उप्र के वाराणसी व झारखंड के रांची से एनडीआरएफ की छह टीमें बुलाई गई हैं।

# मोदी पर खरगे की टिप्पणी अपमानजनक : शाह

## जम्मू-कश्मीर की जनसभा में कांग्रेस अध्यक्ष के दिए बयान की गृहमंत्री ने की आलोचना

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **शाह बोले- नफरत दिखाते हुए खरगे ने अपने स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री का नाम बिना वजह ही घसीटा**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जम्मू-कश्मीर में एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर की गई टिप्पणी को सोमवार को अत्यंत खराब और अपमानजनक करार दिया। शाह ने कहा कि कटु तरीके से नफरत दिखाते हुए खरगे ने यह कहकर अपने निजी स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम बिना वजह ही घसीटा कि वह मोदी को सत्ता से हटाने से पहले नहीं मरेंगे।

जम्मू-कश्मीर के जसरोटा में रविवार को रैली में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की तबीयत खराब हो गई, लेकिन कुछ देर रुकने के बाद उन्होंने भाषण जारी रखा और सत्तारूढ़ दल पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को सत्ता से हटाने से पहले वह मरेंगे नहीं। खरगे ने कांपती आवाज में कहा कि जब हमारी सरकार आएगी तो हम आतंकवाद को खत्म कर देंगे।

शाह ने खरगे की इस टिप्पणी को पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने भाषण में कल अपमानजनक व्यवहार किया। शाह ने लिखा कि कटु तरीके से नफरत दिखाते हुए उन्होंने अपने स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री मोदी को अनावश्यक घसीटा और कहा कि वह प्रधानमंत्री को हटाने से पहले नहीं मरेंगे। खरगे की टिप्पणी से पता चलता है कि कांग्रेस में प्रधानमंत्री के प्रति कितनी नफरत और डर है तथा वे उन्हीं के बारे में सोचते रहते हैं। मंत्री ने कहाक ि जहां तक खरगे जी के स्वास्थ्य का सवाल है, तो मोदी जी, मैं और हम सभी प्रार्थना करते हैं कि वह दीर्घायु हों और स्वस्थ जीवन जिएं। वह अनेक वर्षों तक जीवित रहें। वह 2047 तक विकसित भारत का निर्माण होता देखने के लिए जीवित रहें।

### गृहमंत्री मणिपुर और जाति जनगणना पर दें ध्यान : खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह को मणिपुर, जनगणना और जातिगत जनगणना जैसे गंभीर मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। खरगे ने शाह की टिप्पणी के बाद एक्स पर पोस्ट किया कि आपकी सरकार का ही सर्वे कहता है कि शहरी सीवरों, सेप्टिक टैंकों की सफाई करने वाले 92% कर्मचारी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्गों से आते हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा जातिगत जनगणना के विरोध में इसलिए है क्योंकि तब पता चल जाएगा कि एससी, एसटी, ओबीसी आर्थिक रूप से कमजोर व सभी कौन-कौन से कार्यों से जीवन-यापन कर रहे हैं, उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है तथा उनको किस तरह सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जातिगत जनगणना करवाने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है। हम ये करवाकर ही रहेंगे।

# उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है मोदी सरकार : राहुल गांधी

**चंडीगढ़, एजेंसी**



- **कांग्रेस नेता ने अंबाला की चुनावी रैली में मोदी सरकार पर उद्योगपतियों के लिए काम करने का लगाया आरोप**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को किसानों के कल्याण, अग्निपथ और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर उद्योगपतियों के लिए काम करने का आरोप लगाया और दावा किया कि कांग्रेस हरियाणा में सरकार बनाएगी और बदलाव लाएगी।

अंबाला के नारायणगढ़ की रैली में राहुल गांधी ने कहा कि लड़ाई कांग्रेस और भाजपा की विचारधाराओं में है। कांग्रेस न्याय और भाजपा अन्याय है। राहुल ने दावा किया कि जैसे सुनामी आती है, वैसे ही गौतम अडाणी के बैंक खाते में पैसे आते हैं, जबकि आम आदमी संघर्ष करता रहता है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा कुमारी सैलजा इस मौके पर उपस्थित थे। कांग्रेस में कलह के दावे के बीच हुड्डा और सैलजा को एक मंच पर लाकर कांग्रेस ने एकजुटता का संदेश देने का प्रयास किया।

### संविधान बदलने की बात करने वालों को बदल दीजिए : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य के लोगों को उन लोगों को बदल देना चाहिए, जो संविधान बदलने की बात करते हैं और हर स्तर पर उसका अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों ने हमेशा देश की रक्षा की है। किसानों, जवानों और खिलाड़ियों ने देश का सम्मान बरकरार रखा है।

## दलित युवक को आईआईटी-धनबाद दे प्रवेश : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **फीस की राशि जमा नहीं कर पाने पर युवक को गंवानी पड़ी थी सीट**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आईआईटी-धनबाद से फीस जमा न करने के कारण सीट गंवाने वाले दलित युवक को प्रवेश देने को कहा। युवक समय से फीस जमा न कर पाने से आईआईटी -धनबाद में प्रवेश नहीं ले पाया था। अब न्यायालय ने संस्थान से उसे बीटेक में प्रवेश देने को कहा है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि हम ऐसे युवक को अवसर से वंचित नहीं कर सकते। उसे मझधार में नहीं छोड़ सकते। अदालत ने आईआईटी-धनबाद को अतुल कुमार को संस्थान के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग बीटेक में प्रवेश देने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि हमारा मानना है कि याचिकाकर्ता जैसे प्रतिभाशाली छात्र को वंचित नहीं किया जाना चाहिए, जो हाशिए पर पड़े समूह से ताल्लुक रखता है और जिसने प्रवेश पाने के लिए हरसंभव प्रयास किया।

## आतंकियों के खात्मे को तलाश अभियान जारी

**जम्मू।** सुरक्षाबलों ने हालिया मुठभेड़ों के बाद आतंकियों के खात्मे के लिए कठुआ और राजौरी में जारी तलाश अभियान को सोमवार को नए क्षेत्रों तक बढ़ा दिया। शनिवार शाम कठुआ की बिलावर तहसील के कोग-मंडली गांव में मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी शहीद और दो घायल हो गए थे। सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर किया था। वहीं, रविवार शाम राजौरी के मनियाल गली में आतंकियों और सुरक्षाबलों में संक्षिप्त गोलीबारी हुई थी। कठुआ में तीसरे दिन भी तलाश अभियान जारी है और मुठभेड़ स्थल के पास के गांवों तक घेराबंदी कर दी गई है।

# एक्सीडेंटल हिंदू बर्दाश्त नहीं कर पा रहे राम मंदिर

**भिवानी/हिसार/नारनौंद/पंचकुला, एजेंसी**



- **योगी बोले- रोम की संस्कृति में पले लोग इसे नहीं कर पा रहे स्वीकार**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिये बगैर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा में कहा कि रोम की संस्कृति में पले बढ़े लोग राम मंदिर निर्माण को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं।

हरियाणा में आयोजित रैलियों में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 500 वर्ष बाद 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री मोदी के करकमलों से रामलला अयोध्या धाम में विराजमान हुए, लेकिन घड़ियालू आंसू बहा रही कांग्रेस को इससे नफरत है। यही अंतर है राम की संस्कृति और रोम की संस्कृति में है। राम की संस्कृति में पला-बढ़ा व्यक्ति प्रभु श्रीराम की मर्यादा का पालन करते हुए 500 वर्ष तक निरंतर लड़ता रहा। प्रभु श्रीराम अयोध्या में विराजमान हो गए, लेकिन रोम की संस्कृति में पले-बढ़े बदनसीब एक्सीडेंटल हिंदू इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। एक्सीडेंटल हिंदू देश और जनता के प्रति कभी ईमानदार नहीं हो सकते। राम भारत के प्रतीक हैं। जो राम का नहीं, वो हमारे किसी काम का नहीं। भाजपा प्रत्याशियों को वोट देने की अपील करते हुये उन्होंने कहा कि जो लोग कहते हैं कि अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन पर नाच गाना चल रहा था, दरअसल उनका खानदान ही जिंदगी भर नाचगाना करता रहा। हिंदुओं का अपमान, सनातन संस्कृति को कोसना और भारत के बाहर संवैधानिक संस्थाओं को खड़ा करके कांग्रेसी अपनी योग्यता पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में नरेन्द्र मोदी पीएम बने। 2017 में यूपी में भाजपा सरकार बनी। डबल इंजन सरकार जब स्पीड से चलने लगी तो दो वर्ष में पांच सौ वर्ष की समस्या का समाधान हो गया। 140 करोड़ भारतवासी प्रसन्न हैं, लेकिन कांग्रेस को पीड़ा है।

## सिद्धारमैया के खिलाफ एमयूडीए मामले में केस

**नई दिल्ली।** ईडी लोकायुक्त की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) प्रकरण के संबंध में धन शोधन का मामला दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि संघीय एजेंसी ने मुख्यमंत्री और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है। मैसूरु स्थित लोकायुक्त पुलिस प्रतिष्ठान ने 27 सितंबर को दर्ज प्राथमिकी में सिद्धरमैया, उनकी पत्नी बीएम पार्वती, साले मल्लिकार्जुन स्वामी और देवराजू को नामजद किया है।

# हिंदू संगठनों की पुलिस से झड़प

**शिमला, एजेंसी**

**हिमाचल मस्जिद विवाद**

- **मुस्लिम संगठन ने कहा- कोई मस्जिद अवैध नहीं**

हिमाचल प्रदेश में अवैध रूप से निर्मित मस्जिदों को गिराने की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन के बीच मुस्लिम संगठन ने कहा कि राज्य में कोई अवैध मस्जिद नहीं है लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में नक्शे को मंजूरी मिलने में देरी से यह समस्या हो रही है। मस्जिद गिराने की मांग को लेकर कुल्लू में यात्रा निकालने वाले हिंदू संगठनों की सोमवार को पुलिस के साथ झड़प हो गई।

हिंदू धर्म जागरण यात्रा के प्रदर्शनकारियों ने हनुमान मंदिर से अखाड़ा मस्जिद तक मार्च निकाला। महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भगवा झंडे और तख्तियां लेकर मस्जिद गिराने का आह्वान कर रहे थे। पारंपरिक पोशाक में महिलाएं यात्रा की अगुवाई कर रही थीं। अवैध रूप से निर्मित मस्जिदों को गिराने की मांग 30 अगस्त को शिमला के मलयाना इलाके में मुस्लिम नाई और हिंदू व्यापारी के बीच हुई हाथापाई के बाद शुरू हुई। हिंदू समूह अवैध मस्जिदों गिराने की मांग कर रहे हैं जबकि स्थानीय लोग बाहरी लोगों की पहचान की मांग कर रहे हैं।

मंडी स्थित मुस्लिम कल्याण समिति के अध्यक्ष नहीम अहमद ने इस बीच सोमवार को कहा कि प्रदेश में कोई भी मस्जिद अवैध नहीं है लेकिन नक्शे को मंजूरी मिलने और अन्य प्रक्रियाओं में देरी हुई है। अगर कोई भी हिस्सा अवैध पाया जाता है तो हम खुद हटा देंगे।

## चुनावी बॉण्ड मामले में सीतारमण व अन्य के खिलाफ जांच पर रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित अनियमितताओं की जांच पर रोक लगा दी। चुनावी बॉण्ड योजना अब रद हो चुकी है।

न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने भाजपा नेता नलिन कटील की उस याचिका पर यह अंतरिम आदेश दिया, जिसमें उन्हें आरोपी के रूप में नामजद करने वाली प्राथमिकी को चुनौती दी है। अगली सुनवाई 22 अक्टूबर को होगी। चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित शिकायत के बाद यहां की एक विशेष अदालत के निर्देश पर सीतारमण और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। पुलिस के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री सीतारमण, ईडी के अधिकारियों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पदाधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है।

# ये या-या क्या है, ये कॉफी शॉप नहीं : चंद्रचूड़

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **पूर्व प्रधान न्यायाधीश गोगोई के खिलाफ सुनवाई के दौरान वादी के लहजे पर सीजेआई सख्त**

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को सुनवाई के दौरान वादी के लहजे पर नाराजगी जताई। उन्होंने वादी से पूछा कि ये या-या क्या है? यह कॉफी शॉप नहीं है और उन्हें ऐसे शब्दों से एलर्जी है।

यह घटनाक्रम शीर्ष अदालत में तब हुआ जब पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई को जनहित याचिका में पक्षकार बनाने और सेवा विवाद से संबंधित याचिका रद करने के मामले में उनके खिलाफ आंतरिक जांच की मांग से जुड़ी याचिका पर सुनवाई हो रही थी। सीजेआई ने उस समय नाराजगी जताई जब वादी ने पीठ के कुछ सवालों के जवाब में यस के बजाय या-या कहा।

चंद्रचूड़ ने कहा कि ये या-या क्या है? ये कॉफी शॉप नहीं है। मुझे इस या-या से एलर्जी है। इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने पुणे के वादी से कहा कि आप किसी न्यायाधीश को प्रतिवादी बनाकर जनहित याचिका कैसे दायर कर सकते हैं? कुछ तो गरिमा होनी चाहिए। आप यह नहीं कह सकते कि मैं एक न्यायाधीश के खिलाफ आंतरिक जांच चाहता हूं, बस। गोगोई उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश रहे हैं। गोगोई प्रधान न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हुए। क्योंकि आप पीठ के समक्ष सफल नहीं हुए, इसलिए आप यह नहीं कह सकते कि मैं किसी न्यायाधीश के खिलाफ आंतरिक जांच चाहता हूं। क्षमा करें, हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। याचिकाकर्ता ने श्रम कानूनों के तहत उसकी सेवा समाप्त किए जाने से संबंधित उसकी याचिका को न्यायमूर्ति गोगोई के नेतृत्व वाली पीठ द्वारा खारिज किए जाने के बाद एक जनहित याचिका दायर की थी।

# मैच के परिणाम को तेज चला बल्ला

## चौथे दिन भारत को 52 रन की बढ़त, बांग्लादेश की पहली पारी 233 पर सिमटी, दूसरी में बनाए 26 रन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट में चौथे दिन सोमवार को टीम इंडिया पूरे रौब में दिखी और मैच को रोमांचक मोड़ पर ला दिया। धुआंधार बॉलिंग और बैटिंग ने बारिश के कारण दो दिन का मैच न होने का मलाल दूर कर दिया। चौथे दिन बांग्लादेश टीम ने पहली पारी में मोमिनुल हक के नाबाद 107 रन की बदौलत 233 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी टीम इंडिया ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए पहले तीन ओवर में ही 50 रन पूरे कर लिए। खेल समाप्त होने से पहले भारतीय टीम ने 9 विकेट पर 285 रन बनाकर पहली पारी घोषित कर दी और पहली पारी में 52 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी खेलने उतरी बांग्लादेश की टीम ने खेल समाप्त होने तक 2 विकेट खोकर 26 रन बना लिए।

चौथे दिन मैच शुरू होने पर चटक धूप निकली। बांग्लादेश टीम ने अपनी पहली पारी 3 विकेट पर 107 रन से आगे खेलना शुरू किया। पहली व मैच की चौथी सफलता बुमराह ने मुश्फिकिर रहीम को 7 रन पर पवेलियन लौटाकर दिलाई। इसके बाद लिटन दास आए। मोमिनुल ने अपना पचासा पूरा किया। सिराज ने पारी के 50वें ओवर में लिटन दास को 13 रन पर आउट करके पांचवीं कामयाबी हासिल की। इस समय बांग्लादेश का स्कोर 148 रन पर था। इसके बाद शाकिब आए। 56वें ओवर में अश्विन ने शाकिब को सिराज के हाथों कैच करा दिया। बांग्लादेश का यह विकेट 170 रन पर गिरा। अश्विन के 66वें ओवर में चौका जड़कर मोमिनुल ने अपने टेस्ट करियर का 13वां शतक पूरा किया। 66 ओवर में 6 विकेट खोकर बांग्लादेश ने 205 रन बना लिए। इसके बाद 28 रन के अंदर बांग्लादेश ने अपने बचे चारों विकेट खो दिए। मोमिनुल ने 17 चौकों से नाबाद 107 रनों की शतकीय पारी खेली। बांग्लादेश ने पहली पारी में 72.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 233 रन बनाए। टीम इंडिया के गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।



दूसरी पारी में विकेट लेने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

### सबसे तेज टीम अर्धशतक और शतक का बनाया रिकॉर्ड

**कानपुर।** भारतीय बल्लेबाजों ने बेहद आक्रामक शुरूआत करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ वर्षाबाधित दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया और सबसे तेज टीम शतक का अपना ही रिकॉर्ड दुरूस्त किया। यशस्वी जायसवाल ने दस चौके और एक छक्के की मदद से भारत के लिए चौथा सबसे तेज अर्धशतक बनाया। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा 11 गेंद में 23 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने तीसरे ही ओवर में 50 रन बना डाले। इसके साथ ही इंग्लैंड का सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड तोड़ा जिसने इस साल जुलाई में ट्रेंट ब्रिज में वेस्टइंडीज के खिलाफ 4.2 ओवर में अर्धशतक बनाया था। भारत ने सौ रन 11वें ओवर में पूरे करके अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2023 में पोर्ट आफ स्पेन टेस्ट में सबसे तेजी से तिहरा अंक छुआ था।

बांग्लादेश की पहली पारी समाप्त होने पर टीम इंडिया के ओपनर यशस्वी जायसवाल व कप्तान रोहित शर्मा मैदान पर उतरे। दोनों ने एक दिवसीय अंदाज में खेलना शुरू किया और महज तीन ओवर में स्कोर 50 पर पहुंचा दिया। 55 रन के स्कोर पर कप्तान रोहित 23 रन बनाकर बांग्लादेश का पहला शिकार बने। इसके बाद 11.1 ओवर में 100 रन का आंकड़ा टीम ने छू लिया। दूसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी हुई। यशस्वी 52 गेंदों पर 72 रन बनाकर आउट हुए। चाय के समय तक टीम ने 16 ओवर में 2 विकेट पर 138 रन बना लिए। चाय के बाद शुभमन मिल 39 रन पर पवेलियन लौटे। ऋषभ पंत नौ रन पर शाकिब का शिकार हुए। इस समय स्कोर 159 था। पांचवें विकेट के लिए विराट कोहली व केएल राहुल के बीच 87 रनों की साझेदारी हुई। कोहली 47 रन बनाकर पांचवां शिकार हुए। इसके बाद अगले 39 रन में टीम इंडिया ने चार विकेट और खो दिए। नौवें विकेट के रूप में आकाशदीप के आउट होते ही भारतीय टीम ने पारी घोषित कर दी। केएल राहुल ने 68 रनों की पारी खेली। पहली पारी में भारतीय टीम ने 34.4 ओवर में 9 विकेट खोकर 285 रनों का स्कोर खड़ा किया और 52 रन की बढ़त बनाई। बांग्लादेश के लिए मेहंदी हसन मिराज व शाकिब अल हसन ने 4-4 विकेट लिए।

दूसरी पारी खेलने उतरी बांग्लादेश टीम ने जल्द ही पहला विकेट 18 रन पर खो दिया। अश्विन ने जाकिर को 10 रन पर पगबाधा किया। हसन बिना खाता खोले ही अश्विन की गेंद पर बोल्ड हो गए। खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने 11 ओवर में 2 विकेट खोकर 26 रन बना लिए थे। इस्लाम 7 रन व मोमिनुल बिना खाता खोले क्रीज पर हैं।



बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी के दौरान कैच लपकते रवींद्र जडेजा। >>

### 300 टेस्ट विकेट लेने वाले सातवें भारतीय बने जडेजा

**कानपुर।** रविंद्र जडेजा भारत के लिये 300 विकेट लेने वाले सातवें गेंदबाज बन गए जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन खालिद महमूद का विकेट लिया। जडेजा ने महमूद का रिटर्न कैच लपककर बांग्लादेश की पारी का अंत किया। बांग्लादेश ने पहली पारी में 233 रन बनाए। भारत के लिये 300 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों में अनिल कुंबले (619), आर अश्विन (524), कपिल देव (434), हरभजन सिंह (417), ईशांत शर्मा (311) और जहीर खान (311) शामिल हैं। जडेजा ने 74 टेस्ट में यह आंकड़ा हुआ है। वह 300 टेस्ट विकेट और 3000 टेस्ट रन सबसे तेजी से पूरे करने वाले इंग्लैंड के इयान बाथम के बाद दूसरे खिलाड़ी भी बन गए।

### विराट कोहली ने पूरे किए 27,000 रन, विश्व में चौथे बल्लेबाज बने

**कानपुर।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली सोमवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने वाले दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन गए। इस टेस्ट मैच के शुरुआती तीन दिनों में बारिश से लगभग आठ सत्र का खेल प्रभावित होने के बाद भारतीय टीम ने चौथे दिन अपनी पहली पारी में आक्रामक बल्लेबाजी की जिसमें कोहली ने 35 गेंद में 47 रन का योगदान दिया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों को मिलाकर वह 27,000 रन का आंकड़ा पार करने वाले महान सचिन तेंदुलकर के बाद वह दूसरे भारतीय बल्लेबाज है। सबसे ज्यादा रन तेंदुलकर के नाम है। उन्होंने 34,357 रन बनाए है। दूसरे स्थान पर श्रीलंका के संगकारा (28,016) और तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (27,483) है। कोहली के नाम टेस्ट में 8,870 से अधिक रन है जबकि उन्होंने 295 वनडे में 13,906 और 125 टी-20 में 4,188 रन बनाए है। इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 विश्व कप के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप को अलविदा कह दिया था। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक्स पर लिखा विराट के शानदार करियर में एक और बड़ा मील का पत्थर, उन्होंने 27,000 रन पूरे किए।



- ग्रीनपार्क में चौथे दिन टीम इंडिया का दिखा जलवा, चौके-छक्कों की बरसात

**9** विकेट पर 285 रन बनाकर भारत ने घोषित कर दी पहली पारी

<< 47 रनों की पारी के दौरान बल्लेबाजी करते विराट कोहली।

### स्कोर बोर्ड

**बांग्लादेश पहली पारी : 233/10** — 74.2 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाकिर का जायसवाल बो आकाश | 0 | 24 | 0/0 |
| शादमान इस्लाम पगबाधा बो आकाश | 24 | 36 | 4/0 |
| मोमिनुल हक नाबाद | 107 | 194 | 17/1 |
| नजमुल हुसैन शंटो पगबाधा बो अश्विन | 31 | 57 | 6/0 |
| मुशफिकुर रहीम बो बुमराह | 11 | 32 | 2/0 |
| लिटन दास का शर्मा बो सिराज | 13 | 30 | 3/0 |
| शाकिब का सिराज बो अश्विन | 9 | 17 | 2/0 |
| मेहदी हसन मिराज का गिल बो बुमराह | 20 | 42 | 4/0 |
| तैजुल इस्लाम बो बुमराह | 5 | 8 | 1/0 |
| हसन महमूद बो सिराज | 1 | 4 | 0/0 |
| खालिद अहमद का और बो जडेजा | 0 | 4 | 0/0 |

अतिरिक्त : 12, गेंदबाजी : बुमराह 18-7-50-3, सिराज 17-2-57-2, अश्विन 15-1-45-2, आकाश दीप 15-6-43-2, जडेजा 9.2-0-28-1

**भारत पहली पारी : 285/9 (घोषित)** — 34.4 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो महमूद | 72 | 51 | 12/2 |
| रोहित शर्मा बो मेहदी हसन | 23 | 11 | 1/3 |
| शुभमन गिल का महमूद बो शाकिब | 39 | 36 | 4/1 |
| ऋषभ पंत का महमूद बो शाकिब | 9 | 11 | 0/0 |
| विराट कोहली बो शाकिब | 47 | 35/4/1 | |
| केएल राहुल स्ट लिटन बो मेहदी हसन | 68 | 43/7/2 | |
| रविंद्र जडेजा का शंटो बो मेहदी हसन | 8 | 13 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन बो शाकिब | 1 | 4 | 0/0 |
| आकाश दीप का महमूद बो मेहदी हसन | 12 | 5 | 0/2 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : महमूद 6-0-66-1, अहमद 4-0-43-0, मेहदी हसन 6.4-0-41-4, इस्लाम 7-0-54-0, शाकिब 11-0-78-4

**बांग्लादेश दूसरी पारी : 26/2** — 11 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शादमान इस्लाम नाबाद | 7 | 40 | 1/0 |
| जाकिर हसन पगबाधा बो अश्चिन | 10 | 15 | 1/0 |
| हसन महमूद बो अश्विन | 4 | 9 | 1/0 |
| मोमिनुल हक नाबाद | 0 | 2 | 0/0 |

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : बुमराह 3-1-3-0, अश्विन 5-2-14-2, आकाश दीप 3-2-4-0

## खेल डायरी

### ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को वनडे शृंखला में 3-2 से हराया

**ब्रिस्टल।** बारिश आई लेकिन देर से और ऑस्ट्रेलिया ने निर्णायक पांचवें एक दिवसीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके इंग्लैंड को शृंखला में 3-2 से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिये 310 रन का लक्ष्य मिला था लेकिन उस समय बारिश हो गई जब ऑस्ट्रेलिया ने 20.4 ओवर में दो विकेट पर 165 रन बनाए थे। इसके बाद का खेल नहीं हो सका और डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर ऑस्ट्रेलिया ने 49 रन से जीत दर्ज की। शृंखला के दौरान चोटों और बीमारियों से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया ने हर मैच में अलग टीम उतारी। आखिरी मैच में मिचेल मार्श के फिट नहीं होने से स्टीव स्मिथ ने कप्तानी की। ऑस्ट्रेलिया ने दस ओवर के बाद एक विकेट पर 103 रन बना लिए थे। मैथ्यू शॉर्ट ने 30 गेंद में 58 रन बनाए। स्टीव स्मिथ 36 और जोश इंगलिस 28 रन बनाकर खेल रहे थे जब मैच खत्म करने का फैसला किया था।



### बिरला ने अवनी और नवदीप को किया सम्मानित

**मुबंई।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को अवनी लखेरा एवं नवदीप सिंह को सम्मानित किया। बिरला आज मुंबई में सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवार्ड समारोह में सम्मिलित हुए। यहां उन्होंने खेल, शिक्षा, उद्योग, सामाजिक सरोकार सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया। उन्होंने हाल ही में सम्पन्न हुए पेरिस पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाने वाली राजस्थान के बेटी अवनी लखेरा एवं नवदीप सिंह को सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होंने अभिनेता आयुष्मान खुरान को उनके द्वारा ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए शुरू की गई पहल स्वीकार के लिए भी सम्मानित किया। बिरला ने कहा कि मुझे खुशी है कि यह कार्यक्रम ऐसी प्रतिभाओं को सम्मानित करने का है जिन्होंने अपने काम से समाज में आदर्श प्रस्तुत किए हैं।

### रक्षा ने क्रोएशिया और बेल्जियम में जीते खिताब

**मुंबई।** भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी रक्षा कंदासामी ने शानदार फॉर्म कायम रखते हुए क्रोएशिया इंटरनेशनल और बेल्जियम जूनियर टूर्नामेंट खिताब जीते। सोलह वर्ष की रक्षा दोनों टूर्नामेंटों में अपराजेय रहीं। उन्होंने क्रोएशिया इंटरनेशनल के फाइनल में इंग्लैंड की लियोना ली को 21-9, 21-5 से हराया। इसके अलावा बेल्जियम में जर्मनी की ग्लोरिया पोलुएक्तोव को 21-14, 10-21, 22-20 से मात दी।

### निशानेबाज जूनियर विश्व चैंपियनशिप में देश को दो कांस्य

**नई दिल्ली।** भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने पेरू के लीमा में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) की जूनियर विश्व चैंपियनशिप में क्रमश: 10 मीटर मिश्रित टीम स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कांस्य पदक जीतने के साथ ही भारत के पदकों की संख्या पांच हो गई जिसमें दो स्वर्ण और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। राइफल निशानेबाजों के क्वालीफिकेशन दौर में गौतमी भनोट व अजय मलिक की भारतीय जोड़ी 628.9 का संयुक्त स्कोर बनाकर 34 टीमों में तीसरे स्थान पर रही। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में भारतीय टीम ने क्रोएशिया को 17-9 से हराया। वहीं चीन ने फाइनल में फ्रांस को हराकर प्रतियोगिता का अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में भारत के अभिनव साव व शाम्भवी क्षीरसागर की दूसरी जोड़ी 628.1 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रही।

# एटलेटिको प्रशंसकों ने मैदान पर फेंका सामान, मैच बाधित

मैड्रिड, एजेंसी

मेजबान एटलेटिको मैड्रिड और रीयाल मैड्रिड के बीच ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट का रविवार का मैच बीच में रोकना पड़ा जब एटलेटिको के प्रशंसकोंने मैदान पर सामान फेंकना शुरू कर दिया। मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में हुए मैच में करीब 70वें मिनट में व्यवधान पैदा हुआ और खिलाड़ियों को लॉकर रूम में भेज दिया गया।

मैड्रिड ने उस समय पहला गोल दागा था जो एटलेटिको के प्रशंसकों के सामने इस गोल का जश्न मना रहे थे। इसके 15 मिनट से अधिक समय के बाद मैच को दोबारा शुरू किया गया जो 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। रियाल के गोलकीपर थिबॉट कोर्टोइस ने रेफरी को मैदान पर फेंकी जा रही चीजों के बारे में सचेत किया जिसमें लाइटर भी शामिल था। वहीं एटलेटिको के कोच डिएगो सिमोन ने प्रशंसकों को कई बार समझाया। स्टेडियम के लाउडस्पीकर पर ऐलान किया गया कि 15 मिनट तक खेल रोकना पड़ा है और अगर दर्शकों का ऐसा ही व्यवहार रहा तो इसे निलंबित कर दिया जाएगा। स्पेनिश लीग ने एक दिन पहले कहा था कि वह पुलिस से उन सोशल मीडिया अभियान के प्रचारकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करेगी जिनका उद्देश्य विनिसियस जूनियर (खिलाड़ी) के खिलाफ नस्लवादी हरकतों को बढ़ावा देना था। मैच से पहले एटलेटिको के प्रशंसकों को सोशल मीडिया पर वीडियो में विनिसियस अलग है नारे लगाते हुए देखा गया था।



# पाकिस्तान दौरे पर फैसला सरकार का : बोर्ड

कानपुर, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान के दौरे को लेकर अंतिम फैसला भारत सरकार को करना है। पाकिस्तान 19 फरवरी से नौ मार्च तक एकदिवसीय प्रारूप में खेले जाने वाले इस आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला है।

शुक्ला ने बांग्लादेश के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन के खेल के इतर संवाददाताओं से कहा अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हमारी नीति यह है कि अंतर्राष्ट्रीय दौरों के लिए हम हमेशा सरकार की अनुमति लेते हैं। यह सरकार तय करती है कि हमारी टीम को किसी देश के दौर पर जाना चाहिए या नहीं। इस मामले में भी सरकार जो भी फैसला करेगी हम उसका पालन करेंगे। मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के बाद से भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ को द्विपक्षीय शृंखला नहीं खेली है। दोनों टीमें का आमना सामना सिर्फ आईसीसी और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के टूर्नामेंटों में होता है। पाकिस्तान की टीम ने पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए सात साल के अंतराल के बाद भारत का दौरा किया था। बीसीसीआई आईसीसी से टूर्नामेंट को पाकिस्तान से हटाकर श्रीलंका या दुबई में आयोजित करने का अनुरोध कर सकता है। एशिया कप के बीते सत्र का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के तहत हुआ था। जिसमें भारत को अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे। इससे श्रीलंका ने टूर्नामेंटों के नौ मैचों की मेजबान की थी जबकि पाकिस्तान ने शेष चार मैचों की मेजबानी की। पीसीबी हालांकि चैंपियंस ट्रॉफी को अपने देश से बाहर ले जाने के विचार के खिलाफ है।



- उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा- हमारी नीति है हम अंतर्राष्ट्रीय दौरों के लिए हम हमेशा सरकार की अनुमति लेते हैं

### पहली अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग में खेलेंगे तेंदुलकर

**मुंबई।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर नजर आएंगे जब वह इस साल तीन आयोजन स्थलों पर होने वाली पहली अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) में हिस्सा लेंगे। इस टी-20 प्रतियोगिता में छह टीम हिस्सा लेंगी। आईएमएल में भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और इसके मैच मुंबई, लखनऊ और रायपुर में खेले जाएंगे। हर साल आयोजित होने वाला यह टी-20 टूर्नामेंट तेंदुलकर और भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर की योजना का हिस्सा है। गावस्कर इस लीग के आयुक्त भी होंगे। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तेंदुलकर और गावस्कर पीएमजी स्पोर्ट्स और खेल विपणन कंपनी स्पोर्टफाइव के साथ मिलकर भारत में लीग का आयोजन करने के लिए एक और कंपनी स्थापित करेंगे। किसी एक फ्रेंचाइजी के स्वामित्व के माध्यम से भाग लेने में रुचि रखने वाले पक्षों को भी आमंत्रित किया गया था।

## बॉलीवुड हलचल



### काजोल, कृति की फिल्म दो पत्ती 25 को होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री काजोल और कृति सेनन अभिनीत बहुप्रतीक्षित थ्रिलर फिल्म दो पत्ती 25 अक्टूबर को रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स हैंडल पर बताया कि शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित मर्डर मिस्ट्री दो पत्ती 25 अक्टूबर से स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। निर्माताओं ने दर्शकों को सस्पेंस थ्रिलर की एक झलक दिखाते हुए एक मिनट 32 सेकंड के वीडियो के साथ फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की। नेटफ्लिक्स ने अपने एक्स अकाउंट पर फिल्म दो पत्ती के बहुप्रतीक्षित टीजर को एक कैप्शन के साथ साझा करते हुए लिखा, अब होगा खेल शुरू, लेकिन इस कहानी के है दो पहलू, दो पत्ती 25 अक्टूबर को रिलीज होगी, केवल नेटफ्लिक्स पर। फिल्म दो पत्ती, उत्तराखंड के काल्पनिक शहर देवीपुर पर आधारित है। काजोल इस फिल्म में एक पुलिसकर्मी की भूमिका में है जो एक हत्या के प्रयास के मामले में सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर है। कृति सेनन ने पहली बार दोहरी भूमिका निभाई है। उन्होंने जुड़वां बहनों का किरदार निभाया है। यह फिल्म बड़े पर्दे पर शाहीर शेख की पहली फिल्म भी है।

### आईफा में पुरस्कार जीतने पर बेहद खुश हैं मृणाल

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री मृणाल ठाकुर आईफा उत्सवम में पुरस्कार जीतने पर बेहद खुश हैं। अबु धाबी में आयोजित आईफा उत्सवम में अभिनेत्री मृणाल ठाकुर को फिल्म 'हाय नन्ना' में यशना की भूमिका के लिए पुरस्कार मिला है। आईफा उत्सवम में पुरस्कार जीतने पर मृणाल बेहद खुश हैं। मृणाल ठाकुर ने कहा, मैं इस अवॉर्ड के लिए बहुत आभारी हूं। मेरे लिए यशना की भूमिका निभाना वास्तव में एक खास अनुभव था, जिसने मुझे प्यार और भावना की गहराई के बारे में जानने का मौका दिया। मैं अपनी इस सफलता का सारा श्रेय अपने निर्देशक, प्रतिभाशाली सह-कलाकारों और पूरी टीम को देती हूं। यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं है। यह हमारी पूरी टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का फल है। मृणाल ने कहा, मैं इस सफर को जारी रखते हुए दर्शकों के साथ और भी बेहतर कहानियां शेयर करने के लिए तैयार हूं। यह मेरा पहला आईफा अवार्ड है। इस अवॉर्ड को रानी मैम और ऐश्वर्या मैम जैसे कलाकारों के साथ शेयर करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है।



### ओडिशा के मुख्यमंत्री, पटनायक ने मिथुन को दादा साहेब फाल्के के लिए दी बधाई

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने सोमवार को मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब पुरस्कार के लिए चुने जाने पर बधाई दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर माझी ने प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चुने जाने पर जाने माने अभिनेता को हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा भारतीय सिनेमा में आपके पांच दशक के उल्लेखनीय सफर और भारतीय दर्शकों के साथ साथ दुनियाभर के अपने प्रशंसकों का आपने अपनी बहुमुखी प्रस्तुतियों से जो मनोरंजन किया है, उसके सम्मान में यह सबसे शानदार श्रद्धांजलि है। पटनायक ने एक्स पर लिखा प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चयनित किए जाने पर बहुमुखी प्रतिभा के अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को बधाई। उन्होंने उड़िया सिनेमा सहित पर्दे पर कई यादगार भूमिकाएं निभाई हैं। मृगया, सुरक्षा, डिस्को डांसर और डांस डांस जैसी फिल्मों में अभिनय करने वाले चक्रवर्ती को सिनेमा के क्षेत्र में सरकार के सर्वोच्च सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए सोमवार को नामित किया गया। चक्रवर्ती को यह पुरस्कार आठ अक्टूबर, 2024 को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दिया जाएगा।

# सिनर-अल्कारेज चीन ओपन के सेमीफाइनल में, सबालेंका जीतीं


**बीजिंग।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने सोमवार को यहां जिरी लेहेका को सीधे सेट में हराकर चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने दो दिन पहले मार्च में दो बार एनाबोलिक स्टेरॉयड परीक्षण पॉजिटिव आने के बाद अमेरिकी ओपन चैंपियन सिनर पर एक से दो वर्ष का प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए अपील दायर की है।

इटली का यह 23 वर्षीय खिलाड़ी हालांकि इससे विचलित नहीं दिखा और उन्होंने 37वें स्थान पर काबिज लेहेका के खिलाफ 6-2, 7-6 से जीत दर्ज की। गत चैंपियन सिनर की यह लगातार 14वीं जीत है और वह सेमीफाइनल में पांचवें वरीय आंद्रे रूबलेव और स्थानीय दावेदार बू युनचाओकेट के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। सोमवार को एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-4, 7-5 से हराया। कार्लोस अल्कारेज ने कारेन खाचानोव के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ लगातार दूसरे साल यहां सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्पेन के 21 साल के अल्कारेज ने दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी खाचानोव को 7-5, 6-2 से हराया। सेमीफाइनल में अल्कारेज की भिड़ंत दानिल मेदवेदेव से होगी। दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव ने इटली के फ्लावियो कोबोली को सीधे सेट में 6-2, 6-4 से हराया। महिला एकल में एरिना सबालेंका ने एशलिन क्रूगर को 6-2, 6-2 से हराकर लगातार 14वीं जीत दर्ज की।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

# स्पेसएक्स कैप्सूल अंतरिक्ष पहुंचा दोनों यात्रियों की जल्द होगी वापसी

- चार सीट वाले कैप्सूल में विल्मोर और सुनीता विलियम्स के लिए दो सीट खाली रखी गईं



केप केनवरल (अमेरिका)

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स समेत जून से फंसे दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को धरती पर वापस लाने के लिए स्पेस एक्स का नया कैप्सूल रविवार को अंतरिक्ष पहुंचा। स्पेस एक्स ने बचाव अभियान के लिए शनिवार को उड़ान भरी। चार सीट वाले कैप्सूल में क्षमता से कम केवल दो अंतरिक्ष यात्री हैं। दो सीट अंतरिक्ष में फंसे बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के लिए खाली रखी गई हैं। कैप्सूल के अगले साल धरती पर लौटने की संभावना है।

'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा) ने 'बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल' में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बाद विल्मोर और विलियम्स को स्पेसएक्स कैप्सूल से धरती पर लाने का फैसला किया। अंतरिक्ष यात्रियों के साथ उड़ान भरने वाला यह स्टारलाइनर का यह पहला यान था। नासा ने कहा कि उड़ान के बाद 'थ्रस्टर' की विफलता और हीलियम' रिसाव की समस्या बहुत गंभीर है। इसी कारण स्टारलाइनर इस महीने की शुरुआत में खाली ही धरती पर लौटा।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत के साथ हिंदी का महत्व बढ़ा

सिंगापुर के एक शीर्ष कारोबारी नेता ने कहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की भूमिका के साथ हिंदी का महत्व भी बढ़ा है और अत्याधुनिक तकनीक के साथ हिंदी के मेल ने कारोबार के क्षेत्र में भारत में 57 .2 करोड़ और विश्व में 50 करोड़ हिंदी भाषियों के लिए संभावनाओं के द्वार खोले हैं। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें पहले अछूते रहे विशाल बाजारों में प्रवेश करने का अवसर मिलता है। सिंगापुर इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष नील पारेख ने कहा हम डिजिटलीकरण की दुनिया में आगे बढ़ रहे हैं, जहां संस्कृति और बाजारों के बीच सीमाएं तेजी से धुंधली होती जा रही हैं और भाषा लोगों, विचारों एवं अवसरों को जोड़ने वाले अहम सेतु के रूप में उभरी है। सप्ताहांत में आयोजित वैश्विक हिंदी उत्कृष्टता शिखर सम्मेलन – 2024 की थीम नवाचार के युग में हिंदी की उत्कृष्टता थी, जिसका आयोजन सिंगापुर स्थित ग्लोबल हिंदी फाउंडेशन ने किया था। पारेख ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में तेजी से उभरते भारत में काम करने के लिए हिंदी भाषा के ज्ञान के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। पारेख सिंगापुर में संसद के मनोनीत सदस्य भी हैं।



### गहरी सांस्कृतिक समझ के लिए हिंदी एक सेतु

उद्यमी पारेख ने कहा कि हिंदी सिर्फ संचार की भाषा नहीं है बल्कि यह गहरी सांस्कृतिक समझ के लिए एक सेतु है। इससे हमें भारतीय बाजार में प्रवेश का मौका मिलता है, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने की इच्छा रखने वाले निगमों और एसएमई के लिए उत्कृष्ट संभावनाएं प्रदान करता है। हिंदी दुनिया में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जिसे वैश्विक स्तर पर 50 करोड़ से अधिक लोग बोलते हैं। भारत में 57 .2 करोड़ से अधिक लोग सिर्फ हिंदी बोलते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भी भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने में एक शक्तिशाली उपकरण बन गई है और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और मशीन लर्निंग जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाया जा रहा है।

### आने वाले समय में अहम भाषा होगी हिंदी

सिंगापुर स्थित वित्तीय सलाहकार मंदार पाध्ये ने भाषाओं विशेषकर हिंदी के प्रचार-प्रसार के प्रयासों का उल्लेख किया, जो देश के अधिकांश स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली भाषाओं में से एक है। पाध्ये ने कहा, वैश्विक स्तर पर अंग्रेजी भाषा का ज्ञान जरूरी है तथा इसके बाद जिन दो भाषाओं का ज्ञान आपको होना चाहिए, वे हैं हिंदी और चीनी (मंदारिन), क्योंकि अगली पीढ़ी के नेता ऐसी जगहों से आ रहे हैं जहां ये भाषाएं बोली जाती हैं। पाध्ये की हालिया पुस्तक द रिजिलिएंट इन्वेस्टर में मानव-से-मानव संबंधों पर प्रकाश डाला गया है जो निरंतर विकसित होते वित्तीय परिदृश्य में व्यावसायिक विकास और व्यक्तिगत विकास के बीच विकसित होते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी एक अहम भाषा होगी क्योंकि कई कारोबारी नेता भारतीय समुदाय से आते हैं और इनमें से कई की मातृभाषा हिंदी है। करीब 300 प्रतिभागियों के साथ हिंदी पर अपने विचार साझा करने के लिए सिंगापुर पहुंचीं इंदौर में 'प्री-एग्जामिनेशन ट्रेनिंग सेंटर' की प्राचार्य अलका भार्गव ने कहा कि उनका मानना है कि वैश्विक मंच पर हिंदी को और अधिक बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक संयुक्त प्रयास किए जाने चाहिए।

## एक नजर

### भारतीय सिख डॉलर लेकर पाक की यात्रा पर आएं

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने सोमवार को देश की यात्रा करने वाले भारतीय सिखों को सलाह दी कि वे भारतीय मुद्रा के बजाय अमेरिकी डॉलर लेकर चलें। पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के प्रथम सिख मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने कहा हमें कई शिकायतें मिली हैं कि अपने पवित्र स्थलों के दर्शन के लिए पाकिस्तान आने वाले भारतीय सिखों को मौजूदा विनिमय दर से बहुत कम राशि दी जा रही है। अरोड़ा ने भारतीय सिखों के शोषण के बारे में कई शिकायतें प्राप्त होने के बाद यह परामर्श जारी किया।

### बांग्लादेश ने ब्रिटेन से अपने उच्चायुक्त को वापस बुलाया

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने ब्रिटेन में अपनी उच्चायुक्त सईदा मुना तस्नीम को वापस बुला लिया है और उन्हें तुरंत ढाका लौटने को कहा है। ढाका ट्रिब्यून की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्रालय ने अवामी लीग सरकार द्वारा नियुक्त दूतों को वापस बुलाने की प्रक्रिया के हिस्से के रूप में रविवार को नोटिस जारी किया। तस्नीम नवंबर 2018 से लंदन में उच्चायुक्त हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अपने लंदन कार्यभार से पहले उन्होंने थाईलैंड में बांग्लादेश के राजदूत के रूप में कार्य किया था।

### ताइवान पहुंचा तूफान क्रैथॉन, चेतावनी जारी

**ताइपे।** तूफान क्रैथॉन के ताइवान के तट पर पहुंचने के बाद सोमवार तड़के जान-माल की क्षति की गंभीर चेतावनी जारी की गयी। ताइवान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी के अनुसार, सोमवार सुबह नौ बजे तक क्रैथॉन ताइवान के सबसे दक्षिणी बिंदु से लगभग 220 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में केंद्रित था, जो लगभग नौ किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा था। इसके केंद्र के पास अधिकतम हवा की गति 162 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई और तूफान का दायरा 200 किलोमीटर है।

### विदेश मंत्री जयशंकर ब्लिंकन से करेंगे मुलाकात

**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर मंगलवार को अपने अमेरिकी समकक्ष टोनी ब्लिंकन से मुलाकात करेंगे और इस दौरान दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन युद्ध एवं पश्चिम एशिया में संकट सहित कई द्विपक्षीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। जयशंकर रविवार को अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी पहुंचे। वह कैबिनेट के अन्य मंत्रियों और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के अन्य अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन से मुलाकात करने के अलावा जयशंकर का थिंक-टैंक समुदाय से भी बातचीत करने का कार्यक्रम है।

### कोलंबिया में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में आठ की मौत

**बोगोटा।** कोलंबिया के पूर्वी विभाग विचाडा में मानवीय मिशन के दौरान कोलंबियाई वायु सेना के एक हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से आठ लोगों की मौत हो गयी। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति के एक्स अकाउंट पर कहा गया, पेट्रो ने शोक संतप्त परिवारों के लिए संवेदना जताई और देश इस त्रासदी में मृतकों के प्रति शोकाकुल है।

# हिजबुल्ला उप प्रमुख जारी रखेगा लड़ाई

## नईम कासेम ने कहा- इजराइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है तो उसके लड़ाके पूरी तरह तैयार

- शीर्ष कमांडरों के मारे जाने के बावजूद लंबे युद्ध के लिए तैयार

बेरूत, एजेंसी

हिजबुल्ला के उपप्रमुख ने समूह के अधिकतर शीर्ष कमांडरों के मारे जाने के बावजूद इजराइल के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया और कहा कि आतंकवादी समूह लंबे युद्ध के लिए तैयार है। हिजबुल्ला के नेता हसन नसरल्ला भी इजराइली हमलों में मारे जाने वाले शीर्ष नेताओं में शामिल था।

नईम कासेम ने नसरल्ला की मौत के बाद सोमवार को टेलीविजन पर अपने पहले बयान में कहा कि अगर इजराइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है तो हिजबुल्ला के लड़ाके लेबनान की रक्षा करने और लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नसरल्ला के उत्तराधिकारी का फैसला होने तक उप महासचिव के रूप में नईम कासेम अब हिजबुल्ला के कार्यवाहक नेता हैं। कासेम ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में हिजबुल्ला के शीर्ष सैन्य कमांडरों की मौत के बावजूद समूह अब नये कमांडरों पर निर्भर है। कासेम ने कहा, इजराइल हमारी (सैन्य) क्षमताओं को प्रभावित करने में सक्षम नहीं है। हमारे पास उपकमांडर हैं और किसी भी शीर्ष नेता के मारे जाने या घायल होने की स्थिति में कमांडर की जगह ले सकते हैं।

लेबनान के कई क्षेत्रों पर रविवार को इजराइली हमलों के परिणामस्वरूप कम से कम 105 लोग मारे गए। स्थानीय मीडिया ने लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पहले कहा था कि उसने रविवार दोपहर से लेबनान भर में दर्जनों लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला किया है।



लेबनान में हमले के बाद ध्वस्त इमारतों का मलबा।

### इजराइल ने मध्य बेरूत पर किया हमला

**यरूशलम।** लेबनान में हिजबुल्ला के नेताओं और उसके ठिकानों को निशाना बनाकर हमला करने के कुछ ही घंटों बाद इजराइल ने मध्य बेरूत में हवाई हमले किए। प्रत्यक्षदर्शियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत को निशाना बनाया। लगभग एक साल के संघर्ष में मध्य बेरूत में यह पहला इजराइली हवाई हमला है। इससे पहले, इजराइल की सेना ने सप्ताहांत में लेबनान पर हमला कर हिजबुल्ला के प्रमुख नेता हसन नसरल्ला को मार गिराया था। इजराइली सेना ने रविवार को कहा कि उसने शनिवार को हवाई हमले में हिजबुल्ला की 'सेंट्रल काउंसिल' के उप प्रमुख नबील कौक को मार गिराया। हिजबुल्ला ने उसकी मौत की पुष्टि की है। वह एक सप्ताह से भी कम समय में इजराइली हमलों में मारा गया हिजबुल्ला का सातवां शीर्ष सदस्य है।

### नेतन्याहू ने अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी को कैबिनेट में शामिल कर अपनी स्थिति को मजबूत किया

**यरूशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने गठबंधन का विस्तार करते हुए और सरकार में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी गिदोन सार को रविवार को अपने मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया। नेतन्याहू ने बताया कि समझौते के तहत, सार बिना किसी विभाग के मंत्री के रूप में काम करेंगे और उस सुरक्षा कैबिनेट में शामिल होंगे जिस पर पश्चिम एशिया में इजराइल के शत्रुओं के खिलाफ जारी युद्ध के प्रबंधन की निगरानी है। सार (57) को उम्मीद थी कि वह नेतन्याहू के एक और प्रतिद्वंद्वी एवं रक्षा मंत्री योआव गैलेंट की जगह लेंगे लेकिन इजराइल की उत्तरी सीमा पर हिजबुल्ला के साथ लड़ाई तेज होने के कारण गैलेंट फिलहाल पद पर बने रहेंगे। सार के प्रधानमंत्री के साथ तनावपूर्ण संबंध रहे हैं। वह कभी नेतन्याहू की 'लिकुड पार्टी' के उभरते सितारे थे, लेकिन चार साल पहले उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी और अपने अलग दल का गठन किया।

### यमन के हुती विद्रोहियों ने अमेरिका निर्मित ड्रोन को मार गिराने का किया दावा

**दुबई।** यमन के हुती विद्रोहियों ने सोमवार को दावा किया कि उन्होंने देश के ऊपर अमेरिका निर्मित एक और 'एमक्यू-9 रीपर' ड्रोन को मार गिराया। उन्होंने वीडियो भी साझा किया जिसमें कथित तौर पर सतह से हवा में मार करने वाली एक मिसाइल ड्रोन को निशाना बनाती दिखती है। अमेरिकी सेना ने इस बारे में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। दावा ऐसे समय किया गया है जब गाजा पट्टी में इज़राइल-हमास युद्ध को लगभग एक साल होने वाला है। हुती विद्रोही लाल सागर से यात्रा करने वाले जहाजों को निशाना बनाते रहे हैं और अमेरिका के नेतृत्व वाले हवाई हमलों ने यमन में हुती की स्थिति को प्रभावित किया है।

# नेपाल में बाढ़, भूस्खलन से 200 लोगों की मौत

- 30 लोग अब भी लापता हिमालयी राष्ट्र में तबाही

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर लगभग 200 हो गई जबकि कम से कम 30 लोग अब भी लापता हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पिछले शुक्रवार से लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ आई और जगह जगह भूस्खलन हुआ, जिससे हिमालयी राष्ट्र में तबाही मच गई। नेपाल पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि लगातार हो रही बारिश, बाढ़, भूस्खलन और पानी भर जाने की वजह से कम से कम 192 लोग मारे गए हैं।

उन्होंने बताया कि इस आपदा में देश भर में 194 अन्य लोग घायल भी हुए हैं, जबकि 30 अन्य लापता हैं। सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में रविवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भारी बारिश के कारण आई आपदा के दौरान बचाव, राहत और पुनर्वास प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया गया।गृह मंत्रालय ने कहा कि बाढ़ और भूस्खलन के बाद राहत कार्यों के लिए सभी सुरक्षा एजेंसी को तैनात किया गया है और नेपाल सेना, नेपाल पुलिस एवं सशस्त्र पुलिस बल के कर्मियों ने अब तक लगभग 4,500 आपदा प्रभावित व्यक्तियों को बचाया है। घायलों का मुफ्त उपचार कराया जा रहा है और बाढ़ से प्रभावित अन्य लोगों को भोजन और अन्य आपातकालीन राहत सामग्री प्रदान की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्राकृतिक आपदा के बाद काठमांडू में सैकड़ों लोग भोजन, सुरक्षित पेयजल और गंदगी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। भूस्खलन के चलते प्रमुख राजमार्गों के अवरुद्ध होने के कारण देश के अन्य जिलों और भारत से सब्जियों की आवक अस्थायी रूप से बाधित हुई है जिससे बाजार में कीमतें भी बढ़ गई हैं।



बाढ़ पीड़ितों को रेस्क्यू करते हुए।

## जापान में 27 अक्टूबर को चुनाव कराने की योजना बना रहे हैं इशिबा

**टोक्यो।** जापान के नए प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने सोमवार को कहा कि वह पदभार ग्रहण करने की तैयारी के तहत 27 अक्टूबर को आम चुनाव कराने की योजना बना रहे हैं। इशिबा ने कहा कि संसद का निचला सदन 09 अक्टूबर को भंग हो जाएगा। उन्होंने जल्द से जल्द जनता का जनादेश प्राप्त करने के महत्व पर जोर दिया। पूर्व रक्षा मंत्री इशिबा (67) ने शुक्रवार को आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को मामूली अंतर से हराकर देश की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) का नेतृत्व प्राप्त करने में कामयाबी हासिल की। एलडीपी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने जापान में संसद के दोनों सदनों में बहुमत हासिल कर लिया है, इसलिए पार्टी के नए प्रमुख के रूप में इशिबा को मंगलवार को एक असाधारण डाइट सत्र में प्रधानमंत्री चुना जाना तय है।

# डेमोक्रेट्स चुनाव जीतने पर संविधान कर सकते हैं नष्ट

- अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क ने व्यक्त की चिंता

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क ने सोमवार को कहा कि आगामी पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी अगर जीत हासिल करती है तो अमेरिका के संविधान को नष्ट कर देगी। मस्क राष्ट्रपति के विशेष दूत जॉन केरी के इस कथन को देश के मुख्य कानून के लिए खतरा मानते हैं कि अमेरिकी संविधान भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से निपटने में बाधक है।

उन्होंने कहा कि केरी ने पहले चिंता जतायी थी कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देने वाला अमेरिकी संविधान का पहला संशोधन सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से निपटने में बाधक है। एक एक्स यूजर ने केरी के भाषण पर एक लेख के शीर्षक का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया और कहा कि अगर डेमोक्रेट जीत गये, तो यह आखिरी चुनाव होगा। मस्क ने एक्स पर इसे 'रि-पोस्ट' करते हुए कहा और वे संविधान को नष्ट कर देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटस की ओर से मौजूदा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस चुनाव लड़ रही है जबकि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार हैं।



## ब्रिटेन का आखिरी कोयला बिजली संयंत्र हुआ बंद

**लंदन।** ब्रिटेन का आखिरी कोयला आधारित बिजली संयंत्र सोमवार को बंद हो जाएगा, जिससे देश में औद्योगिक क्रांति को जन्म देने वाली कोयला विद्युत की 142 साल पुरानी व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। मध्य इंग्लैंड स्थित 'रैटक्लिफ-ऑन-सोर स्टेशन' अपनी अंतिम पाली के साथ आधी रात से हमेशा के लिए विराम ले लेगा। ब्रिटेन सरकार ने 2030 तक देश के लिए समूची ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से उत्पन्न करने के प्रयासों में एक मील के पत्थर के रूप में कोयला आधारित बिजली संयंत्र के बंद होने की सराहना की। ऊर्जा मंत्री माइकल शैंक्स ने कहा, संयंत्र का बंद होना एक युग के अंत का प्रतीक है और कोयला श्रमिक 140 वर्षों से अधिक समय से हमारे देश को बिजली प्रदान करने वाले अपने काम पर गर्व कर सकते हैं। एक देश के रूप में हम पीढ़ियों के प्रति ऋणी हैं।

# दुर्गा पूजा का विरोध वाले बयान पर चिंता व्यक्त की

- कट्टरपंथी इस्लामी समूह इंसाफ कायमकारी छात्र-जनता की 16 सूत्री मांग की आलोचना की
- हिंदुओं को दुर्गा पूजा मनाने या किसी भी मूर्ति पूजा में शामिल होने के खिलाफ चेतावनी दी गई

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद ने देश में दुर्गा पूजा समारोहों का विरोध करने वाले कट्टरपंथी इस्लामी समूह, इंसाफ कायमकारी छात्र-जनता के बयानों पर चिंता व्यक्त की है। मीडिया रिपोर्टों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, परिषद ने मीडिया के लिए जारी बयान में इंसाफ कायमकारी छात्र-जनता की 16 सूत्री मांग की आलोचना की है, इस 16 सूत्री मांग में उन्होंने हिंदुओं को दुर्गा पूजा मनाने या किसी भी मूर्ति पूजा में शामिल होने के खिलाफ चेतावनी दी है। काउंसिल ने बयानों और मांगों के जरिए देश में सांप्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने वालों को तुरंत हिरासत में लेने की मांग की है।

### परिषद ने दी चेतावनी

परिषद ने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो हिंदू समुदाय दुर्गा पूजा के आयोजन से हतोत्साहित हो सकता है। परिषद ने उल्लेख किया कि ऐसी मांगें और बयान मानवाधिकारों के खिलाफ हैं और धार्मिक आयोजन करने के अधिकारों का उल्लंघन करते हैं।

## कोशिका प्रतिरोपण से टाइप 1 मधुमेह को ठीक करने का दावा

**बीजिंग।** चीनी वैज्ञानिकों ने मूल कोशिका (स्टेम सेल) प्रतिरोपण के माध्यम से 'टाइप-1' मधुमेह के एक पुराने रोगी को ठीक करने का दावा किया है और इसे विश्व भर में अपनी तरह का पहला मामला बताया गया है। चीनी समाचार पत्र 'द पेपर' की रिपोर्ट के अनुसार, 25 वर्षीय एक महिला एक दशक से अधिक समय से इस बीमारी से पीड़ित थी लेकिन छोटे से ऑपरेशन के जरिए कोशिका प्रतिरोपण के लगभग ढाई महीने बाद वह अपने रक्त शर्करा स्तर को प्राकृतिक तरीके से नियंत्रित करने में सक्षम है। इस ऑपरेशन में सिर्फ आधे घंटे का समय लगा। यह ऑपरेशन करने वाली टीम ने पिछले सप्ताह पत्रिका सेल में अपने निष्कर्ष प्रकाशित किए।



# इमरान पर आतंकवाद का नया मामला दर्ज

- रावलपिंडी के लियाकत बाग इलाके में प्रदर्शन के बाद तीन नए मामले दर्ज किए गए

इस्लामाबाद, एजेंसी

रावलपिंडी के लियाकत बाग इलाके में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के आह्वान पर किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद पंजाब पुलिस ने उनके खिलाफ शनिवार को तीन नए मामले दर्ज किए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री पहले से ही जेल में बंद हैं।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार पीटीआई के संस्थापक पर रविवार को खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर और पार्टी अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर खान के साथ आतंकवाद रोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। रावलपिंडी के न्यू टाउन और सिविल लाइंस पुलिस थानों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों में हत्या के प्रयास, धारा 144 के उल्लंघन और अन्य आतंकवाद से संबंधित अपराधों के आरोप भी शामिल थे। एक वर्ष से अधिक समय से जेल में बंद इमरान खानने अपने समर्थकों को राष्ट्रीय संस्थाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए उकसाया और जेल से निर्देश जारी किए।



## 17 भारतीय मछुआरे श्रीलंका की गिरफ्त में

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ने के आरोप में 17 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी नौकाएं जब्त कर लीं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी देते हुए बताया गया है कि इन 17 मछुआरों को मिला कर इस साल द्वीप राष्ट्र में ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या 413 हो गई है। श्रीलंकाई नौसेना ने बताया कि मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और रविवार को मन्नार के उत्तर में उनकी दो नौकाएं जब्त की गईं। नौसेना ने भारतीय मछुआरों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया। इसमें कहा गया है कि पकड़े गए 17 मछुआरों को तलाईमन्नार पियर ले जाया गया और आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें मन्नार मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा।


**खगोल विज्ञान** | कैमरे में कैद करने की पूरी दुनिया में होड़ लगी

# आसमान मे चमक बिखेरने लगा है धूमकेतु ए 3

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** धूमकेतु ए 3 त्सुचिंशान-एटलस का नजर आना शुरू हो गया है। सुबह के आसमान में प्रभावशाली ढंग से चमक बिखेर रहा है। इसकी चमक बढ़ने को लेकर खगोल के प्रति रूचि रखने वाले दुनियाभर के खगोलप्रेमी व धूमकेतुओं पर अध्ययन कर रहे वैज्ञानिकों के बीच इस धूमकेतु को कैमरे में कैद करने की होड़ लगी हुई है। इस धूमकेतु के जुलाई में विखण्डित होने की खबर आई थी।

यह क्षतिग्रस्त हो चुका था और नज़र आना भी बंद हो गया था। घटना बेहद निराश करने वाली थी। मगर अब पुनः नजर आने लगा है। 27 सितंबर को सूर्य के सबसे करीब पहुंच गया था। अब वापस लौट रहा है। अब यह धूमकेतु 12 अक्टूबर को पृथ्वी के सबसे करीब होगा। उम्मीद है कि तब वह सुबह की जगह शाम को नजर आने लगेगा। अक्टूबर में इसकी चमक में काफी बढ़ोतरी होने की संभावना जताई जा रही है। संभव है कि तब इसे कोरी आंखों से देखा जा सकेगा। फिलहाल यह धुंधला नजर आ रहा है और इसे देखने के लिए दूरबीन की सहायता लेनी पड़ेगी।



यूएई से कैमरे में कैद धूमकेतु ए3।

### नष्ट होने से बच गया ए 3 त्सुचिंशान-एटलस

**नैनीताल :** धूमकेतु ए 3 त्सुचिंशान-एटलस बेहद भाग्यशाली माना जा रहा है। जुलाई में टूटकर बिखर चुका था। जिसने जबरदस्त वापसी की। मगर 27 सितंबर को सूर्य के करीब पहुचने पर इसके पुन: नष्ट होने की आशंका बनी हुई थी। दरअसल सूर्य के नजदीक पहुचने पर संभव था कि वह सूर्य के आकर्षण में हजार भीषण ताप में समा जाता और सदा के लिए समाप्त हो जाता। मगर यह यह बच निकला। अब इसके धरती के करीब पहुचने का इंतजार है।